31–3–89 तक इस खाते में 1359.83 रू० का अतिशेष 1985–86 से वसूलीय है। इस पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

13.00 विविध लेनदार

13.01 विविध लेनदारों में 1982–83 से पूर्व के और 1982–83 से आगे के भी कुछ बहुत पुराने अतिशेष भी हैं। यदि इन रकमों के लिए कोई दावा नहीं किया जाता है तो उनके लिए कार्यपालक समिति का अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात उन्हें बटटे खाते में डाल दिया जाना चाहिए।

14.00 भवन निधि और भवन निधि विनिधान

14.01 भवन निधि विनिधान 41,10,855.26 रु० है जबकि भवन निधि अतिशेष 23,82,137.23 रु० है। यह अंतर वर्ष 1988–89 के दौरान 7,50,000 रु० और वर्ष 1987–88 के दौरान 12,50,000 रू० के भारतीय विधिज्ञ परिषद न्यास से प्राप्त उधार में उपलब्ध कराई गई निधियों के विनिधान के कारण हुआ है। भवन निधि खाते में 2,71.281.97 रू० की अधिक रकम वह रकम है जो परिषद द्वारा भवन निधियों में से लिया गया ऋण है और जिसे अलग से नहीं दिखाया गया है।

14.02 परिषद ने वर्ष के दौरान भवन निर्माण के व्ययों को पूरा करने के लिए 10,75,000 रू० के नियतकालिक निक्षेप भुनाए हैं। 31 मार्च, 1989 को नियतकालिक निक्षेप का अतिशेष 6,50,000 रू० था।

14.03 कार्य की प्रगति में गत वर्ष बनाई गई दीवार की लागत भी है जो 2,48,585 रू० है।

14.04 नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कारपोरेशन (एन० बी० सी० सी०) द्वारा की गई प्रस्थापना के निबंन्धनों के अनुसार (देखिये उनका पत्र सं० 88/डी०/87/488, दिनांक (4–11–87) और परिषद द्वारा करार किए गए अनुसार एन० बी० सी० सी० निर्माण में प्रयुक्त सीमेंट और इस्पात की मात्रा के लिए अपने बिलों में निम्नलिखित दरों पर प्रत्यय देगा।

(I) सीमेंट 1400 रु० प्रति मी० ट० (अर्थात 70 रु० प्रति बोरी)

(II) इस्पात 6,600.00 रु० प्रति टन (एच०वाई०ई०एस०डी० शलाकाएं)

14.05 परिषद ने एन० बी० सी० सी० द्वारा प्रतिस्थापित उपर्युक्त दरों के आधार पर इस्पात और सीमेंट के बन्द स्टाक का मूल्यांकन किया है।

31 मार्च, 1989 को इस्पात का अंत अतिशेष 2200 मी० ट० था। इसका मूल्य 37,158 रू० है किंतु एन० बी० सी० सी० द्वारा प्रस्थापित दरों के आधार पर उसका मूल्य 14,520 रू० (अर्थात 2,200 × 6,600 रू०) आंका गया अतः 22638 रू० का अंतर कार्य प्रगति खाते में विकलित किया गया।

इसी प्रकार 31 मार्च को स्टाक में 1089 बोरी सीमेंट का मूल्य 54,277.90 रू० था किंतु एन० बी० सी०सी० दरों के अनुसार उसका मूल्य 76230 रू० (अर्थात 70 रू० × 1089) आंका गया अतः लाभ को कार्य प्रगति खाते में जमा किया गया है।

मूल्यांकन के इस आधार का अनुमोदन कार्यपालक समिति द्वारा किया जाए।

14.06 1089 बोरी सीमेंट के बंद स्टाक में 127 बोरी सीमेंट भी सम्मिलित हैं जिन्हें मैसर्स बिरला जूट और सीमेंट इंडस्ट्री से अभी प्राप्त करना है। उनकी कीमत पहले ही अदा की जा चुकी है।

14.07 बचत बैंक खाता, यूको बैंक (भवन निधि खाता)

रोकड़ बहीं के अनुसार अतिशेष 7,05,372.21 रु० है जबकि पास बुक के अनुसार अतिशेष 7,06,122.21 रु० है। अन्तर 10–3–87 को जारी 750 रु० के एक चैक (चैक रु० 600317) के कारण है जो आज तक प्रस्तुत नहीं किया गया है।

वर्ष 1989–90 के दौरान उसके लिए आवश्यक प्रविष्टि की जानी चाहिए।

15.00 आय कर निर्धारण

15.01 परिषद की ब्याज आय के आय कर निर्धारण की स्थिति निम्नलिखित है :—

जैसा कि हमारी पिछली लेखा परीक्षा रिपोर्ट में वर्णित है आय-कर विभाग ने निर्धारण वर्ष 1964–65 से 1974–75 और 1980–81, 1982–83 और 1983–84 के लिए आय कर आयुक्त (अपील) के आदेश के विरूद्ध अधिकरण के समक्ष एक अपील फाइल की थी जिसके लिए तारीख 9–6–1988 नियत की गई थी। अधिकरण ने आय–कर आयुक्त (अपील) द्वारा परिषद के पक्ष में पारित आदेश का अपास्त कर दिया और उसे निदेश दिया कि निर्धारण करने वाले अधिकारी को युक्ति युक्त अवसर देने तथा लिए गए निर्णय के समर्थन में समुचित कारण अभिलिखित करने के पश्चात मामले का पुनर्विनिश्चय करे।

सहायक आय-कर आयुक्त द्वारा निर्धारण वर्ष 1986–87, 1987–88 और 1988–89 के लिए निर्धारण पूरा किया गया और आय कर विभाग द्वारा 10,71,453.00 रू०, 2,28,543 रू० और 1,77,246 रू० की मांग की गई जिसके विरूद्ध परिषद ने 9–3–89 को आय कर आयुक्त (अपील) के समक्ष अपीलें फाइल की और मामला अभी भी लंबित है। इसके अतिरिक्त निर्धारण वर्ष 1985–86 के लिए जिसके लिए निर्धारण पूरा किया जा चुका था, और 2,17,827 रू० की मांग की गई थी, परिषद ने 6–4–1988 को आय कर आयुक्त (अपील) के समक्ष अपील फाइल की थी। मामला अभी भी लंबित है।

अन्त में हम लेखा परीक्षा के दौरान हमें दिए गए सहयोग के लिए अपनी प्रशंसा अभिलिखित करना चाहेंगे।

भवदीय,
हस्ता०/-
चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट
एस० एम० श्री वास्तव,
सचिव
भारतीय विधिज्ञ परिषद

हस्ता०/-
आर०एन० टंडन,
लेखा अधिकारी
भारतीय विधिज्ञ परिषद

भारतीय विद्युत परिषद

तुलनपत्र 31-3-89 के अनुसार

31-3-88 तक (रु०)	दायित्व		रकम (रु०)	31-3-88 को (रु०)	आस्तियां		रकम (रु०)
23,89,472.93	आरक्षित निधि			1,65,231.00	स्थिर आस्तियां		
	पिछले तुलन पत्र से	23,89,472.93			लागत पर अवक्षयण घटाकर अनुसूची "क" के अनुसार		1,47,236.00
	घटाइये : आय और व्यय लेखा अन्तरित, वर्ष का घाटा	6,65,426.26	17,24,046.67	15,50,000.00	विनिधान खाता (आरक्षित निधि)		
10,74,125.09	भविष्य निधि खाता				राष्ट्रीयकृत बैंक/पब्लिक सेक्टर	3,00,000.00	
	पिछले तुलन पत्र से	10,74,125.09			उपक्रम में सावधिक जमा	1,50,000.00	4,500,00.00
	जोड़िये : अभिदाय	49,412.00					
	जोड़िये : चन्दा	49,412.00		10,74,125.09	भविष्य निधि विनिधान खाता		
	जोड़िये : स्वैच्छिक अभिदाय	8,400.00			डाकघर बचत बैंक खाता में	2,55,668.97	
	जोड़िये : जमा ब्याज	47,356.67			डाकघर सावधिक निक्षेप खाता में	2,50,000.00	
	जोड़िये : दिया गया उपाप्त ब्याज	46,706.26	12,75,412.02		विशेष जमा बचत बैंक खाता में	5,00,000.00	
					उपाप्त ब्याज	47,987.26	
4,48,985.44	उपदान निधि खाता				भविष्य निधि अग्रिम खाता	17,905.79	
	पिछले तुलन पत्र से	4,58,985.44			स्थाई आहरण	2,03,850.00	12,75,412.02
	जोड़िये : जमा ब्याज	13,862.45		4,48,985.44	उपदान निधि विनिधान खाता		
	जोड़िये : उपाप्त ब्याज	15,964.09			यूको बैंक के बचत खाता में	1,63,889.89	
	जोड़िये : वर्ष के दौरान अभिदाय	98,676.00	5,77,487.98		यूको बैंक के खाता नियतकालिक निक्षेप खाता में	50,000.00	
81,888.57	लेनदार				विशेष खाता में	2,50,000.00	
24,601.00	डी० सी० लागत (उचन्त) फीस खाता				डाकघर के नियतकालिक निक्षेप खाते में	95,000.00	
	पिछले तुलनपत्र से	24,601.00			उपाप्त ब्याज	18,598.09	5,77,487.98
	जोड़िये : वर्ष के दौरान परिवर्धन	7,755.00		95,390.18	चालू आस्तियां		
		32,356.00			विनिधान पर उपाप्त ब्याज	2,499.60	
	घटाइये : वर्ष के दौरान संदाय	4,625.00	27,731.00		नकद हाथ में	1,294.91	
3,666.65	सहायता अनुदान (विघ और निर्धनता पुस्तक)				यूको बैंक के बचत बैंक खाता (148) में	752.47	
	पिछले तुलन पत्र से	3,666.65			यूको बैंक के बचत बैंक विशेष खाता (1951) में	934.58	
	जोड़िये : चेक की रकम जिसका दावा नहीं किया गया	1,000.00	4,666.65		यूको बैंक के चालू खाता में	—	
					भारतीय स्टेट बैंक के चालू खाता में	26,862.13	32,343.69

2,15,748.20	कल्याण निधि खाता		
	पिछले तुलन पत्र से	2,15,748.20	
	जोड़िये वर्ष के दौरान	1,62,819.20	
	जोड़िये ब्याज, वर्ष के दौरान	14,723.10	
		3,93,290.50	
	घटाइय व्यय, वर्ष के दौरान	20,521.90	3,72,768.60
	भवन निधि लेखा		
22,00,165.43	पिछले तुलन पत्र से	22,00,165.43	
	जोड़िये :विनिधान पर ब्याज	1,75,206.95	
	जोड़िये ओ एस०	35,125.55	
		24,10,497.93	
	घटाइये : व्यय	28,370.70	23,82,137.23
	भारतीय विधिज्ञ परिषद न्याय से उधार		
12,50,000.00	पिछले तुलन पत्र से	12,50,000.00	
	जोड़िये : वर्ष के दौरान	7,50,000.00	20,00,000.00
	यूको बैंक से ओवर ड्राफ्ट		76,321.63

9,42,637.09	उधार अग्रिम और अन्यान्य ऋणी		
	कर्मचारियों को उधार पर बकाया		
	ब्याज	63,763.85	
	कर्मचारियों को उधार	1,65,552.30	
	अग्रिम, डाक महसूल, अग्रदाय	27,601.00	
	टेलीफोन और अन्य निक्षेप	20,867.00	
	अन्यान्य ऋणी	11,53,011.00	
	अन्याय ऋणी (ब्यास)	1,04,301.69	
	अन्यान्य ऋणी अन्य	4,897.50	
	पूर्व संदत्त व्यय	612.00	15,39,606.34
8,270.00	पुन: मुद्रित स्टाक "अधिनियम"		
	पिछले तुलन पत्र से	8,270.00	
	जोड़िये :वर्ष के दौरान वृद्धि	—	
	घटाइये : वर्ष के दौरान विक्रय	525.00	7,745.0
8,173.70	उचत खाता		1,359.83
7,304.15	पुन: मुद्रित स्टाक "नियम" खाता		
	पिछले तुलन पत्र से	7,304.15	
	जोड़िये : वर्ष के दौरान	4,294.00	
		11,598.65	
	घटाइये : वर्ष के दौरान विक्रय	2,205.00	9,393.65
2,268.00	स्रोत पर काटा गया कर खाता		
	पिछले तुलन पत्र से		2,268.00
2,12,610.20	कल्याण निधि विनिधान खाता		
	यूको बैंक के बचत बैंक खाते में	3,68,708.00	
	उपाप्त ब्याज	4,000.00	3,72,708.00

31-3-88 को (रु०)	दायित्व	रकम (रु०)	31-3-88 को (रु०)	आस्तियां		(रकम रु०)
			31,74,258.46	भवन निधि विनिधान खाता		
				(क) नकद हाथ में	295.85	
				(ख) इण्डियन बैंक मे सावधिक जमा	6,50,000.00	
				यूको बैंक में बचत बैंक खाता	7,05,372.21	
				(ग) प्रोद्भूत ब्याज	2,22,025.00	
				(घ) संग्रहण अग्रिम एन० बी० सी० सी०	6,50,221.00	
				(ङ) चालू कार्य	17,92,191.20	
				(च) प्राप्त सामग्री की लागत हाथ में	907,50.00	41,10,855.26
76,88,653.31		85,26,416.37	76,88,653.31			85,26,416.37

इसी तारीख की हमारी रिपोर्ट के अनुसार
जांच की और सही पाया ।
हस्त० —
(ठाकुर, वैद्यनाथ अय्यर एण्ड कं०)
चार्टर्ड अकाउंटेंट्स

हस्ता/—
आर० एन० टण्डन,
लेखा अधिकारी
भारतीय विधिज्ञ परिषद्

हस्ता०/—
एस० एम० श्रीवास्तव,
सचिव
भारतीय विधिज्ञ परिषद्

मोहर

आय और व्यय लेखा

31 मार्च, 1989 समाप्त वर्ष

पूर्व वर्ष (रु०)	व्यय	इस वर्ष (रु०)	पूर्व वर्ष (रु०)	आय	इस वर्ष (रु०)
4,87,084.48	स्थापन (वेतन)	5,78,768.45	9,13,270.00	राज्य विधिज्ञ परिषद्ों के नामांकन फीस	1,54,711.00
25,635.05	अतिकाल भत्ता	—	2,73,510.00	विनिधानों पर ब्याज (जिसमें बचत बैंक खातों पर ब्याज भी सम्मिलित है)	98,030.58
39,058.75	कर्मचारियों को चिकित्सा प्रतिपूर्ति	41,919.00			
6,612.00	छुट्टी यात्रा रियायत	4,459.00	5,041.60	उधार और अग्रिमों पर ब्याज (कर्मचारिवृंद खाता)	19,370.44
42,575.00	भविष्य निधि खाता में परिषद् का चन्दा	48,847.00	5,427.50	अनुशासनिक कार्यवाहियां और अन्य फीसें	5,408.00
38,170.00	उपदान निधि खाता में परिषद् का चन्दा	50,430.00	—	प्रकीर्ण आय	959.45
19,911.40	यात्रा और सवारी कर्मचारिवृन्द सवारी	30,311.35	5,54,574.00	तुलन पत्र में आय में अन्तरित व्यय का आधिक्य	6,65,426.26

2,38,746.00	परिषद्	1,62,434.55			
12,273.00	अन्य समितियां	—			
34,401.00	विधि शिक्षा समिति	50,532.25			
3,72,328.90	अनुशासन समिति	5,95,570.00			
116.00	कार्पिय प्रभार	—			
62,728.83	मुद्रण और लेखन सामग्री	52,096.38			
1,05,950.48	डाक महसूल, तार और टेलीफोन	51,101.75			
21,000.00	किराया	21,000.00			
11,222.31	जल और विद्युत	14,806.12			
8,812.00	विज्ञापन/राजपत्र अधिसूचना	6,727.00			
7,662.38	साधारण मरम्मत	9,603.50			
32,293.00	न्यायालय कार्यवाही/आय-कर कार्यवाही	26,568.00			
15,562.72	बैठक कार्यवाही	25,414.50			
2,467.40	बार एसोसिये शन इन्टरनेशनल) अभिदाय	1,128.00			
	पत्र पत्रिकायें और जर्नल	574.00			
1,750.00	संपरीक्षकों को मानदेय	3,000.00			
12,733.75	अवक्षयण	29,533.00			
—	शिलान्यास समारोह व्यय	1,605.47			
6,379.00	रात्रि भोज व्यय	—			
7,248.66	प्रतिनिधि फीस मद्दे	—			
7,000.00	मठन व्यय	2,500.00			
972.50	जरत जयन्ती समारोह व्यय	—			
42.00	अग्नि बीमा	42.00			
345.00	कन्वेंशन मद्दे	4,036.00			
30,836.35	प्रकीर्ण व्यय मद्दे	5,897.51			
16,51,822.96	योग	18,43,905.73	16,51,822.96	योग	18,43,905.73

इसी दिन की हमारी रिपोर्ट
के अनुसार चैक किया और सही पाया
हस्ता०/— ठाकुर वैद्यनाथ अय्यर एण्ड
कम्पनी
चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट

हस्ता०/—

आर० एन० टण्डन,
लेखा अधिकारी,
भारतीय विधिज्ञ परिषद्।

हस्ता०/—

एस० एम० श्रीवास्तव,
सचिव
भारतीय विधिज्ञ परिषद्

(सील)

स्थान : नई दिल्ली

ठाकुर वैद्यनाथ अय्यर एंड कं०
चार्टर्ड एकाउन्टैन्टस,
नई दिल्ली, कलकत्ता, मुम्बई,
मद्रास, पटना और चंडीगढ़ नई दिल्ली-2

दिनांक 27 अगस्त, 1990,

कार्यपालक समिति
भारतीय विधिज्ञ परिषद्

निदेश : 31 मार्च, 1990 को समाप्त वर्ष के लिए भारतीय विधिज्ञ परिषद् के लेखाओं की लेखा परीक्षा।

हमने 31 मार्च, 1990 को समाप्त वर्ष के लिए भारतीय विधिज्ञ परिषद् के लेखाओं की लेखा परीक्षा कर ली है और हम 31 मार्च, 1990 को समाप्त वर्ष के लिए आय और व्यय लेखाओं सहित 31 मार्च, 1990 की स्थिति के अनुसार तुलन-पत्र की चार प्रतियां इसके साथ भेज रहे हैं ।

हमारे संप्रेषण निम्नानुसार हैं :—

1.0 कार्यगत परिणाम

1.1 इस वर्ष के अन्त में घाटा 7,48,432.76 रु० रहा जबकि 31 मार्च, 1989 को समाप्त पूर्व वर्ष के दौरान यह घाटा 6,65,426.26 रु० था ।

1.2 घाटा में वृद्धि मुख्यत: गत वर्ष की ब्याज की आय के 98,030.55 रु० से घटकर चालू वर्ष में 3,232.11 रु० रह जाने के कारण हुई। यह इस तथ्य के कारण हुई कि परिषद् ने अपने खर्चों को पूरा करने के लिए 4,50,000/– रु० के नियत कालिक निक्षेप भुना लिए थे।

2.0 नामांकन फीस

2.1 विभिन्न राज्य विधिज्ञ परिषदों से चालू वर्ष के लिए नामांकन फीस के रूप में वर्ष के दौरान 3,93,750.00 रु० की राशि प्राप्त हुई। बकाया नामांकन फीसों के लिए 5,32,935.00 रु० का प्रावधान किया गया है, जिसका ब्यौरा निम्नानुसार है :—

राज्य विधिज्ञ परिषद् का नाम	प्रावधान
1. महाराष्ट्र	90,000.00
2. पंजाब और हरियाणा	40,000.00
3. हिमाचल प्रदेश	5,500.00
4. दिल्ली	41,385.00
5. केरल	28,000.00
6. उड़ीसा	36,000.00
7. कर्नाटक	48,750.00
8. उत्तर प्रदेश	21,00,000.00
9. मध्य प्रदेश	43.000.00
	5,32,935.00

2.2 निम्नलिखित नामांकन फीस बकाया है :

राज्य विधिज्ञ परिषद्	रकम (रु०)
1. हिमाचल प्रदेश	11,875.00
2. कर्नाटक	45,000.00
3. उत्तर प्रदेश	2,00,000.00
4. पंजाब और हरियाणा	1,72,425.00
5. दिल्ली	35,630.00
6. उड़ीसा	39,000.00
	5,06,980.00

2.3 पंजाब और हरियाणा विधिज्ञ परिषद् द्वारा वर्ष 1972–73 से 1986–87 तक के लिए भेजी गई लेखा–परीक्षा रिपोर्टों के आधार पर परिषद् ने बकाया नामांकन फीस के लिए 1,01,275.00 रु० का और प्रावधान किया है जो लेखा-परीक्षा रिपोर्ट के अनुसार वास्तव में देय नामांकन फीस और पूर्व वर्णित वर्षों के दौरान परिषद् द्वारा किए गए प्रावधान के बीच का अंतर है ।

2.4 अधिवक्ता अधिनियम, 1961 की धारा 12 (3) के अनुसार राज्य विधिज्ञ परिषदों से पश्चातवर्ती वर्ष की 31 दिसम्बर तक भारतीय विधि परिषद् को अपने लेखाओं की एक प्रति और इसके साथ लेखा–परीक्षकों की रिपोर्ट की एक प्रति भेजने की अपेक्षा की जाती है।

2.5 यह देखा गया कि निम्नलिखित राज्य विधिज्ञ परिषदों ने लेखा-परीक्षा की तारीख तक, नीचे वर्णित वर्षों के लिए अपने लेखा–परीक्षित लेखे नहीं भेजे हैं :—

राज्य विधिज्ञ परिषद् का नाम	वर्ष
1. कर्नाटक	1985–86, 1986–87, 1987–88, 1988–89
2. उत्तर प्रदेश	1985–86, 1986–87, 1987–88, 1988–89
3. असम	1986–87, 1987–88, 1988–89
4. मध्य प्रदेश	1986–87, 1987–88, 1988–89
5. गुजरात	1987–88, 1988–89
6. हिमाचल प्रदेश	1987–88, 1988–89
7. उड़ीसा	1987–88, 1988–89
8. बिहार	1987–88, 1988–89
9. केरल	1987–88, 1988–89
10. महाराष्ट्र	1987–88, 1988–89
11. पश्चिमी बंगाल	1987–88, 1988–89

2.6 भारतीय विधिज्ञ परिषद् को संदेय वार्षिक फीस राज्य विधिज्ञ परिषदों की आय के प्रति निदेश से अवधारित की जाती है अतः संपरीक्षित लेखा प्राप्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए।

3.0 अग्रिम धन

3.1 हमारा मत है कि 1986–87, 1987–88, 1988–89 के दौरान दिए गए कुछ अग्रिमों की आज तक वसूली नहीं की गई है। इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

4.0 अन्यान्य ऋणी

4.1 अन्यान्य ऋणियों में वे राज्य विधिज्ञ परिषदें सम्मिलित हैं जिनसे अधिवक्ता अधिनियम की धारा 46 के अधीन नामांकन फीस मद्दे 10,39,915.00 रु० की रकम वसूलीय है।

4.2 1986–87 से 615.00 रु० की राशि और 1987–88 से 109.00 रु० की राशि बकाया है। इन रकमों की शीघ्र वसूली के लिए आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए, या उनके मुजरे के लिए अध्यपेक्षित संस्वीकृति प्राप्त की जानी चाहिए।

5.0 स्रोत पर काटा गया कर

5.1 जैसा कि पहले रिपोर्ट किया गया है, यह रकम बहुत पुरानी है और आय-कर विभाग से वसूलीय है। उसका शीघ्र प्रतिदाय कराने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए।

6.0 सहायता अनुदान (विधि और निर्धनता पुस्तक)

6.1 30–3–90 को इस मद्दे 4,666.65 रु० की रकम बकाया है। चूंकि इस रकम का उपयोग पिछले छह वर्षों से नहीं किया गया है अतः इसे विधि मंत्रालय को वापस कर दिया जाना चाहिए।

7.0 विनिधान से ब्याज

7.1 वर्ष के दौरान, परिषद् ने अपने खर्चों को पूरा करने के लिए 4,50,000.00 रु० की नियतकालिक निक्षेप रसीदें भुना ली है। इसके परिणामस्वरूप ब्याज की आय 1988–89 में 98,030.58 रु० से घटकर चालू वर्ष के दौरान 3232.71 रु० रह गई है।

8.0 स्थिर आस्तियां

8.1 परिषद् ने वर्ष के दौरान निम्नलिखित आस्तियां खरीदें हैं :

1. कार्यालय उपस्कर	550 रु०
2. पुस्तकें और प्रकाशन	939 रु०

इनका अनुमोदन किया जाए।

अवक्षयण, आय-कर अधिनियमम, 1961 के अधीन निहित की गई दरों पर दिया गया है।

9.0 उचंत खाता

9.1 उचंत खाते में मैसर्स नाइस एड्स से 1988–89 में प्राप्त 1000.00 रु० की रकम है, इसके अतिरिक्त 1986–87 से विभिन्न व्यक्तियों के जमा खाते में 474.90 रु० की रकम पड़ी है। इसके लिए आवश्यक प्रविष्टियां की जानी चाहिए। 1988–89 में 694.00 रु० की और 1989–90 में 40.00 रु० की रकम उचंत खाते में जमा की गई है जो यूको बैंक द्वारा अधिक जमा की गई रकम है। इस पर कार्यवाही की जानी चाहिए। श्री भारत भूषण से 20 रु० और श्री ए० पी० मुल्ला से 30.00 रु० की कुछ रकमें हुई हैं। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि ये रकमें किस मद्दे प्राप्त की गई हैं और उन्हें उचित लेखा शीर्ष में अंतरित किया जाना चाहिए।

10.0 विविध लेनदार

10.1 विविध लेनदारों में 1982–83 से पहले के कुछ बहुत पुराने अतिशेष भी हैं। यदि इन रकमों के लिए कोई दावा नहीं किया जाता है तो उनके लिए कार्यपालक समिति का अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात् उन्हें बट्टे खाते में डाल दिया जाना चाहिए।

11.0 भवन निधि और भवन निधि विनिधान

11.1 भवन निधि विनिधान 53,53,407 रु० है जबकि भवन निधि में बकाया रकम 25,41,112 रु० है। यह अंतर भारतीय विधिज्ञ परिषद् न्यास से प्राप्त 30,83,576.00 रु० के ऋण में से उपलब्ध की गई निधि के निवेश के कारण पूरा हुआ है। भवन निधि खाते में 2,71,281 रु० की अधिक रकम वह रकम है जब परिषद् द्वारा भवन निधियों में से लिया गया ऋण है और जिसे अलग से नहीं दिखाया गया है।

11.2 परिषद् ने वर्ष के दौरान भवन निर्माण के व्ययों को पूरा करने के लिए 6,50,000 रु० के नियतकालिक निक्षेप भुनाए हैं। 31 मार्च, 1990 को नियतकालिक निक्षेप मद्दे अतिशेष शून्य था।

11.3 कार्य की प्रगति में चारदीवारी की लागत भी है जो 2,48,585 रु० है।

11.4 नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कारपोरेशन (एन० बी० सी० सी०) द्वारा की गई प्रस्थापना के निबंधों के अनुसार (देखिए उसका पत्र सं० 88/डी०/87/488, दिनांक 4–11–1987) और परिषद् द्वारा किए गए करार के अनुसार एन० बी० सी० सी० निर्माण में प्रयुक्त सीमेंट और इस्पात की मात्रा के लिए अपने बिलों में निम्नलिखित दरों पर प्रत्यय देगा :—

(i) सीमेंट	1400 रु० प्रति मी० टन (अर्थात 70.00 रु० प्रति बोरी)
(ii) इस्पात	6,600.00 रु० प्रति टन.

11.5 परिषद् ने एन० बी० सी० सी० द्वारा प्रस्थापित उपर्युक्त दरों के आधार पर इस्पात और सीमेंट के बंद स्टाक का मूल्यांकन किया है।

11.6 31 मार्च, 1990 को इस्पात का अन्त अतिशेष 32.04 मी० टं० था। इसका मूल्य 5,77,843 रु० है किंतु एन० बी० सी० सी० द्वारा प्रस्थापित दरों के आधार पर उसका मूल्य 2,11,464 रु० (32.04×6,600 रु०) आंका गया अतः 3,66,379 रु० का अन्तर कार्य प्रगति खाते में विकलित किया गया।

इसी प्रकार 31 मार्च, को स्टाक में 19 बोरी सीमेंट का मूल्य 6383 रू० था किंतु एन० बी० सी० सी० दरों के अनुसार उसका मूल्य 1330 रु० (अर्थात 19×70 रु०) आंका गया अतः 5053 रु० की हानि कार्य प्रगति खाते में विकलित की गई।

11.7 मूल्यांकन के इस आधार का अनुमोदन कार्यपालक समिति द्वारा किया जाए।

12.0 आय-कर निर्धारण

12.1 परिषद् की ब्याज की आय पर आय-कर निर्धारण की स्थिति निम्नानुसार है :—

जैसा कि हमारी पिछली लेखा-परीक्षा रिपोर्ट में वर्णित है, आय-कर विभाग ने निर्धारण वर्ष 1964–65 से 1974–75 तक और 1980–81, 1982–83 और 1983–84 के लिए आय-कर आयुक्त (अपील) के आदेश के विरुद्ध अधिकरण के समक्ष एक अपील फाइल की थी।

अधिकरण ने आय-कर आयुक्त (अपील) द्वारा परिषद् के पक्ष में पारित आदेश को अपास्त कर दिया और उसे निदेश किया कि वह विधारण करने वाले अधिकारी को युक्तियुक्त अवसर देने और लिए गए निर्णय के समर्थन में समुचित कारण अभिलिखित करने के पश्चात मामले को पुनः विनिश्चित करे।

आय-कर उपायुक्त ने निर्धारण वर्ष 1986–87, 1987–88 के लिए निर्धारण पूरा कर लिया है और आय-कर विभाग ने 10,71,453 रु०, 2,28,543 रु० तथा 1,77,264 रु० की मांग की है जिसके विरुद्ध परिषद् ने 9–3–1989 को आय-कर आयुक्त (अपील) के समक्ष अपील फाइल की है और मामला अभी लंबित है। इसके अतिरिक्त निर्धारण वर्ष 1985–86 के लिए जिसका निर्धारण पूरा हो गया है और जिसके लिए 2,17,827 रु० की मांग की गई है, परिषद् ने 6–4–1988 को आय-कर आयुक्त (अपील) के समक्ष अपील फाइल की थी। मामला अभी भी लंबित है। इन मांगों के लिए खाते में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। इसका अनुमोदन किया जाए।

13.0 अन्त में हम लेखा परीक्षा के दौरान हमें दिए गए सहयोग के लिए अपनी प्रशंसा अभिलिखित करना चाहेंगे।

भवदीय,

हस्ता०/–

(ठाकुर वैद्यनाथ अय्यर एंड कम्पनी)

चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट

हस्ता०/–

एस० एम० श्रीवास्तव

सचिव

भारतीय विधिज्ञ परिषद्

हस्ता०/–

आर० एन० टंडन

लेखा अधिकारी

भारतीय विधिज्ञ परिषद्

भारतीय विधिज्ञ परिषद्

तुलन-पत्र

31 मार्च, 1990 के अनुसार

31-3-1989 तक	दायित्व		31-3-90 तक रकम रकम रु० में
	आरक्षित निधि		
17,24,047	पिछले तुलन पत्र से	17,24,046.67	
	घटाइये: आय और व्यय		
	लेखा से अंतरित, वर्ष का घाटा	7,48,432.76	9,75,613.91
	भविष्य निधि खाता		
12,75,412	पिछले तुलन पत्र से	12,75,12.02	
	जोड़िये: अभिदाय	50,764.00	
	जोड़िये: चन्दा	50,764.00	
	जोड़िये: स्वैच्छिक अभिदाय	2,400.00	
	जोड़िये: जमा ब्याज	63,993.85	
	जोड़िये: दिया गया उपाप्त ब्याज	43,721.50	14,87,055.37
	उपदान निधि खाता		
5,77,488	पिछले तुलन पत्र से	5,77,487.98	
	जोड़िये: जमा ब्याज	41,926.27	
	जोड़िये: उपाप्त ब्याज	14,932.27	
	जोड़िये: वर्ष के दौरान अभिदाय	—	6,34,346.42
85,845	लेनदार		4,94,483.57
27,731	डी० सी० लागत (उपंत) फीस खाता		
	पिछले तुलन पत्र से	27,731.00	
	जोड़िये: वर्ष के दौरान परिवर्धन	35,984.05	
		63,715.05	
	घटाइए: वर्ष के दौरान संदाय	1,214.00	62,501.05
4,666	सहायता अनुदान (विधि और निर्धनता पुस्तक)		
	पिछले तुलन पत्र से		4,666.65
	कल्याण निधि खाता		
3,72,769	पिछले तुलन पत्र से	3,72,768.60	
	जोड़िये: वर्ष के दौरान चन्दा	2,22,215.80	
	जोड़िये: वर्ष के दौरान ब्याज	28,292.90	
		6,23,277.30	

31-3-1988 को	आस्तियां		31-3-90 को रकम रु० में
	स्थिर आस्तियां		
	लागत पर अवक्षयण घटाकर		1,27,828.00
1,47,236	अनुसूची "क" के अनुसार		
4,50,000	विनिधान खाता		
	भविष्य निधि विनिधान खाता		
12,75,412	डाकघर बचत बैंक खाता में	2,19 497.58	
	डाकघर सावधि निक्षेप खाता	2,00,000.00	
	विशेष जमा बचत बैंक खाता में	7,50,000.00	
	उपाप्त ब्याज	43,721.50	
	भविष्य निधि खाता	52,136.29	
	स्थाई आहरण	2,21,700.00	14,87,055.37
	उपदान निधि विनिधान खाता		
5,77,488	यूको बैंक के बचत खाता में	1,19,414.25	
	यूको बैंक के नियतकालिक निक्षेप खाता में	—	
	विशेष खाता में	50,000.00	
	डाकघर के नियतकालिक निक्षेप खाता में	4,50,000.00	
	उपाप्त ब्याज	14,932.17	6,34,346.42
	चालू आस्तियां		
233.344	विनिधान पर उपाप्त ब्याज	—	
	नकद	865.37	
	यूको बैंक के बचत खाता (148) में	2,944.48	
	यूको बैंक के बचत बैंक विशेष खाता (1951) में	1,200.87	
	यूको बैंक के चालू खाता में	2,64,091.93	
	भारतीय स्टेट बैंक के चालू खाता	4,962.13	2,74,064.78
	उधार अग्रिम और अन्यान्य ऋणी		
15,39,606	कर्मचारियों को उधार पर बकाया ब्याज	76,918.30	
	कर्मचारियों को उधार	1,79,339.00	

31-3-1989 तक	दायित्व		31-3-90 तक रकम रु० में	31-3-1989 तक	आस्तियां		31-3-90 को रकम रु० में
	घटाइये/ वर्ष के दौरान व्यय	390.00	6,22,887.30		व्यय के लिये अग्रिम	15,457.00	
					डाक खर्च अग्रदाय	1,000.00	
	भवन निधि लेखा				टेलीफोन और अन्य निक्षेप	20,367.00	
23,47,001	पिछले तुलन पत्र से	23,47,011.68			अन्यान्य ऋणी	10,89,011.15	
	जोड़िये : विनिधान पर ब्याज और				अन्याय ऋणी (न्यास)	2,141.04	
	प्रकीर्ण आय	51,145.10			पूर्व संदत्त व्यय	609.00	13,84,842.89
		23,98,156.78			पुन: मुद्रित स्टाक "अधिनियम		
				7,745	पिछले तुलन पत्र से		7,745.00
	घटाइये : व्यय	57,880.35	23,40,276.43	1,360	उक्त खाता		1,269.83
					पुन: मुद्रित स्टाक "नियम" खाता		
	भारतीय विधिज्ञ परिषद् न्यास से उधार			9,394	पिछले तुलन पत्र से	9,303.65	
20,00,000	पिछले तुलन पत्र से	20,00,000.00			जोड़िये : वर्ष के दौरान	7,670.00	
	जोड़िये : वर्ष के दौरान	10,83,576.00	30,83,576.00			17,063.65	
					घटाइये : वर्ष के दौरान विक्रीत	6,535.00	10,528.65
35,126	ककाया बिल				स्रोत पर काटा गया कर खाता		
	पिछले तुलन पत्र से	35,125.55		2,268.00	पिछले तुलन पत्र से		3,268.00
	वर्ष के दौरान संदत्त	31,495.00			कल्याण निधि विनिधान खाता		
				3,72,709	यूको बैंक के बचत बैंक खाते में	1,10,387.30	
		3,630.55			भवन निधि को उधार	5,12,500.00	6,22,887.30
	वर्ष के दौरान परिवर्तन	1,97,205.50	2,00,836.05				
					भवन निधि विनिधान खाता		
76,322	यूको बैंक से ओवर ड्राफ्ट		—	41,10,855	(क) नकदी	979.00	
					(ख) यूनियन बैंक में चालू खाता	5,394.80	
					(ग) यूनियन बैंक में बचत बैंक खाता	12,796.47	
					(घ) यूको बैंक में बचत बैंक खाता	3,90,615.14	
					(ङ) उपाप्त ब्याज	8,747.30	
					(च) अग्रिम—एल० जी० सी ि०	4,05,567.09	
					(छ) चालू कार्य	43,16,513.51	
					(ज) प्राप्त सामग्री की लागत	2,12,794.00	
							53,53,406.51
85,26,417	योग रु०		99,06,242.75	85,26,417			99,06,242.75

(सील)
टी० बी० ए० एण्ड कं०
चार्टर्ड अकाउन्टेन्टस

स्थान/ नई दिल्ली
तारीख 27-8-1990

इस तारीख की हमारी रिपोर्ट के अनुसार जांच की और सही पाया
हस्ता०/-
(ठाकुर वैद्यनाथ अय्यर एण्ड कं०)
चार्टर्ड एकाउन्टेंटस

हस्ता०/-
आर० एन० टण्डन
लेखा अधिकारी
भारतीय विधिज्ञ परिषद्

हस्ता०/-
एस० एम० श्रीवास्तव
सचिव
भारतीय विधिज्ञ परिषद्

31 मार्च, 1990 का आय और व्यय

पूर्व वर्ष रु०	व्यय	इस वर्ष रु०	पूर्व वर्ष रु०	आय	इस वर्ष रु०
5,78,768	स्थापना (वेतन)	6,47,576.02	10,54,711	राज्य विधिज्ञ परिषदों से नामांकन फीस	9,26,685.00
41,919	कर्मचारियों को चिकित्सा प्रतिपूर्ति	44,007.00	98,031	विनिधानों पर ब्याज (जिसमें बचत बैंक खातों पर ब्याज भी सम्मिलित है)	3,715.71
4,459	छुट्टी यात्रा रियायत	4,241.00			
48,847	भविष्य निधि में परिषद् का चन्दा	50,764.00	19,370	उधार और अग्रिमों पर ब्याज (कर्मचारिवृंद खाता)	15,022.22
50,430	उपदान निधि में परिषद् का चन्दा	55,649.18	5,408	अनुज्ञामनिक कार्यवाहियां और अन्य फीसें	19,983.00
	यात्रा		—	कार्पिंग प्रभार	2,097.50
5,95,570	अनुशासन समिति	5,34,229.00	—	अन्तरण के लिये फीस	19,950.00
50,532	विधि शिक्षा समिति	31,812.00	—	विधि शिक्षा निरीक्षण फीस	60,000.00
1,62,435	परिषद् कर्मचारी	1,90,377.25	959	प्रकीर्ण व्यय	1,210.40
30,311	कर्मचारी वृन्द सवारी	23,941.70	5,65,426	तुलन पत्र में आय में अन्तरित व्यय का आधिक्य	7,48,432.76
52,096	मुद्रण और लेखन सामग्री	37,218.50			
51,102	डाक महसूल, तार और टेलीफोन	54,042.00			
21,000	किराया	23,625.00			
14,806	जल और विद्युत	8,545.15			
6,727	विज्ञापन/राजपत्र प्रकाशन	593.00			
9,604	साधारण मरम्मत	8,800.00			
26,568	न्यायालय कार्यवाही/आय-कर कार्यवाही	4,275.00			
25,414	बैठक व्यय	7,086.90			
1,128	बार एसोसियेशन (इन्टरनेशनल) अभिदाय	2,023.00			
575	पत्र पत्रिकायें और जर्नल	589.40			
3,000	संपरीक्षकों को मानदेय	3,000.00			
29,533	अवक्षयण	20,897.25			
1,605	शिलान्यास समारोह व्यय	—			
—	रात्रि भोज व्यय	15,338.95			
43,036	कन्वेंशन खाता	—			
33,440	प्रकीर्ण व्यय मद	28,464.49			
18,43,905	योग रु०	17,97,096.59	18,43,905	योग रु०	17,97,096.59

(सील)

टी० वी० ए० एण्ड कं०
चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस

स्थान : नई दिल्ली
तारीख : 27-8-1990

इसी दिन की हमारी रिपोर्ट के अनुसार
चैक किया गया और सही पाया

हस्ता०/-
(ठाकुर, वैद्यनाथ अय्यर एण्ड कं०)
चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स

हस्ता/-
आर० एन० टण्डन
लेखा अधिकारी
भारतीय विधिज्ञ परिषद्

हस्ता०/-
एस० एम० श्रीवास्तव
सचिव
भारतीय विधिज्ञ परिषद्

31 मार्च, 1990 को स्थिर आस्तियों की अनुसूची

क्रम सं० आस्तियों की प्रतिभूति विशिष्टियां		सकल ब्लाक			अवक्षयण			शुद्ध ब्लाक	
		1-4-89 को	परिवर्धन विक्रय आदि	31-3-90 को	31-3-89 तक	1989-90 के लिए	31-3-90 तक	31-3-90 को	31-3-99 को
1. भवन और भूमि	—	66,829.00	—	66,829.00	—	—	—	66,829.00	66,829.00
2. फर्नीचर	10%	86,759.73	—	86,759.73	59,332.73	2,743.00	62,075.73	24,684.00	27,427.00
3. कार्यालय उपस्कर	33.33%	1,19,554.30	550.00	1,20,104.30	87,572.30	10,843.00	98,415.30	21,684.00	31,982.00
4. कार्यालय साइकिल	33.33%	3,342.90	—	3,342.90	3,173.90	56.00	3,229.90	113.00	169.00
5. वातानुकूलक	33.33%	23,913.85	—	23,913.85	20,892.85	1,007.00	21,899.85	2,014.00	3,021.00
6. प्रशीतक	33.33%	3,210.80	—	3,210.80	3,050.80	53.00	3,103.80	107.00	160.00
7. पुस्तकें और प्रकाशन	33.33%	45,529.47	939.25	46,468.72	27,881.47	6,195.25	34,076.72	12,392.00	17,648.00
योग		3,49,140.05	1489.25	3,50,629.30	2,01,904.05	20,897.25	222,801.30	127,828.00	1,47,236.00

(सील)

टी० वी० ए० एण्ड कं०
चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स
नई दिल्ली

भारतीय औद्योगिक वित्त निगम

43वीं वार्षिक रिपोर्ट 1990-91

औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 35 के अधीन निदेशक बोर्ड की रिपोर्ट

सं. औविनि/बोर्ड ब सम./43वीं वा. म. सं./91-आर.-1077

नई दिल्ली-110 001, दिनांक 5 जुलाई 1991

परिचालन वातावरण और परिप्रेक्ष्य

1.01 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम) भाऔविनि का निदेशक बोर्ड 31 मार्च, 1991 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लेखा-परीक्षित लेखा विवरण सहित भाऔविनि के परिचालनों पर 43वीं वार्षिक रिपोर्ट सहर्ष प्रस्तुत करता है।

1.02 वर्ष 1990-91 में भाऔविनि के परिचालनों, कार्य-निष्पादनों और कार्य-परिणामों की पृष्ठभूमि के रूप में, यह श्रेयस्कर रहेगा, कि समीक्षाधीन वर्ष के दौरान जो परिचालनात्मक आर्थिक और औद्योगिक वातावरण रहा, तथा चालू वर्ष में जो संभावनाएं हैं, उनका एक संक्षिप्त सिंहावलोकन किया जावे।

भारतीय अर्थव्यवस्था—1990-91

1.03 1990-91 में भारतीय अर्थव्यवस्था ने कुछ सीमा तक मिश्रित स्वरूप प्रदर्शित किया। आर्थिक क्रियाकलापों की गति समग्र रूप से विषम रहने के बावजूद भी एक तत्काल आकलन के अनुसार 1990-91 में सकल राष्ट्रीय उत्पाद की विकास दर 4.5 प्रतिशत से ऊपर, तथा पिछले वर्ष अर्जित की गई दर के निकटतम रहने का अनुमान है। तथापि किसी भी स्थिति में, यदि 1986-87 और 1987-88 में अर्जित क्रमशः 3.9 प्रतिशत और 3.8 प्रतिशत की विकास दरों से इसका मिलान करें, तो उपर्युक्त विकास दर तुलनात्मक दृष्टि से काफी अच्छी ठहरती है।

सारणी 1 : भारतीय अर्थव्यवस्था के विशिष्ट सूचक

आधारभूत आर्थिक सूचक	इकाई	1990–91 (अप्रैल-मार्च) (अनुमानित)	1989–90 (अप्रैल-मार्च) (अनन्तिम)	1990–91 में 1989-90 की तुलना में प्रतिशत अन्तर
1	2	3	4	5
— जनसंख्या	मिलियन	843.9	826.5	2.1
— सकल राष्ट्रीय उत्पाद (सराउ) (1980–81 के मूल्यों के आधार पर)	रु० करोड़	2,03,385	1,94,625	4.5
— सराउ प्रति व्यक्ति (1980–81 के मूल्यों के आधार पर)	रु०	2,410	2,354	2.3
— कृषि उत्पादन सूचकांक	1979–82=100	145.3	142.1	2.3
— खाद्यान्न–उत्पादन	मिलि० टन	177.2	170.6	3.8
— उर्वरक–उत्पादन (पोषकों के आधार पर नाइट्रोजन पोटाश खाद)	मिलि० टन	9.0	8.5	5.8
— बिजली उत्पादन	मिलि० का० वा०	264.1	245.1	7.8
— कोयला उत्पादन	मिलि० टन	211.6	200.8	5.4
— तेल–उत्पादन (कच्चा)	मिलि० टन	33.1	34.1	(–) 3.0
— सीमेंट उत्पादन	मिलि० टन	48.7	45.8	6.3
— तैयार इस्पात उत्पादन	मिलि० टन	13.5	13.1	3.0
— रेलवे द्वारा राजस्व–अर्जक माल यातायात	मिलि० टन	319.0	310.0	2.9
— प्रमुख बंदरगाहों पर माल का लदान-उतार	मिलि० टन	153.7	147.1	4.5

1	2	3	4	5
— औद्योगिक उत्पादन (सामान्य सूचकांक)	1980-81=100	212.2	196.4	8.0
— निर्यात	रु० करोड़	32,527	27,681	17.5
— आयात	रु० करोड़	43,171	35,412	21.9
— व्यापार सन्तुलन	रु० करोड़	(-) 10,644	(-) 7,731	37.7
— विदेशी मुद्रा रिजर्व (स्वर्ण एवं विशिष्ट आहरण अधिकारों को छोड़कर)	रु० करोड़	4,388	5,787	(-24.2)
— मुद्रा पूर्ति (मुद्रा[3])	रु० करोड़	2,63,954	2,29,654	14.9
— बैंक प्रदत्त उधार	रु० करोड़	1,16,184	1,01,453	14.5
— वाणिज्यिक बैंकों की कुल जमा	रु० करोड़	1,91,189	1,66,959	14.5
— थोक मूल्य सूचक (औसत)	1981-82=100	182.1	165.2	10.2
— औद्योगिक कामगारों के लिये उपभोक्ता मूल्य सूचक (औसत)	1982=100	192.8	173.4	11.2
— मुद्रा स्फीति दर (थो०मू०सूच० पर आधारित) (बिन्दु से बिन्दु आधार पर)—मार्च के अंत में	प्रतिशत	12.2	8.6	—

आर्थिक परिदृश्य

1.04 सारणी-1 में 1990-91 के लिए अनुमानित आधार पर भारतीय अर्थव्यवस्था के विशिष्ट सूचकों को पिछले वर्ष के अन्तिम संगत सूचकों सहित दर्शाया गयी है[5], और 1989-90 की तुलना में 1990-91 में हुए प्रतिशत परिवर्तन भी दिए गए हैं[5]।

1.05 वर्ष 1990-91 के दौरान देश की आर्थिक स्थिति एवं क्रियाकलापों का मूल्यांकन करते समय निम्नलिखित तथ्यों को ध्यान में रखना उपयोगी रहेगा :—

(i) यद्यपि वर्ष 1990-91 के केन्द्रीय बजट प्रस्तावों में राजस्व बजट घाटे को कम करके 7,206 करोड़ रुपये तक लाने का प्रयास था, किन्तु अक्तूबर-दिसम्बर, 1990 की अवधि के दौरान तीन बार अतिरिक्त कर लगाए जाने और वर्ष के दौरान दो बार व्यय में 10 प्रतिशत कटौती की घोषणा के बावजूद भी, बजट घाटा अन्तरिम बजट प्रस्तावों में अनुमान के अनुसार 10,772 करोड़ रुपए का रहा, जो मूल बजट प्राक्कलन से 49% अधिक था। काफी हद तक खाड़ी संकट के व्यापक प्रभाव तथा भारतीय अप्रवासियों की स्वदेश वापसी में लागत के कारण ऐसा हुआ।

(ii) 2 अगस्त, 1990 से आरम्भ हुए खाड़ी संकट के कारण, जिसने बाद में पूरे 43 दिन के भयंकर खाड़ी युद्ध का रूप धारण कर लिया, तीसरी बार उत्पन्न तेल की कमी से देश की पहले से ही अस्थिर विदेशी मुद्रा संतुलन की स्थिति को धक्का लगा। न केवल तेल तथा पैट्रोलियम उत्पादों के आयात बिल में 66 प्रतिशत की तीव्रतर वृद्धि हुई, अपितु इराक और कुवैत से धन-प्रेषण में भी अधिक हानि हुई, और पश्चिमी एशिया के देशों में भारत के निर्यात में भी अवनति उठानी पड़ी।

(iii) निर्यात, रुपयों में, जो 1986-87 से त्वरित गति से बढ़ते हुए वर्ष 1989-90 में 36 प्रतिशत तक विकास दर को प्राप्त हो गया था, समीक्षाधीन वर्ष में 18 प्रतिशत से भी नीचे विकास दर को प्राप्त हुआ। इसमें संदेह नहीं, कि सरकार ने निर्यात बढ़ाने के लिए समय-समय पर अनेक निवारक उपाय किए, जिसमें इंजीनियरिंग, रसायन, इलेक्ट्रानिक्स, कपड़ा तथा हस्तशिल्प सहित 100 से भी अधिक मदों पर निर्यात शुल्क वापसी दर में दिनांक 19 मार्च, 1991 को की गई वृद्धि की घोषणा भी शामिल थी, परन्तु जहां तक समीक्षाधीन वर्ष के समग्र निर्यात क्रिया-कलापों का सम्बन्ध है, उसका पूर्ण प्रभाव वर्ष में सामने नहीं आ पाया।

(iv) केन्द्र में हुए राजनैतिक परिवर्तनों के कारण अर्थ-व्यवस्था के अनेक महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सरकारी नीतियों की घोषणा के आस्थगित होने तथा कुछ राज्यों की अशांत स्थिति के फलस्वरूप देश के आर्थिक और कारोबारी वातावरण में कुछ सीमा तक अनिश्चितता बनी रही।

1.06 तथापि, देश की अर्थव्यवस्था ने, 1990-91 के दौरान, खाड़ी संकट के प्रतिकूल प्रभाव तथा भुगतान संतुलन की संकटग्रस्त स्थिति का सामना करते हुए पर्याप्त रूप से अपनी सहन-शक्ति और सामर्थ्य का परिचय दिया। 1990-91 में अनुकूल मानसून के कारण देश के हर क्षेत्र में और समय पर पर्याप्त तथा अच्छी वर्षा हुई, जिसके परिणामस्वरूप देश में खाद्यान्नों का रिकार्ड उत्पादन रहा। एक अनुमान के अनुसार, खाद्यान्न का उत्पादन, 1989-90 में 170.6 मिलियन टन की तुलना में 177.2 मिलियन टन होने की आशा है, जो 176.5 मिलियन टन के निर्धारण लक्ष्य से भी अधिक है। मूंगफली, कपास और दिनौले आदि को छोड़कर अधिकांश खाद्येतर अनाज की फसल भी अच्छी होने की संभावना है। कृषि उत्पादन समग्र सूचकांक (1979-82=100) के अनुमानित 145.3 में वर्ष 1990-91

के दौरान 2.3 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है, जो पिछले वर्ष की वृद्धि के समान ही है। वर्ष के दौरान, प्रमुख कृषि उत्पादों के क्रय/समर्थन मूल्य में सरकार द्वारा की गई वृद्धि से, खाद्यान्नों के सरकारी उपार्जन में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई। 1989-90 में किए गए 9 मिलियन टन गेहूं के उपार्जन की तुलना में 1990-91 में 11.07 मिलियन टन गेहूं उपार्जित किया गया। इसी प्रकार चावल का उपार्जन 1989-90 के 9.38 मिलियन टन से बढ़कर 1990-91 में 10.40 मिलियन टन हो गया। फरवरी, 1991 के अन्त में खाद्यान्नों का भंडार 18.79 मिलियन टन तक, एक पर्याप्त सुविधाजनक स्थिति में था, जबकि वर्ष 1990 के इसी मास के अन्त में खाद्यान्न भंडार का स्तर केवल 12.18 मिलियन टन था।

1.07 1990-91 की पहली छमाही के दौरान औद्योगिक उत्पादन में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 11.6 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित हुई। किन्तु (1) खाड़ी संकट तथा (2) भुगतान संतुलन की स्थिति को सुधारने के लिए सरकार द्वारा किए गए निवारक उपाय के रूप में अपनाए गए प्रतिबन्धक आयात उपायों के कारण 1990-91 की दूसरी छमाही में उत्पादन की प्रगति की गति को पूर्ववत् नहीं रखा जा सका। फिर भी 1990-91 की दूसरी छमाही में औद्योगिक विकास दर, गिरावट के कारण, लगभग 5 प्रतिशत हो जाने से 1990-91 की समग्र सामान्य औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में वृद्धि वर्ष 1989-90 की 8.6 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में 8 प्रतिशत रहने की आशा है।

पूंजी बाजार

1.08 यद्यपि अक्तूबर, 1990 के मध्य तक अनुषंगी पूंजी बाजार कुल मिलाकर उत्साहवर्धक रहा, परन्तु प्राथमिक पूंजी बाजार के क्रियाकलाप की गति, विशेषकर अक्तूबर, 1990 से, बहुत कुछ धीमी ही रही। अनिश्चितताओं के अतिरिक्त, जिन्होंने बाजार के उतार-चढ़ाव पर अपना प्रभाव डालना प्रारम्भ कर दिया, वर्ष 1990-91 की दूसरी छमाही के दौरान बाजार को प्रभावित करने वाले अन्य घटक थे—तेल संकट, भुगतान संतुलन स्थिति, विभिन्न उद्योगों में प्रयोग होने वाले माल के आयात पर आरोपित नियन्त्रण, अन्तरिम राजस्व संबंधी उपक्रम, आदि। इन सबका परिणाम यह हुआ कि इकनामिक टाइम्स द्वारा प्रवर्तित साधारण शेयर मूल्यों का सूचकांक (आधार 1984-85=100) 27 मार्च, 1991 को 605.3 था, जो 9 अक्तूबर, 1990 के अपने सर्वोच्च स्तर, अर्थात् 733.4 की तुलना में 17.5 प्रतिशत कम था।

1.09 उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 1990-91 में पूंजी निर्गम नियंत्रक ने पूंजी जुटाने के लिए (प्रीमियम को शामिल करते हुए किन्तु बोनस शेयरों को छोड़कर) लगभग 12,341.9 करोड़ रुपए के अनुमोदन निजी और सरकारी क्षेत्र की कम्पनियों को दिए, जो वित्त वर्ष 1989-90 में 11,843.1 करोड़ रुपए के दिए गए अनुमोदन की तुलना में 4.2 प्रतिशत मामूली से अधिक थे। किन्तु 1990-91 में 441.1 करोड़ रुपए के बोनस शेयरों के निर्गम की सहमति पिछले वर्ष 1989-90 में 374 करोड़ रुपए के बोनस शेयर के निर्गम की सहमति की तुलना में 17.0 प्रतिशत अधिक थी।

1.10 शेयरों, डिबेन्चरों और बांडों के रूप में कुल पूंजी निर्गम, जो कैलेंडर वर्ष 1989 में 11,850 करोड़ रुपए तक पहुंच गए थे, वर्ष 1990 के दौरान मात्र 7,703 करोड़ रुपए के रहे, जिनसे 35 प्रतिशत त्वरित ह्रास परिलक्षित होता है। ये निर्गम कुल सकल घरेलू बचतों के लगभग 7 प्रतिशत हो रहे।

1.11 1990 में इक्विटी और अधिमान शेयरों के रूप में पूंजी निर्गम, वर्ष 1989 में हुए 1,359 करोड़ रुपए के निर्गम से बढ़कर 1,647 करोड़ रुपए के रहे। यह वृद्धि अधिकांशत: पारस्परिक निधियों (म्यूच्युअल फंड्स) के प्रचलन तथा कुछ कम्पनियों द्वारा आधिकारिक शेयर निर्गमों के कारण रही। वर्ष 1990 के दौरान 4,439 करोड़ रुपए के अर्ध-परिवर्तनीय डिबेन्चर/बांड निर्गम में लगातार तीसरे वर्ष भी वृद्धि परिलक्षित हुई। किंतु संपरिवर्तनीय डिबेन्चर निर्गम, वर्ष 1990 में तेजी से घटकर 1,617 करोड़ रुपए के रह गए, जबकि वर्ष 1989 में ये निर्गम 5,439 करोड़ रुपए के थे।

1.12 वर्ष 1990 के दौरान कुछ संस्थानों द्वारा जारी किए गए बांड और पारस्परिक निधियों (म्यूच्युअल फंड्स), द्वारा निर्धारित अवधि पर बन्द हो जाने वाले पूंजी निर्गम, कुल मिला कर 1,371 करोड़ रुपए के रहे, जबकि वर्ष 1989 के दौरान यह 540 करोड़ रुपए के थे। प्रसंगवश, इन पारस्परिक निधियों/जोखिम पूंजी निधियों ने न केवल प्राथमिक बाजार में प्रचलित पूंजी परचियों के भाग को समाविष्ट किया, वरन् अनुपूरक पूंजी परचियों के बाजार में भी संस्थागत कारोबार आरम्भ किया।

1.13 वर्ष के दौरान सरकार ने प्रतिभूति से संबंधित संस्थानों के लेनदेन की पारदर्शिता जैसे पहलुओं को प्रभावित करते हुए पूंजी बाजार के कार्यों को सरल बनाने के लिए अनेक मार्ग-निर्देश जारी किए, यथा, सार्वजनिक/आधिकारिक निर्गम में न्यूनतम अभिदान, कम्पनियों के प्रबन्ध में परिवर्तन के नवीन मापदण्ड, मर्चेन्ट बैंकिंग और पारस्परिक निधियों (म्यूच्युअल फंडस) के विनियमन हेतु मार्गनिर्देश, प्रतिभूतियों का समय पर सूचीकरण, 50 करोड़ रुपए और इससे अधिक के व्यापक निर्गमों द्वारा जुटाई गई निधियों की उपयोगिता का अनुवर्तन तथा बैंकों को छोड़कर वित्त और लीजिंग कम्पनियों द्वारा पूंजी निर्गम के लिए मार्गनिर्देश, आदि। पहली बार भारत सरकार ने शेयरों के मूल्यांकन तथा उस पर प्रीमियम निर्धारण के मापदण्ड और प्रक्रिया को जनता की जानकारी हेतु जारी किया।

1.14 भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (एसईबीआई) ने मानक सूचीकरण करार की धारा 40 क के प्रावधानों से बीआईएफआर के दायरे में न आने वाली रुग्ण और घाटे वाली कम्पनियों को छूट देने के लिए मार्गनिर्देश जारी किए। इसने अग्रणी प्रबन्धकों की नियुक्ति के सम्बन्ध में अपने मार्गनिर्देश भी संशोधित किए, और सभी पारस्परिक निधियों (म्यूच्युअल फंडस) के लिए नवीन तथ्य और सूचक मानदण्ड निर्धारित किए। भारतीय प्रतिभूति तथा विनिमय बोर्ड ने निर्दिष्ट सूचना तथा उसमें प्रस्तुत तथ्यों के मानकों के अनुसार सार्वजनिक निर्गम संभावनाओं के मूल्यांकन तथा मर्चेन्ट बैंकरों और पारस्परिक निधियों (म्यूच्युअल फंडस) के कार्यकलापों को और अधिक सक्रियतापूर्वक निरीक्षण करना भी आरम्भ किया।

1.15 वर्ष के दौरान स्टाक एक्सचेंजों के, जिनमें देश में स्थापित अपेक्षाकृत नए एक्सचेंज भी शामिल हैं, पण्यावर्त (टर्न-ओवर) में पर्याप्त वृद्धि परिलक्षित हुई। फिर भी ऐसा प्रतीत हुआ, कि स्टाक एक्सचेंजों और दलालों के पास उपलब्ध आधार-भूत सुविधाएं, पण्यावर्त (टर्न-ओवर) की बढ़ती हुई मात्रा के अनुसार कार्य करने के लिए पर्याप्त नहीं थीं। कई बार स्टाक

एक्सचेंजों को निपटान कार्यों को करने के लिए व्यापार से संबंधित कार्यों को रोकना पड़ा। प्राय: सभी स्टाक एक्सचेंजों पर निवेशक हित संरक्षण निधि की स्थापना की आवश्यकता अनुभव की गई। वर्ष के दौरान भारत सरकार ने स्टाक एक्सचेंजों में विद्यमान कार्य पद्धतियों में सुधार लाने के लिए और भुगतान समस्याओं को दूर करने तथा लेनदेन के निपटान की कठिनाइयों को समाप्त करने के उद्देश्य से भारतीय यूनिट ट्रस्ट के प्रधान, डा. एस. ए. दवे, की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ कार्यदल का गठन किया। कर्ब डील्स तथा अन्य डीलरों एवं उप दलालों सहित विभिन्न स्तरों पर अनियमित शेयर व्यापार से सम्बन्धित समस्याओं की समीक्षा करने के लिए एक अध्ययन दल की भी घोषणा की गई। वर्ष के अन्त में भारत सरकार के वित्त मंत्रालय में शेयरों और डिबेंचरों के नए निर्गमों, इक्विटी शेयरों के मूल्यांकन, स्टाक एक्सचेंज में प्रतिभूति के सूचीकरण, सार्वजनिक निर्गमों की लागत, आवेदन की अधिक राशियों के आबंटन तथा वापसी एवं इससे सम्बन्धित मामलों के बारे में पूंजी निर्गम नियंत्रक द्वारा जारी किए गए मार्गनिर्देशों में उपर्युक्त संशोधनों का अध्ययन और उनकी सिफारिश करने के लिए भी श्री एम. जे. फेरवानी की अध्यक्षता में एक अध्ययन दल गठित किया गया। इस अध्ययन दल से अपेक्षा की जाती है कि यह नान-वोटिंग शेयरों, जीरो कूपन बांड्स और वारंट्स जैसे नवीन वित्तीय प्रलेख प्रारम्भ करने के लिए सुझाव देगा, तथा इसके लिए मार्गनिर्देश भी तैयार करेगा।

निवेश वातावरण

1.16 खाड़ी संकट और राजनैतिक और आर्थिक क्षेत्रों में अनिश्चितताओं के फलस्वरूप बाजार के रुख में मंदी तथा पूंजीगत माल (मुख्य) समिति द्वारा प्रदत्त अनुमोदनों में पिछले वर्ष प्रदत्त अनुमोदनों की तुलना में 47.9 प्रतिशत की कमी होने के बावजूद, निवेश वातावरण सापेक्षिक रूप से स्थिर रहा। लाइसेंस समाप्त उद्योगों के पंजीकरण में 10.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई, छूट प्राप्त उद्योगों के पंजीकरण की संख्या में वृद्धि 20 प्रतिशत तक पहुंच गई, जारी किए गए आशय-पत्रों की संख्या में 76.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई, और कारोबार चलाने के लिए दिए गए लाइसेंसों में 57.1 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित हुई। यद्यपि वर्ष 1990-91 में 1,099 करोड़ रुपए के लिए किए गए 152 नए सार्वजनिक निर्गमों की संख्या अपेक्षाकृत कुछ कम रही, तथापि सभी अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों द्वारा 1990-91 में की गई मंजूरियों और संवितरणों में क्रमश: 28.2 प्रतिशत और 21.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह 20,531.5 करोड़ रुपये तथा 12,480.3 करोड़ रुपये के रहे, जबकि 1989-90 में की गई समग्र मंजूरियां और संवितरण क्रमश: 16,005.3 करोड़ रुपए तथा 10,240.2 करोड़ रुपए के रहे थे। वित्त प्रदानता में व्यवहार्यता के आधार पर इकाइयों के परिचालन को जारी रखने के उद्देश्य से संयंत्र और उपस्कर के संतुलन और/या विद्यमान इकाइयों के आधुनिकीकरण/विशाखन पर निरन्तर बल दिया गया, जो उचित ही था।

राजस्व और मुद्रा विकास

1.17 एक चिन्ताजनक घटना, जिसने देश के आन्तरिक राजस्व परिदृश्य को प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया—वह थी, खाड़ी संकट। इस स्थिति का सामना करने के लिए सरकार ने अनेक सामयिक उपाय किए, जैसे पैट्रोलियम मूल्यों में वृद्धि, प्रवर्धित कर और लेवी, प्रतिबन्धित व्यापार नीति, जिसमें खुले सामान्य लाइसेंस सूची से कच्चे माल और संघटकों से सम्बन्धित अनेक मदों को हटाए जाने का भी प्रावधान रहा। फिर भी 1991-92 के आन्तरिक बजट के समय प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार वर्ष 1990-91 में केन्द्रीय सरकार का घाटा मूल प्राक्कलन से 49 प्रतिशत अधिक आंका गया। कुल कर राजस्व वसूली भी वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्यों से कम रही। वर्ष 1990-91 का सकल राजस्व घाटा 36,795 करोड़ रुपये के मूल प्राक्कलन की तुलना में 43,331 करोड़ रुपए रहा, जो मोटे तौर पर 5,04,500 करोड़ रुपये के अनुमानित सकल घरेलू उत्पाद (वर्तमान मूल्यों के आधार पर) का 8.6 प्रतिशत था।

1.18 मुद्रा सम्बन्धी गतिविधियों में मुद्रा-विस्तार का प्रभावी नियमन कुछ हद तक परिलक्षित हुआ। एम3 और एम1 की वृद्धि की गति, 1989-90 में इसी अवधि की वृद्धि की तुलना में काफी कम रही। वस्तुत:, वर्ष 1990-91 में एम3 में 34,300 करोड़ रुपये (14.9 प्रतिशत) की वृद्धि भी, पिछले वर्ष में 37,659 करोड़ रुपये (19.6) की वृद्धि की तुलना में कम ही रही। फिर भी सरकार को बैंकों से प्राप्त निवल उधार में वृद्धि के कारण मुद्रा स्फीति निरन्तर बढ़ती रही, तथा उधार की राशि में पिछले वर्ष में 19,631 करोड़ रुपये की तुलना में स्पष्टत: 21,778 करोड़ रुपए की उच्चतर वृद्धि हुई। सरकार को भारतीय रिजर्व बैंक से प्राप्त निवल उधार में भी पिछले वर्ष की 13,031 करोड़ रुपए की तुलना में 13.594 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई।

1.19 वर्ष 1990-91 के दौरान अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों में भी कुल जमा और उधार की गति धीमी रही। कुल जमा में अभिवृद्धि 24,230 करोड़ रुपए (14.5 प्रतिशत) भी पिछले वर्ष में 26,809 करोड़ रुपए (19.1 प्रतिशत) की वृद्धि की तुलना में कम रही। बैंक उधार में 14,731 करोड़ रुपए (14.5 प्रतिशत) की वृद्धि भी पिछले वर्ष में 16,734 करोड़ रुपए (19.8 प्रतिशत) वृद्धि की तुलना में कम रही, तथापि उच्चतर उपार्जन, उपार्जन मूल्यों में वृद्धि तथा खाद्यान्न के कम बहिर्ग्रहण के कारण, खाद्य ऋण विस्तार 2,500 करोड़ रुपए (124.6 प्रतिशत) तक पिछले वर्ष में 1,237 करोड़ रुपए की तुलना में काफी अधिक रहा। खाद्येतर ऋण विस्तार भी 12,231 करोड़ रुपए (12.3 प्रतिशत) तक रहा, जो पिछले वर्ष, 1989-90 में 15,497 करोड़ रुपए (18.5%) की तुलना में काफी कम था।

1.20 वर्ष 1990-91 की प्रथम छमाही की साख नीति द्वारा द्रव्यता में वृद्धि को नियंत्रित करने का गंभीरतापूर्वक प्रयास किया गया। इस नीति के अन्तर्गत आन्तरिक और अनिवासी निक्षेपों दोनों में सांविधिक द्रव्यता अनुपात (एसएलआर) को बढ़ाया गया। सितम्बर, 1990 में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की उधार दर संरचना को बड़े पैमाने पर युक्तिसंगत बनाया गया, और ब्याज दर में दी जाने वाली रियायतों को ऋणों के आकार के साथ जोड़ा गया। व्यस्त अवधि के लिए 19 अक्तूबर, 1990 को घोषित साख नीति में, अनप्रयुक्त ऋण पर वचनबद्धता प्रभार के रूप में ऋणियों के लिए असहायमानिक उपाय, अतिक्रमणीय ऋण-सीमाओं/नकदी विलय पर दंडित ब्याज, मांग मुद्रा बाजार का विस्तार तथा तीन वर्ष और इससे अधिक अवधि के बैंक निक्षेपों की नई श्रेणी के सृजन की व्यवस्था की गई। दिसम्बर 1990 में, निक्षेप प्रमाणपत्रों (सीडीएस) की सीमाएं कुल निक्षेपों के 2 प्रतिशत से बढ़ाकर

3 प्रतिशत कर दी गयीं, नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में कमियों के लिए दण्ड में ढील दी गई, तथा औचित्यपूर्ण पुनर्वित्त की अधिक राशि का भी महत्वपूर्ण रूप से विस्तार किया गया। ऋण नियंत्रण के कुछ चुने हुए क्षेत्रों में धान/चावल और खाद्यान्नों के लिए अग्रिमों पर न्यूनतम सीमांतों को पारस्परिक सहमति से 15 प्रतिशत बिन्दुओं तक कम किया गया, जो 10 अक्तूबर, 1990 से लागू हो गए। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए, दिनांक 1 जनवरी, 1991 से निर्यात ऋण के अभिनिर्धारित आधार-स्तर पर निर्यात पुनर्वित्त के अनुपात को 75 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत कर दिया गया। आयात पर नियंत्रण रखने के लिए खुले सामान्य लाइसेंस के अधीन कच्चे माल के आयात के लिए साख पत्र खोलने की उच्चतम सीमा को आरम्भ में 50 प्रतिशत और उसके बाद दिनांक 20 मार्च, 1991 से, 133.33 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया। अग्रिम लाइसेंसों तथा अग्रिम मध्यस्थ लाइसेंसों के मुद्दे अपनी खपत के लिए, आयात के सीमान्तों को भी शून्य से बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक कर दिया गया। विनिर्दिष्ट लाइसेंसों के अधीन आयात के लिए नकद सीमान्त को भी, जो पहले 50 प्रतिशत था, 110 प्रतिशत कर दिया गया। तेल, लुब्रीकेंट, उर्वरकों खाद्यान्नों, खाद्य तेलों, अखबारी कागज तथा जीवन रक्षक औषधियों को अपवादस्वरूप छोड़कर सभी प्रकार के पूंजीगत माल के आयात को वित्तीय संस्थानों के पास उपलब्ध विदेशी मुद्रा ऋणों के अधीन पात्र बनाया गया। हालांकि 25 लाख रुपए और इससे अधिक, परन्तु अधिकतम 50 लाख रुपए तक के साख पत्रों के लिए कुछ प्रक्रियात्मक छूटें भी प्रदान की गईं।

मूल्य स्थिति

1.21 मूल्य स्थिति चिन्ता का विषय बनी रही। बिन्दु-दर-बिन्दु आधार पर, थोक मूल्य सूचकांक (आधार 1981-82 = 100) मार्च, 1990 में 170.1 से बढ़कर मार्च 1991 में 190.9 हो गया, जिससे मुद्रा-स्फीति की दर में बिन्दु-दर-बिन्दु आधार पर 12.2 प्रतिशत वृद्धि हुई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक भी (आधार : 1982 = 100) 1990-91 में 201 तक जाकर, मार्च 1990 के अन्त में 177 सूचकांक से तुलनात्मक रूप में, 13.5 प्रतिशत तक बिन्दु-दर-बिन्दु आधार पर, बढ़ गया। फिर भी सरकार द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली का अनुवर्तन तथा आर्थिक स्थिति की सांविधिक समीक्षा करते हुए, संभव सीमा तक इसे नियंत्रित करने के अनवरत गम्भीर प्रयास करने के कारण, मुद्रा-स्फीति दबाव का प्रभाव प्रकटतया कम ही रहा।

विदेशी व्यापार और भुगतान संतुलन

1.22 आयात बिल में त्वरित वृद्धि तथा निर्यातों में गिरावट की प्रवृत्ति के कारण, वर्ष 1990-91 में व्यापार घाटा 10,644 करोड़ रुपए हुआ, जबकि वर्ष 1989-90 में यह घाटा 7,731 करोड़ रुपए का रहा था, इस प्रकार व्यापार घाटे में 37.7% प्रतिशत की वृद्धि हुई। खाड़ी संकट के कारण कुवैत और मध्य पूर्वी अन्य देशों में रहने वाले भारतीयों द्वारा भेजी जाने वाली धनराशि में भी काफी कमी हुई। वर्ष 1990-91 में विदेशी निवेशों में भी, प्रथमतः नई विदेशी निवेश नीति की घोषणा में विलम्ब होने और बाद में खाड़ी युद्ध के कारण पर्याप्त कमी आई। यदि अन्तर्राष्ट्रीय बाजार मूल्यों पर भारतीय रिजर्व बैंक की स्वर्णधारिता के पुनर्मूल्यांकन तथा दिनांक 18 जनवरी, 1991 को अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा निधि द्वारा एसडीआर 555.925 मिलियन के प्रथम वैकल्पिक ऋण की व्यवस्था तथा एसडीआर 716.9 मिलियन के लिए प्रतिपूरक और आकस्मिक वित्तपोषण सुविधा के अन्तर्गत क्रय-व्यवस्था का अनुमोदन प्रदान न किया गया होता, तो वर्ष 1990-91 में देश की भुगतान संतुलन स्थिति ने एक गंभीर मोड़ ले लिया था। तथापि भुगतान संतुलन की स्थिति चिन्ता का विषय बनी रही।

उद्योग की प्रगति

औद्योगिक उत्पादन की प्रवृत्ति

1.23 वर्ष 1990-91 की प्रथम छमाही के दौरान, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 11.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस वृद्धि को विशेष रूप से प्रभावशाली माना जा सकता है, क्योंकि 1989-90 की दूसरी छमाही में 12.4 प्रतिशत की वृद्धि के तत्काल बाद ही उपर्युक्त वृद्धि हुई थी। परन्तु 1990-91 की तीसरी तिमाही में औद्योगिक कार्यकलापों की गति एकदम मंद हो जाने के कारण केवल 4.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वर्ष की अन्तिम तिमाही में औद्योगिक कार्यों में फिर कुछ गति आयी, किन्तु आयातित कच्चे माल और पूंजी माल पर कड़ाई के कारण, प्रगति धीमी ही रही। एक तत्काल अनुमान के अनुसार औद्योगिक उत्पादन का औसत सामान्य सूचकांक (आधार वर्ष 1980-81=100), जो 1989-90 में 196.4 था, अनुमानतः 212.2 तक पहुंचने की आशा है, जो पिछले वर्ष के प्राप्त 8.6 प्रतिशत की प्रगति दर की तुलना में 8 प्रतिशत के आस-पास अनुमानित वृद्धि दर्शाता है।

1.24 वर्ष 1989-90 (वास्तविक) और 1990-91 (अनुमानित) के लिए औद्योगिक उत्पादन सूचकांक की क्षेत्रवार प्रवृत्ति सारणी-2 में दी गई है।

1.25 यद्यपि 'खान और खनन' तथा 'विद्युत सृजन' से सम्बन्धित औसत सूचकांक में क्रमशः पिछले वर्ष की 6.3 प्रतिशत तथा 10.9 प्रतिशत की तुलना में, 2.3 प्रतिशत तथा 7.8 प्रतिशत की अपेक्षाकृत धीमी विकास दर रिकार्ड की गई, विनिर्माण क्षेत्र में औसत उत्पादन सूचकांक विभिन्न समस्याओं के बावजूद भी अनुमानित 8.9 प्रतिशत की विकास दर को प्राप्त हुआ।

सारणी 2 : औद्योगिक उत्पादन में क्षेत्रवार प्रवृत्ति

आधार/ 1980-81=100

भार	क्षेत्र	पिछले वर्ष से प्रतिशत वृद्धि	
		1990-91* अप्रैल/मार्च	1989-90 अप्रैल/मार्च
(1)	(2)	(3)	(4)
11.46	खनन एवं खदान	2.3	6.3
77.11	विनिर्माण	8.9	8.6
11.43	बिजली	7.8	10.9
100.00	समस्त उद्योग	8.0	8.6

*अनुमानित

1.26 विद्युत क्षेत्र में, ताप और परमाणु विद्युत सृजन में केवल 5 प्रतिशत की ही वृद्धि हुई, जबकि पिछले वर्ष यह वृद्धि 12.1 प्रतिशत थी । तथापि जल-विद्युत उत्पादन में पिछले वर्ष की 7.3 प्रतिशत की तुलना में 15.2 प्रतिशत की व्यापक वृद्धि परिलक्षित हुई ।

1.27 वर्ष 1990-91 के दौरान देश की ऊर्जा आवश्यकताएं मोटे तौर पर लगभग 285.2 बिलियन यूनिट रहीं, जिसके लिए विद्युत उपलब्धता केवल 264.1 बिलियन यूनिट तक प्राप्त की जा सकी । इससे लगभग 8 प्रतिशत तक विद्युत की कमी रही । इसके परिणामस्वरूप वर्ष भर देश के विभिन्न राज्यों में लागू की गई बिजली की कटौती जारी रही । तमिलनाडु में, दिनांक 18 मार्च 1991 से, उच्च शक्ति वाले उद्योगों में बिजली की कटौती 30 प्रतिशत तक बढ़ानी पड़ी ।

1.28 वर्ष के दौरान कोयले का उत्पादन 211.6 मिलियन टन हुआ, जबकि 1989-90 में कोयला उत्पादन 200.8 मिलियन टन था । इससे कोयला उत्पादन में 5.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई । विक्रेय स्टील का उत्पादन, पिछले वर्ष के 9 मिलियन टन के मुकाबले 9.3 मिलियन टन रहा और सीमेंट का उत्पादन 1989-90 में 45.8 मिलियन टन की तुलना में 48.7 मिलियन टन हुआ ।

1.29 वर्ष 1990-91 के दौरान कच्चे तेल का उत्पादन भी केवल 33.1 मिलियन टन हुआ जो वर्ष 1989-90 के उत्पादन से 3 प्रतिशत कम था, और वर्ष के लिए निर्धारित 35 मिलियन टन के मूल उत्पादन लक्ष्य से काफी कम था । सरकार ने, विशेष रूप से अगस्त, 1990 के बाद, पैट्रोलियम उत्पादों की खपत को नियंत्रित करने के लिए अनेक कठोर कदम उठाये । पैट्रोलियम उत्पादों की कमी और कच्चे तेल के घरेलू उत्पादन में गिरावट के कारण परिवहन तथा अवस्थापनात्मक क्षेत्रों में भी नियंत्रण लगाये गये ।

1.30 समग्र रूप से, वर्ष 1990-91 के दौरान अवस्थापना क्षेत्र की कार्य गति विषम रही । छः अवस्थापना उद्योगों (अर्थात् बिजली, कच्चा पैट्रोलियम परिशोधक उत्पाद, विक्रेय इस्पात, कोयला और सीमेंट) जो सामान्यः सूचकांक, में 28.78 प्रतिशत भार सामूहिक रूप से रखते हैं, के संयुक्त सूचकांक की विकास दर पिछले वर्ष 6.2 प्रतिशत की तुलना में 4.9 प्रतिशत रही । यद्यपि बिजली, कोयला, विक्रेय इस्पात और सीमेंट का उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में क्रमशः 7.8%, 5.4%, 3.1% और 6.3% अधिक था, फिर भी यह उत्पादन वर्ष 1990-91 में इनके लिए निर्धारित लक्ष्यों से कम ही रहा । साथ ही तेल (कच्चे) तथा पैट्रोलियम उत्पादों के मामले में क्रमशः 3 प्रतिशत और 0.2 प्रतिशत की कमी हुई ।

1.31 राष्ट्रीय औद्योगिक वर्गीकरण के 2 अंकों वाले स्तर में 17 प्रमुख औद्योगिक समूहों में से अनेक उद्योग समूह, अर्थात् खाद्य उत्पादों, पेय पदार्थों, सूती कपड़ा तथा कपड़ा उत्पादों (मिल-कपड़े को छोड़कर) जूट तथा जूट उत्पाद, कागज तथा कागज उत्पाद, चमड़ा तथा चमड़ा उत्पाद, रबड़ और प्लास्टिक, रसायन और रसायन उत्पाद, उर्वरक, अलौह खनिज उत्पाद, मूल धातु धातु उत्पाद, मशीनरी और मशीनों के औजार बिजली मशीनरी और उपयंत्र (इलेक्ट्रानिक्स सहित) परिवहन उपकरण (वैगन और कोच को छोड़कर) तथा अन्य विनिर्माण उद्योगों ने सकारात्मक विकास किया । केवल कच्चा तेल, पैट्रोलियम उत्पाद, विक्रय योग्य कच्चा लोहा, लकड़ी और लकड़ी उत्पाद, वनस्पति, मिल का कपड़ा, जीप तथा मोपेड से सम्बन्धित उद्योग समूहों के उत्पाद में गिरावट आई ।

1.32 जहां तक क्षमता के उपयोग का सम्बन्ध है, इस वर्ष मिश्रित प्रवृत्ति परिलक्षित हुई । विद्यमान सम्पन्न इकाइयों ने देश में उपलब्ध विभिन्न व्यापक वित्तीय सेवाओं के माध्यम से वित्त व्यवस्था करते हुए अपनी स्थापित क्षमताओं का बेहतर ढंग से उपयोग किया । किन्तु नई और सीमान्त इकाइयां आंशिक रूप से कच्चे माल और संघटकों के आयात पर रोक लगने तथा अंशतः अपनी द्वीय समस्याओं के कारण अपनी क्षमताओं का पूर्णतः उपयोग नहीं कर पायीं। इस रिपोर्ट के **परिशिष्ट-1** में वर्ष 1990-91 के लिए 60 चुनिंदा औद्योगिक उत्पादों की प्रतिस्थापित क्षमता, उत्पादन और क्षमता उपयोग का प्रतिशत और उनके सम्बन्ध में भाऔविनि की 626 वित्तपोषित संस्थाओं से सम्बन्धित आंकड़े, उनसे प्राप्त निष्पादन रिपोर्टों के आधार पर दिए गए हैं।

उद्योगों की वित्तीय प्रगति

1.33 वर्ष 1990-91 की पहली छमाही में निगमित क्षेत्र में लगातार दूसरे वर्ष भी उत्साहवर्धक वित्तीय परिणाम परिलक्षित हुए। सामान्यतः, 1990-91 की पहली छमाही में बिक्री और सकल लाभ में ऊंची विकास दर की उपलब्धि, मोटर-वाहन, सीमेंट, विद्युत मशीनरी, सूती वस्त्र उद्योग तथा होटल उद्योग में देखी गयी परन्तु, दूसरी छमाही में अनिश्चितता की स्थिति, विभिन्न आयातित औद्योगिक निविष्टियों में कटौती और तेल संकट के कारण अधिक लेवी लगाए जाने तथा भुगतान संतुलन की जटिल स्थिति के कारण निगमित क्षेत्र के कार्य परिणामों की प्रगति में काफी कमी आई। फिर भी, यह आशा की जाती है, कि समग्रतः 'रुग्ण' अथवा 'बन्द' इकाइयों को छोड़ कर समस्त उद्योगों समूहों की अन्य इकाइयों द्वारा (रबड़ और प्लास्टिक, साइकिल, लकड़ी और लकड़ी उत्पादों के अतिरिक्त) पिछले वर्ष की प्रगति के स्तर की तुलना में, समग्रतः बेहतर वित्तीय प्रगति प्राप्त की जा सकेगी।

परिप्रेक्ष्य

संभावनाएं (1991-92)

1.34 तेल संकट तथा उसके फलस्वरूप खाड़ी युद्ध के कारण आर्थिक परिदृश्य में गम्भीर परिवर्तन हुए हैं। मन्दी की प्रवृत्ति के भय के कारण, जिसकी अस्पष्ट छाया विश्व के विकसित देशों में भी दृष्टिगोचर हो रही है, आर्थिक परिदृश्य को तात्कालिक अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है। जहां तक भारत का प्रश्न है, इस बात में कोई सन्देह नहीं है, कि इन स्थितियों के बावजूद अर्थ-व्यवस्था के सुदृढ़ मूलाधार तथा निगमित क्षेत्र के कार्य निष्पादन मजबूत बने हैं। अतः भारत के संदर्भ में बहुत कुछ निर्भर करता है, कृषि, उद्योग, विदेशी निवेश, व्यापार, कराधान राजस्व और वित्त जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में काफी समय में आवश्यक समझी जा रही भावी नई दिशाओं के सृजन पर। आठवीं योजना के लक्ष्यों तथा कार्य नीतियों को भी शीघ्रातिशीघ्र अन्तिम रूप दिए जाने की आवश्यकता है, ताकि प्राथमिकताओं, विकास संभावनाओं एवं संसाधनों के सम्बन्ध में समुचित अवधारणा निर्मित की जा सके।

1.35 बढ़ते हुए बजट घाटे के कारण उत्पन्न वित्तीय असंतुलन तथा उसे रोकने एवं नियंत्रित करने के लिए अपनाए गए उपायों को और अधिक प्रभावशाली एवं प्रतिबोधात्मक बनाने की आवश्यकता है, ताकि अर्थ-व्यवस्था की वित्तीय शक्ति पुनः जीवन्त हो सके। इस क्षेत्र में, 1991-92 के वित्तीय वर्ष के लिए परिकल्पित सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 6.5% इस बजट घाटे को नियंत्रित रखने का सरकार का इरादा विश्वास उत्पन्न करने वाला कदम प्रतीत होता है। गैर-विकासात्मक खर्च को कम करने के अलावा, इस बात की आवश्यकता है, कि उपसहायता प्रणाली को नया स्वरूप प्रदान किया जाए, तथा कुछ समयावधि के दौरान, उनमें क्रमिक रूप से कटौती की योजना बनाई जाए।

1.36 भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 12 अप्रैल 1991 को चालू वर्ष के लिए नई साख नीति की घोषणा सही रूप में विदेशी मुद्रा की मांग तथा उसके संरक्षण को संतुलित रखते हुए मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने का सामर्थ्य रखती है, जो उचित ही है। साख व्यवस्था पर इसका निश्चित रूप से हितकारी प्रभाव ही पड़ेगा।

1.37 इस संदर्भ में यह भी उल्लेखनीय है कि छठी पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान लगभग 20% की औसत घरेलू बचत दर में से निवेश में 93.5% अंशदान करने में सफलता मिली, तथा केवल 6.5% भाग ही बाह्य पूंजी से निधिक किया गया। सातवीं योजना अवधि के दौरान, औसत घरेलू बचत दर 20.4% रही, जिससे सकल पूंजी निर्माण में केवल 89.5% का ही वित्त पोषण हुआ तथा 10.5% भाग की कमी बाह्य स्रोतों से पूरी की गई। बचत निवेश अन्तराल को दूर करने के लिए आगामी वर्षों में अपेक्षित मात्रा में घरेलू बचत को बढ़ाने की आवश्यकता और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। उस संदर्भ में वित्तीय बाजारों के बदलते हुए परिदृश्य से उद्योग को भी अपेक्षाकृत काफी पूंजी आधार उच्च स्तर पर बिना अति-पूंजीकरण की ओर झुके हुए, करना होगा, जिससे न केवल पूंजी बाजार में अच्छी परिपत्रियों की सापेक्ष कमी दूर हो सके, वरन परियोजना वित्त पोषण के लिए भी उद्योग वित्तीय संस्थानों पर अपनी निर्भरता को भी कम करने में सफल हो सके।

1.38 जहां तक भारत के परिदृश्य का सम्बन्ध है, इसमें कोई संदेह नहीं है कि समग्र रूप से आर्थिक स्थिति के बारे में बेहतर जागरूकता है। साथ ही, अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ आर्थिक मूलाधारों के माध्यम से अर्थव्यवस्था के पुनरुत्थान तथा देश में उपलब्ध संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग की भी सभी स्तरों पर प्रबल आकांक्षा अनुभव की जा रही है। अपनी विस्तृत प्रशिक्षित कार्यशक्ति एवं विकसित वित्तीय एवं कारोबार क्षेत्रों के माध्यम से भारत के पास वह सभी विशेषताएं मौजूद हैं जो विदेशी निवेश के लिए एक आकर्षण बिन्दु बन सकती है, बशर्ते कि उपयुक्त "नीति-मिश्र" का अनुसरण किया जाए। चालू वर्ष, 1991-92 की आर्थिक संभावनाएं वृहत् आर्थिक प्रबंध पर महत्वपूर्ण रूप से निर्भर करती है, जिसके लिये आठवीं योजना को अन्तिम रूप दिया जाना मध्यावधि परिप्रेक्ष्य प्रस्तुत करने की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है। तथापि इसकी कार्य क्षमता, राजस्व घाटे को नियन्त्रित करने तथा मुद्रा संभरण की वृद्धि, इसके अतिरिक्त विदेशी मुद्रा आरक्षित निधियों का प्रबन्ध करने और भुगतान घाटे में संतुलन के लिए प्रासंगिक होगी। आयातों में तत्काल कमी करने और मूल्य वृद्धि के दबावों को रोकने के लिए उठाए गए उपाय संभवतः अल्पावधि औद्योगिक क्षेत्र, विशेष रूप से ऐसे उद्योगों, जो कि कच्चे माल के आयात पर निर्भर हैं, और नई परियोजनाओं, जिनमें बड़ी मात्रा में आयातित संयंत्र और उपस्कर हैं, को प्रभावित तो करेगा, परन्तु मध्यावधि एवं दीर्घावधि में, बहुत कुछ समग्रतः जुटाए गए संसाधनों और निर्यात की दिशा में उपलब्धि पर निर्भर करेगा।

2. परिचालन संसाधन एवं कार्य परिणाम

(क) **परिचालन**

समग्र परिचालन

2.01 वर्ष 1990-91 के दौरान, किंचित अनिश्चित परिचालन वातावरण के बावजूद भाअौविनि मंजूरियों और संवितरणों के क्षेत्र में वृद्धि की स्थिति को बनाए रखने में समर्थ रहा। भाअौविनि की समग्र मंजूरियां, इसकी विभिन्न सहायता योजनाओं के अन्तर्गत 960 परियोजनाओं के लिए कुल मिलाकर 2,965.06 करोड़ रुपए की रहीं, जो 1989-90 में 928 परियोजनाओं के लिए 2,294.90 करोड़ रुपए की मंजूरियों से 29.2 प्रतिशत अधिक थीं।

2.02 वर्ष 1990-91 के दौरान कुल संवितरण 1,574.94 करोड़ रुपए के रहे, जोकि 1989-90 में 1,121.84 करोड़ रुपए के संवितरणों से 40.4 प्रतिशत से अधिक थे।

2.03 मंजूरियों और संवितरणों, दोनों ही मामलों में भाऊवित्त वर्ष के लिए निर्धारित अपने लक्ष्यों को पार करने में समर्थ रहा।

2.04 संचयी रूप से मार्च, 1991 के अंत तक भाऊवित्त द्वारा इसकी विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत कुल मंजूरियां 3,958 परियोजनाओं के लिए 11,422.96 करोड़ रुपए की रहीं। 31 मार्च, 1991 तक समग्र संवितरण 7,045.60 करोड़ रुपए के रहे, जिसमें से नकद संवितरण अर्थात् गारंटियों को छोड़कर संवितरणों की राशि 6,918.27 करोड़ रुपए की थी। संवितरण की गई कुल सहायता राशि, मंजूर की गई कुल सहायता राशि की लगभग 61.7 प्रतिशत रही, जो पिछले वर्ष के 62.8 प्रतिशत के लगभग निकटतम ही थी। 31 मार्च, 1991 तक कुल बकाया राशि ऋणियों द्वारा पुनर्अदायगी की निवल राशि को छोड़कर 5,921.45 करोड़ रुपए की थी।

सारणी 3 : मंजूर एवं संवितरित सहायता का योजना-वार वर्गीकरण

(करोड़ रुपये)

वित्तपोषण योजना	1990–91 (अप्रैल–मार्च)			31 मार्च, 1991 तक संचयी		
	परियोजनाओं की संख्या	मंजूरियां	संवितरण	परियोजनाओं की संख्या	मंजूरियां	संवितरण
		रु०	रु०		रु०	रु०
I. परियोजना वित्त						
— परियोजनाओं से सम्बन्धित	729	2,223.86 (75%)	1,157.80 (73.5%)	3,453	9,584.06 (83.9%)	6,091.43 (86.5%)
उप जोड़ (I)	729	2,223.86 (75%)	1,157.80 (73.5%)	3,453 (83.9%)	9,584.06 (86.52)	6,091.43
II. वित्तीय सेवायें						
— उपकर वित्त	94	204.65 (6.9%)	110.44 (7.0%)	327	513.27 (4.5%)	360.88 (5.1%)
— उपस्कर लीजिंग	31	102.59 (3.5%)	60.81 (3.9%)	95	314.67 (2.8%)	208.54 (3.0%)
— उपस्कर उपार्जन	3	5.94 (0.2%)	7.23 (0.5%)	27	39.43 (0.3%)	24.15 (0.3%)
— उपस्कर उधार	80	171.15 (5.8%)	154.50 (9.8%)	130	318.53 (2.8%)	208.06 (3.0%)
— पूर्तिकर–उधार	8	87.50 (2.9%)	5.18 (0.3%)	71	370.84 (3.3%)	13.91 (0.2%)
— क्रेता–उधार	25	79.78 (2.7%)	16.78 (1.1%)	39	130.62 (1.1%)	35.98 (0.5%)
— लीजिंग एवं किराया खरीद संस्थाओं को वित्त	34	89.59 (3.0%)	62.20 (3.9%)	63	151.54 (1.3%)	102.65 (1.4%)
उप जोड़ (II)	275	741.20 (25%)	417.14 (26.5%)	752	1,838.90 (16.1%)	954.17 (13.5)%
कुल जोड़ (I+II)	1,004*	2,965.06 (100%)	1,574.94 (100%)	4,205	11,422.96 (100%)	7,045.60 (100%)

टिप्पणी : (1) *वास्तविक सहायता प्राप्त परियोजनाएं वर्ष 1990–91 की 960, और 31 मार्च 1991 तक, 3,958 थीं। कुछ परियोजनाओं ने एक से अधिक योजनाओं के अन्तर्गत सहायता प्राप्त की है।

(2) कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े जोड़ के प्रतिशत के द्योतक हैं।

सहायता का योजना-वार वर्गीकरण

2.05 भाऔवित्तनि की सहायता को मुख्यत: दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है :

—परियोजना वित्त और

—वित्तीय सेवाएं।

यद्यपि, परियोजना वित्त आरम्भ से ही भाऔवित्तनि के कारोबार का मूलाधार बना हुआ है, किन्तु वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में मूल रूप से भाऔवित्तनि ने 1986-87 से ही प्रवेश किया। परियोजना और वित्तीय सेवाओं, दोनों ही क्षेत्रों में वर्ष 1990-91 में मंजूर और संवितरित सहायता का योजना-वार विस्तृत वर्गीकरण एवं 31 मार्च, 1991 को योजना-वार संचयी आंकड़ों की स्थिति सारणी-3 में दी गई है।

2.06 वर्ष के दौरान, जबकि परियोजना-वित्त के अन्तर्गत मंजूरियों और संवितरणों में क्रमश: 40.7 प्रतिशत और 40.5 प्रतिशत की वृद्धि रिकार्ड की गई, वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में संवितरणों में ही 40.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वित्तीय सेवाओं के अन्तर्गत वर्ष के दौरान, मंजूरियों में, पिछले वर्ष की मंजूरियों की तुलना में 3.7 प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई। कुल मंजूरियों में, वर्ष के दौरान, वित्तीय सेवाओं का भाग 25 प्रतिशत रहा।

परियोजना वित्त

परियोजना वित्त

2.07 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान परियोजना वित्त मंजूरियों की राशि 729 परियोजनाओं के लिए 2,223.86 करोड़ रुपए, (कुल मंजूर की गई सहायता की 75 प्रतिशत) रही, जबकि पिछले वर्ष यह 692 परियोजनाओं के लिये 1,580.35 करोड़ रुपए की थी। इसी प्रकार, परियोजना वित्त के लिए किए गए संवितरणों की राशि 1,157.80 करोड़ रुपए, (कुल संवितरित की गई राशि की 73.5 प्रतिशत) रही, जबकि पिछले वर्ष संवितरण 824.30 करोड़ रुपये के रहे थे।

सारणी 4 : परियोजना वित्त का सुविधावार वर्गीकरण (करोड़ रुपये)

सुविधा	1990–91 (अप्रैल–मार्च)		31 मार्च 1991 तक संचयी	
	मंजूरियां (रु०)	संवितरण (रु०)	मंजूरियां (रु०)	संवितरण (रु०)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
परियोजना वित्त				
— रुपया ऋण	1,469.02 (66.1%)	858.65 (74.2%)	6,780.57 (70.8%)	4,776.10 (78.4%)
— विदेशी मुद्रा ऋण*	552.19 (24.8%)	233.25 (20.1%)	1,968.58 (20.5%)	1,022.91 (16.8%)
— हामीदारी तथा प्रत्यक्ष अभिदान	141.06 (6.3%)	15.87 (1.4%)	627.39 (6.5%)	165.09 (2.7%)
— गारंटियां				
— आस्थगित अदायगियों हेतु	38.28 (1.8%)	32.16 (2.7%)	126.19 (1.3%)	77.16 (1.3%)
—विदेशी ऋणों हेतु	23.31 (1.0%)	17.87 (1.6%)	81.33 (0.9%)	50.17 (0.8%)
जोड़	2,223.86 (100%)	1,157.80 (100%)	9,584.06 (100%)	6,091.43 (100%)

* इसमें इक्विटी शेयरों में संपरिवर्तित बकाया ऋण राशि का भाग, जहां सहायता की मंजूरी के समय संपरिवर्तन के अधिकार की शर्त रखी गई थी, इक्विटी शेयरों में संपरिवर्तित संपरिवर्तनीय डिबेंचर और शेयरों/डिबेंचरों में संपरिवर्तित अतिदेय ब्याज आदि के भाग भी शामिल हैं।

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े जोड़ के प्रतिशत द्योतक हैं।

सहायता का सुविधा-वार वर्गीकरण

2.08 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान तथा 31 मार्च, 1991 तक संचयी रूप से मंजूरियों और संवितरण तथा उक्त तिथि को परियोजना वित्त का सुविधा-वार वर्गीकरण, चार पृथक शीर्षकों, अर्थात् रुपया ऋण, विदेशी मुद्रा ऋण, हामीदारी एवं प्रत्यक्ष अभिदान और गारंटियों के अधीन सारणी-4 में दिया गया है।

उधार

(क) रुपया ऋण

2.09 वर्ष के दौरान मंजूर किए गए 1,469.02 करोड़ रुपए के रुपया ऋणों ने, जिसमें उपस्कर वित्त सहायता शामिल नहीं है, वर्ष 1989-90 में 1,139.54 करोड़ रुपए की रुपया ऋण मंजूरियों की तुलना में 28.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्शायी। इसी प्रकार, वर्ष के दौरान 858.65 करोड़ रुपए के रुपया ऋण संवितरण भी (जिसमें उपस्कर वित्त सहायता शामिल नहीं है), 1989-90 में 664.66 करोड़ रुपये के रुपया ऋण संवितरणों की तुलना में 29.2 प्रतिशत अधिक रहे।

(ख) विदेशी मुद्रा ऋण

2.10 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, अन्य बातों के साथ-साथ, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय संस्थानों के पास उपलब्ध ऋणों के आधार पर पूंजीगत माल के आयात का वित्तपोषण किए जाने के दिशा निर्देश के कारण, विदेशी मुद्रा ऋण मंजूरियों और संवितरणों में भी वृद्धि हुई। वर्ष के दौरान 552.19 करोड़ रुपए के विदेशी मुद्रा ऋण (उपस्कर वित्त को छोड़कर), मंजूर किए गए, जो पहले वर्ष 312.53 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा ऋण मंजूरियों की तुलना में 76.7 प्रतिशत अधिक थे। इसी प्रकार वर्ष के दौरान 233.25 करोड़ रुपए के विदेशी मुद्रा ऋण संवितरण (उपस्कर वित्त को छोड़कर) 1989-90 के दौरान 127.67 करोड़ रुपये के विदेशी मुद्रा ऋण संवितरणों की तुलना में 82.7 प्रतिशत अधिक थे।

2.11 वर्ष के दौरान परियोजना वित्त (जिसमें उपस्कर वित्त सहायता शामिल नहीं है), के अंतर्गत मंजूरियों और संवितरणों के रूप में रुपया ऋण; कुल मंजूरियों और संवितरणों के क्रमशः 66.1 प्रतिशत और 74.2 प्रतिशत थे। वर्ष के दौरान परियोजना वित्त के अधीन विदेशी मुद्रा ऋण की मंजूरियों और संवितरणों के अंश क्रमशः 24.8 प्रतिशत और 20.1 प्रतिशत रहे।

निवेश

2.12 भाऔविनि के निवेश कार्य मूलतः आकार में मामूली, किन्तु स्वरूप में उत्प्रेरक रहते हैं। भाऔविनि की इक्विटी भागीदारी बहुत सामान्य स्तर पर मात्र परियोजना वित्त मामलों तक ही सीमित है, और वह भी यथासंभव; इसके द्वारा प्रदान किए जाने के लिए सहमत अन्य प्रकार की सहायता के साथ मिलकर की जाती है। वर्ष के दौरान, हामीदारी और प्रत्यक्ष अभिदान की शर्तों पर भाऔविनि की 141.06 करोड़ रुपये की मंजूरियों में, 1989-90 में 100.90 करोड़ रुपये की ऐसी ही मंजूरियों की तुलना में 39.8 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित हुई। तथापि, समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कुल परियोजना वित्त मंजूरियों में हामीदारी और प्रत्यक्ष अभिदान का भाग 6.3 प्रतिशत था।

2.13 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, भाऔविनि ने 76 संस्थाओं को 73.32 करोड़ रुपये की कुल राशि के लिए इक्विटी शेयरों में, और 10 संस्थाओं को 40.43 करोड़ रुपये की सीमा तक डिबेंचरों में, हामीदारी की सुविधा प्रदान की। प्रत्यक्ष अभिदान से संबंधित लगभग 27.31 करोड़ रुपए की मंजूरियों में इक्विटी शेयरों के 60 मामले (11.70 करोड़ रुपये), अधिमान शेयरों के 11 मामले (2.94 करोड़ रुपये) तथा डिबेंचरों के 12 मामले (12.67 करोड़ रुपये) शामिल थे।

2.14 वर्ष के दौरान, भाऔविनि द्वारा शेयरों और डिबेंचरों के लिए हामीदारीकृत संस्थाओं के 61.06 करोड़ रुपये के 45 निर्गम बाजार में जारी किए गए। हामीदारी दायित्व के रूप में जो शेयर और डिबेंचर भाऔविनि को लेने पड़े, उनकी राशि 7.10 करोड़ रुपये की रही। इसके अतिरिक्त, भाऔविनि ने प्रत्यक्ष अभिदान से संबंधित मंजूरियों के लिए 78 कम्पनियों के लगभग 11.68 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों, 1.51 करोड़ रुपये के अधिमान शेयरों तथा 1.58 करोड़ रुपये के डिबेंचरों में अभिदान किया।

गारंटियां

2.15 वर्ष के दौरान, चार मामलों में गारंटियां प्रदान करने पर सहमति हुई, जिनमें से दो मामले मशीनरी संभरकों को कुल मिलाकर 38.28 करोड़ रुपये की आस्थगित अदायगियों से संबंधित थे, तथा दो मामले कुल मिलाकर 23.31 करोड़ रुपये के विदेशी ऋणों से संबंधित थे। वर्ष के दौरान परियोजना वित्त मंजूरियों के मामले में आस्थगित अदायगियों और विदेशी ऋणों दोनों के लिए समग्र गारंटी का हिस्सा 2.8 प्रतिशत था। वर्ष के दौरान दो मामलों में गारंटियां निष्पादित की गईं, जिनमें से एक गारंटी उत्तर प्रदेश में स्थित सिन्थेटिक फाइबर इकाई के लिए 32.16 करोड़ रुपये हेतु विदेशी मशीनरी के संभरण से संबंधित थी, और दूसरी गारंटी उड़ीसा में चार्जक्रोम परियोजना द्वारा लिए गए 17.87 करोड़ रुपये के विदेशी मुद्रा ऋण से संबंधित थी।

परियोजना वित्त के अंतर्गत सहायता का प्रयोजन-वार वर्गीकरण

(क) नई परियोजनाओं को सहायता

2.16 भाऔविनि द्वारा वर्ष 1990-91 में मंजूर की गई कुल परियोजना वित्त सहायता में से 223 नई परियोजनाओं को 1,136.42 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त हुई, जिसमें 33.1 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित हुई। वित्तीय सहायता में नई परियोजनाओं का भाग 51.1 प्रतिशत था, जबकि विद्यमान इकाइयों का भाग, अन्य बातों के साथ-साथ, अपनी विस्तार, विशाखन, आधुनिकीकरण आदि योजनाओं के लिए 48.9 प्रतिशत रहा।

2.17 वर्ष के दौरान वित्तपोषित 223 नई परियोजनाओं में से 8 परियोजनाओं के मामले में पूंजी लागत 3 करोड़ रुपये तक थी, 41 परियोजनाएं अलग-अलग 3 करोड़ रुपये और 5 करोड़ रुपये के पूंजी लागत के बीच की थीं, जिनमें पूंजी लागत 5 करोड़ रुपये से 10 करोड़ रुपये के बीच थी, 42 परियोजनाओं की पूंजी लागत 10 करोड़ रुपये से लेकर 20 करोड़ रुपये तक थी, और 84 परियोजनाएं ऐसी थीं, जिनकी पूंजी लागत प्रति परियोजना 20 करोड़ रुपये से अधिक थी।

(ख) विद्यमान परियोजनाओं को सहायता

2.18 विद्यमान 506 परियोजनाओं को 1,087.44 करोड़ रुपये की सहायता प्राप्त हुई। इनमें से 70 परियोजनाओं को अपने विस्तार और विशालन कार्यक्रम के लिए 202.40 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर हुई। 177 परियोजनाओं को अपने आधुनिकीकरण कार्यक्रमों के लिए 350.03 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की गई, और 259 परियोजनाएं ऐसी थीं, जिन्हें या तो संतुलन उपस्कर या परियोजना अधिव्यय, या अन्य अनुमेय प्रयोजनों, आदि, की लागत को पूरा करने के लिए 535.01 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई थी।

2.19 भाओवित्तनि उन विद्यमान इकाइयों की वित्तीय सहायता प्रदान करने पर जोर देता रहा, जो या तो उपस्कर वित्तपोषण योजना या इसकी सामान्य योजनाओं के अधीन क्षमताओं के विस्तार, नए उत्पादनों के रूप में विशाखन, संयंत्र और उपस्कर के संतुलन तथा विद्यमान इकाइयों के आधुनिकीकरण के लिए सहायता चाहती थी। चीनी, वस्त्र और जूट की विद्यमान इकाइयों के आधुनिकीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए, तीन आधुनिकीकरण निधियों, अर्थात् चीनी विकास निधि, वस्त्र आधुनिकीकरण निधि और जूट आधुनिकीकरण निधि से सम्बन्धित योजनाएं वर्ष भर कार्यरत रहीं। वर्ष के दौरान, मंजूर 350.03 करोड़ रुपये की आधुनिकीकरण सहायता में, वस्त्र आधुनिकीकरण निधि योजना के अधीन 70 वस्त्र इकाइयों को 52.60 करोड़ रुपये, जूट आधुनिकीकरण निधि योजना के अधीन 4 जूट इकाइयों को 11.35 करोड़ रुपए और अन्य आधुनिकीकरण योजनाओं के अधीन चीनी इकाइयों सहित 103 परियोजनाओं को 286.08 करोड़ रुपये की सहायता शामिल है। वित्तीय संस्थानों और भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय द्वारा वस्त्र आधुनिकीकरण निधि योजना तथा जूट आधुनिकीकरण निधि योजना की समय-समय पर समीक्षा की जाती रही, जबकि भारत सरकार द्वारा भाओवित्तनि को केन्द्रीय अभिकरण बनाकर, आरम्भ की गई चीनी विकास निधि योजना की समीक्षा चीनी और वनस्पति निदेशालय, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्रालय (भारत सरकार) द्वारा की जाती रही।

परियोजना वित्त के अधीन भाओवित्तनि की सहायता के विशेष पहलू (1990-91)

2.20 1990-91 में परियोजना वित्त के अधीन भाओवित्तनि की सहायता की कुछ विशेष पहलू/मुख्य विशेषताएं इस प्रकार थीं :—

— सहायता प्राप्त 223 नई परियोजनाओं में से 23 परियोजनाएं ऐसी थीं, जो प्रथम पीढ़ी के उद्यमियों द्वारा प्रवर्तित की गई थीं। इन्हें 66.02 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई।

— निगमित क्षेत्र के अस्पतालों और बहु-आयामी स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए भाओवित्तनि की सहायता योजना के अधीन 15 अस्पतालों को 27 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई।

— 44 होटल तथा पर्यटन से सम्बन्धित परियोजनाओं के लिए 54.56 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई।

— निर्यात दायित्व वाली 57 निर्यातोन्मुख परियोजनाओं को 266.11 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

— प्रवासी भारतीयों द्वारा प्रवर्तित 8 परियोजनाओं को 46.75 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई।

— वर्ष के दौरान ऐसी 106 परियोजनाओं को 919.95 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई, जिनमें विदेशी सहयोग और/अथवा विदेशों में प्रौद्योगिकी अन्तरण की सुविधा थी।

— ग्यारह परियोजनाएं ऐसी थीं, जिन्होंने देश में पहली बार कुछ उत्पादों के विनिर्माण, या देश में पहली बार बेहतर और उन्नत प्रौद्योगिकी आरम्भ करने पर विचार किया। ऐसी परियोजनाओं को 69.26 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की गई।

वित्तीय सेवाएं

मर्चेंट बैंकिंग

2.21 भाओवित्तनि ने वर्ष 1986-87 में मर्चेंट बैंकिंग एवं समवर्गीय सेवाएं आरम्भ करके वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में प्रवेश किया। यद्यपि भाओवित्तनि ने इस क्षेत्र में देर से कदम रखा, फिर भी चार वर्ष की अवधि में भाओवित्तनि के मर्चेंट बैंकिंग एवं समवर्गीय सेवाएं विभाग, वित्तीय सेवाओं के अधीन, उपस्कर वित्त, उपस्कर लीजिंग, उपस्कर उपार्जन, उपस्कर उधार, पूर्तिकार उधार, क्रेता उधार, लीजिंग और किराया खरीद संस्थाओं का वित्तपोषण, आदि, जैसी अनेक योजनाएं आरम्भ करने के अतिरिक्त निधि-आधारित और गैर-निधि-आधारित, दोनों ही क्रियाकलापों का विस्तार करके अपने को सुप्रतिष्ठित करने में सफल रहा है। वर्ष के दौरान, मर्चेंट बैंकिंग एवं समवर्गीय सेवाएं विभाग ने परियोजना परामर्श, ऋण सामूहिकीकरण, न्यासिता दत्तकार्य, समामेलन और विलयन, आदि, के क्षेत्र में भी अपने क्रियाकलापों को गहन किया।

2.22 वर्ष के दौरान, भाओवित्तनि के मर्चेंट बैंकिंग एवं समवर्गीय सेवाएं विभाग ने, अपने बम्बई स्थित क्षेत्रीय कार्यालय सहित, 82 मर्चेंट बैंकिंग दत्तकार्य पूरे किए, जिनमें से 31 निर्गम प्रबन्ध सेवाओं, 16 परियोजना परामर्श, 29 परियोजना मूल्यांकन, 5 डिबेंचर न्यासिता तथा एक समामेलन और विलयन की योजना से सम्बन्धित था। निर्गम प्रबन्ध दत्तकार्यों से, वर्ष के दौरान, 520 करोड़ रुपये की निधियां जुटाने में सहायता मिली। संचयी रूप से भाओवित्तनि के मर्चेंट बैंकिंग विभाग ने जुलाई, 1986 में अपनी स्थापना से लेकर 31 मार्च, 1991 तक 129 सार्वजनिक निर्गमों सहित 248 दत्तकार्य पूरे किए थे, जिनसे 1,391.93 करोड़ रुपये की निधियां जुटाने में सहायता मिली थी।

उपस्कर वित्त

2.23 वर्ष के दौरान उपस्कर वित्त योजना के अधीन 94 इकाइयों को कुल मिला कर 204.65 करोड़ रुपये की ऋण सहायता (77 करोड़ रुपये के विदेशी मुद्रा ऋण सहित) मंजूर

की गई । उपर्युक्त ऋण सहायता, पिछले वर्ष 92 इकाइयों को मंजूर की गई 129.36 करोड़ रुपये की ऋण सहायता से 58.2 प्रतिशत अधिक थी । उपस्कर वित्त योजना के अधीन भाऔविनि ने संचयी रूप से 327 इकाइयों को 513.27 करोड़ रुपये की सहायता (117.66 करोड़ रुपये के विदेशी मुद्रा ऋण सहित), मंजूर की थी, जिसके अन्तर्गत 31 मार्च, 1991 तक 360.88 करोड़ रुपये (मंजूरियों का 70.3 प्रतिशत) का संवितरण, 41.34 करोड़ रुपये के विदेशी मुद्रा में संवितरण सहित, किया गया था ।

उपस्कर लीजिंग

2.24 भाऔविनि द्वारा इसकी वित्तीय सेवाओं के अधीन प्रदान की जा रही उपस्कर लीजिंग सेवाओं में वित्तीय लीज (मास्टर लीज सहित) सामयिक लीज, बिक्री एवं लीज-वापसी व्यवस्था शामिल हैं । वर्ष के दौरान, 102.59 करोड़ रुपये की लीज लागत पर उपस्कर प्रदान करने के लिए 31 लेन-देन को अन्तिम रूप प्रदान किया गया । संचयी रूप से 31 मार्च, 1991 तक उपस्कर लीजिंग के अधीन 314.67 करोड़ रुपये की समग्र मंजूरियां दी गई, जिनमें से 208.54 करोड़ रुपये का संवितरण किया गया ।

उपस्कर उपार्जन

2.25 उपस्कर उपार्जन योजना के अधीन वर्ष 1990-91 में 3 औद्योगिक इकाइयों को 5.94 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई । समग्र रूप से, 31 मार्च, 1991 तक उपस्कर उपार्जन योजना के अधीन भाऔविनि की मंजूरियां 39.13 करोड़ रुपए की थीं । जिनके अंतर्गत 24.15 करोड़ रुपए का संवितरण किया गया था ।

उपस्कर उधार

2.26 उपस्कर उधार योजना, जो भाऔविनि द्वारा 28 जुलाई, 1989 से आरम्भ की गई थी, समीक्षाधीन वर्ष के दौरान सक्रिय रूप से कार्यरत रही । उपस्कर उधार योजना के अधीन वर्ष 1990-91 के दौरान 80 विद्यमान औद्योगिक इकाइयों को 171.15 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई, जबकि पिछले वर्ष 57 इकाइयों को 114.32 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई थी। संचयी रूप से 31 मार्च, 1991 तक उपस्कर उधार योजना के अधीन समग्र मंजूरियां 318.53 करोड़ रुपये की थीं, जिनके अन्तर्गत 208.06 करोड़ रुपये का संवितरण किया गया था ।

पूंजीकार उधार

2.27 पूंजीकार उधार योजना के अधीन वर्ष 1990-91 के दौरान 8 उपस्कर विनिर्माता इकाइयों को 87.50 करोड़ रुपये का उधार मंजूर किया गया । संचयी रूप से 31 मार्च, 1991 तक पूंजीकार उधार योजना के अधीन 71 उपस्कर विनिर्माता इकाइयों को 370.84 करोड़ रुपये की सीमा तक सहायता मंजूर की गई थी, जिनके अन्तर्गत 13.91 करोड़ रुपये की संवितरण किया गया था । इस योजना के अधीन ऋण सुविधाओं के प्रयोग की गति धीमी होने का कारण यह था, कि अधिकांश ग्राहकों ने अनुभव किया, कि उनके द्वारा अपने उपभोक्ता क्रेताओं के लिए आहरित मियादी बिलों की सह-स्वीकृति/बैंक गारंटियां प्राप्त करनी कठिन थी । अतः इस योजना के अन्तर्गत समग्र मंजूरियां और स्वर्ण योजना भी, वर्ष के अंत में समीक्षाधीन थी ।

क्रेता उधार

2.28 क्रेता उधार योजना ने, जो पिछले वर्ष ही आरम्भ की गई थी, वर्ष के दौरान, भली प्रकार प्रगति की । 1990-91 के दौरान, इस योजना के अधीन 25 औद्योगिक इकाइयों को 79.78 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गयी । संचयी रूप से 31 मार्च, 1991 तक इस योजना के अधीन 130.62 करोड़ रुपये का उधार मंजूर किया गया था, जिनके अन्तर्गत 35.98 करोड़ रुपये का संवितरण किया जा चुका था । इस सम्बन्ध में, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वाणिज्यिक बैंकों पर लगाए गए प्रतिबंधों के कारण ग्राहकों द्वारा कुछ कठिनाइयां अनुभव की गई, जो आहरित मियादी बिलों की सह-स्वीकृति के उन मामलों से संबंधित थीं, जहां कि संस्थानों द्वारा सहायता मंजूर की गई थी । अतः वर्ष के अन्त में इस योजना की भी समीक्षा जारी थी ।

लीजिंग और किराया खरीद संस्थाओं का वित्तपोषण

2.29 भाऔविनि, पहले के ही भांति लीजिंग और किराया खरीद संस्थाओं को मात्र चयनात्मक आधार पर सहायता प्रदान करता रहा । तदनुसार, समीक्षाधीन वर्ष के दौरान केवल 34 लीजिंग संस्थाओं को ही 89.59 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की गई । फिर भी यह पिछले वर्ष 31 लीजिंग संस्थाओं की मंजूर की गई 38 करोड़ रुपये की सहायता से काफी अधिक रही । 31 मार्च, 1991 तक भाऔविनि ने संचयी आधार पर 63 लीजिंग संस्थाओं को 151.54 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की थी, जिसके अन्तर्गत कुल मिलाकर 102.65 करोड़ रुपये के संवितरण किए जा चुके थे ।

समग्र परिचालन

आवेदनों की गति

2.30 परियोजना वित्त के अधीन, भाऔविनि ने 1990-91 के दौरान, या, तो स्वयं, या, संयुक्त वित्तपोषण के आधार पर 751 पात्र संस्थाओं से कुल मिलाकर 8,476.46 करोड़ रुपए के आवेदनों पर (उपस्कर वित्त योजना के अधीन आवेदनों सहित) विचार किया । 81.47 करोड़ रुपये की सहायता के लिए 7 संस्थाओं के आवेदनों को, या तो आवेदकों द्वारा वापस ले लिया गया, अथवा प्रगति के अभाव या प्रस्तावित परियोजना के व्यवहार्य न होने के कारण उन्हें बंद मान लिया गया । मार्च, 1991 के अंत तक 493.40 करोड़ रुपये की कुल सहायता के लिए भाऔविनि के अग्रणी दायित्व में 33 संस्थाओं के (17 संयुक्त वित्तपोषण के आधार पर) आवेदन विचाराधीन थे, और उनके संबंध में विभिन्न स्तरों पर कार्रवाई चल रही थी । 31 मार्च, 1991 को समाप्त वर्ष के दौरान 711 अन्य संस्थाओं के आवेदनों पर वित्तीय सहायता मंजूर की गई । 97.5% मामलों में पूरी सूचना एवं आंकड़ों की प्राप्ति की तारीख से, चार माह से भी कम की अवधि में निपटा लिया गया ।

2.31 उपरोक्त आवेदनों के अतिरिक्त, संयुक्त वित्तपोषण के आधार पर समग्रतः 1,213.55 करोड़ रुपये की कुल सहायता के लिए 74 संस्थाओं के आवेदन भाऔविबैंक एवं भाऔमानिनि के अग्रणी दायित्व में विचाराधीन थे, जिनमें आगे चल-

कर भाऔविनि को सम्मिलित किए जाने और भागीदार बनाए जाने की भी पूरी संभावना थी ।

2.32 वित्तीय सेवाओं के अधीन अपनी योजनाओं के सम्बन्ध में भाऔविनि ने 585 करोड़ रुपये की कुल सहायता के लिए 211 संस्थाओं से सहायता (उपस्कर वित्त योजना से भिन्न) के आवेदनों पर विचार किया । इनमें से 181 संस्थाओं के आवेदनों के लिए भाऔविनि द्वारा उपलब्ध वित्तीय सेवाओं के अन्तर्गत आने वाली विभिन्न योजनाओं के अधीन सहायता मंजूर की गई । 23 संस्थाओं के मामलों में यह आवेदन, पात्रता के अभाव में और/अथवा अन्य सम्बन्धित पहलुओं के कारण, वापस ले लिए गए मान लिये गये, और मार्च, 1991 के अन्त में 12.56 करोड़ रुपये की कुल सहायता के लिए 7 संस्थाओं के आवेदन भाऔविनि के विचाराधीन थे ।

समग्र सहायता—उद्योग-वार

2.33 वर्ष 1990-91 के दौरान भाऔविनि द्वारा मंजूर उद्योग-वार सहायता का प्रसार एवं 31 मार्च, 1991 तक संचयी आंकड़े सारणी-5 में दिए गए हैं ।

2.34 1990-91 के दौरान भाऔविनि की सहायता में जिन उद्योगों को उल्लेखनीय भाग प्राप्त हुआ, वे हैं—लोहा व इस्पात (12.8%), रसायन व रसायन उत्पाद (10.6%), वस्त्र (9.9%), सिन्थेटिक रेसिन्स व प्लास्टिक सामान (9.1%), कृत्रिम रेशे (7.5%), सीमेंट (5.9%), मशीनरी और उपांग (5.8%), चीनी (4.4%), इलैक्ट्रानिक्स (3.4%), विद्युत मशीनरी और सामान (3.3%), लीजिंग (3%) कागज और कागज उत्पाद (3%), परिवहन उपस्कर (2.5%), और अन्य (18.8%) । वर्ष के दौरान, दी गई सहायता का उल्लेखनीय पहलू यह था, कि संख्यावार आधार पर वस्त्र उद्योग की 166 इकाइयां इस दृष्टि से सर्वाधिक रहीं, उसके पश्चात रसायन और रसायन उत्पाद (114), लोहा और इस्पात (69), मशीनरी और उपांग (52), चीनी (52), होटल और पर्यटन से संबंधित परियोजनाएं (44), इलैक्ट्रानिक्स (43), परिवहन उपस्कर (39), सीमेंट (38), सिन्थेटिक रेसिन्स और प्लास्टिक सामान (36), लीजिंग और किराया खरीद संस्थाएं (34), कागज और कागज उत्पाद (32), आदि का स्थान रहा ।

सारणी 5 : सहायता का उद्योग वार स्तर

(करोड़ रुपयें)

उद्योग	1990–91 (अप्रैल–मार्च)			31 मार्च, 1991 तक संचयी		
	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि रु०	कुल का प्रतिशत	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि रु०	कुल का प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7
चीनी—सहकारिता	29	69.96	2.3	230	384.38	3.3
—अन्य	23	62.35	2.1	102	214.74	1.9
वस्त्र	166	293.32	9.9	708	1,144.35	10.0
पटसन	4	11.35	0.4	43	59.85	0.5
रसायन :						
—मूल रसायन	63	137.13	4.6	193	589.32	5.2
—उर्वरक व कीटनाशक	19	74.33	2.5	79	547.85	4.8
—कृत्रिम रेशे	21	222.06	7.5	74	831.52	7.3
—कृत्रिम रेसिन्स, प्लास्टिक सामान व उत्पाद	36	270.21	9.1	129	559.35	4.9
—अन्य रसायन व रसायन उत्पाद	51	177.54	6.0	206	496.17	4.3
सीमेंट तथा सीमेंट उत्पादन	38	174.47	5.9	155	791.02	6.9
कागज व कागज उत्पाद	32	88.89	3.0	129	370.65	3.2
रबर उत्पाद	12	40.62	1.4	53	200.25	1.8
लोहा व इस्पात	69	379.26	12.8	259	1,058.82	9.3
मशीनरी व उपांग	52	172.54	5.8	247	686.35	6.0

1	2	3	4	5	6	7
परिवहन उपस्कर व पुर्जे	39	73.44	2.5	162	480.94	4.3
इलैक्ट्रानिक्स	43	101.35	3.4	187	561.47	4.9
बिजली मशीनरी व उपस्कर	27	97.27	3.3	122	277.10	2.4
धातु उत्पाद	20	44.41	1.5	118	233.85	2.0
अलौह धातु	8	28.56	1.0	47	130.38	1.1
विविध अधातु खनिज उत्पाद	31	58.60	2.0	111	247.59	2.2
गैस व बिजली	4	9.50	0.3	28	305.22	2.7
होटर और पर्यटन सम्बन्धी क्रिया-कलाप	44	54.55	1.8	141	235.78	2.1
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सवाएं	15	27.00	0.9	30	68.06	0.6
मत्स्य	1	8.51	0.3	2	11.77	0.1
खनन	8	38.21	1.3	34	126.06	1.1
विविध अन्य उद्योग	71	160.14	5.4	306	658.58	5.8
लीजिंग	34	89.59	3.0	63	151.54	1.3
जोड़ :	960	2,965.06	100.0	3,958	11,422.96	100.00

2.35 संचयी आधार पर भाऔविनि के कुल निवेश में से वस्त्र, रसायन एवं रसायन उत्पाद, लोहा व इस्पात, कृत्रिम रेशे, सीमेंट, मशीनरी, चीनी, इलैक्ट्रानिक्स, सिन्थेटिक रेसिन्स और प्लास्टिक, उर्वरक, परिवहन उपस्कर और कागज सर्वाधिक सहायता प्राप्त करने वाले उद्योगों के रूप में उभर कर आए, जिन्हें भाऔविनि की सहायता का 76.3% भाग प्राप्त हुआ ।

2.36 उत्पादों के उपयोग-आधारित वर्गीकरण के अनुसार 1990-91 के दौरान मंजूर की गई सहायता एवं 31 मार्च, 1991 की स्थिति के अनुसार संचयी सहायता का उद्योग-वार वितरण सारणी-6 में दिया गया है :

सारणी 6 : उत्पादों के उपयोग आधारित वर्गीकरण के अनुसार सहायता का उद्योग वार वितरण

(करोड़ रुपये)

उद्योग	1990–91 (अप्रैल-मार्च)			31 मार्च 1991 तक संचयी		
	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि रु०	कुल का प्रतिशत	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि रु०	कुल का प्रतिशत
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
मूल उद्योग (अर्थात, मूल धातू उद्योग, औद्योगिक रसायन, उर्वरक, सीमेंट, खनन, शक्ति जनन, आदि)	209	841.46	28.4	795	3,548.67	31.1
	(171)	(596.65)	(26.0)	(718)	(2,825.79)	(32.4)
पूंजी माल उद्योग (अर्थात मशीनरी व उपांग, बिजली मशीनरी और उपकरण, परिवहन उपस्कर आदि)	161	444.60	15.0	718	2,005.86	17.6
	(179)	(589.90)	(25.7)	(656)	(1,5978.30)	(18.3)

1	2	3			4		
मध्यवर्ती माल उद्योग (अर्थात् रसायन, उत्पाद, धातु उत्पाद, अधातु, खनिज उत्पाद, पटसन टायर एव ट्यूब आदि)	183	877.04	29.6	773	2,82292	24 7
	(195)	(607.10)	(26.5)	(695)	(2,010.28)	(23.1)
उपभोक्ता माल उद्योग (अर्थात् चीनी, अन्य खाद्य उत्पाद, सूती/ ऊनी वस्त्र, कागज और अन्य विविध उद्योग)	312	622.36	21.0	1,424	2,549.48	22.3
	(287)	(367.10)	(16.0)	(1,304)	(1,951.71)	(22.4)
सेवा उद्योग (अर्थात् होटल, चिकित्सा सेवाएं, जहाज-रानी, आदि)	95	179.60	6.0	248	496.03	4.3
	(96)	(134.15)	(5.8)	(191)	(326.90)	(3.8)
जोड़	960	2965.06	100.0	3,958	11,422.96	100.0
	(928)	(2,294.90)	(100.0)	(3,564)	(8,712.98)	(100.0)

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े पिछले वर्ष 1989–90 और संचयी 31 मार्च 1991 के हैं ।

2.37 पिछले वर्ष की तुलना में, 1990-91 में भाऔविनि की सहायता प्राप्त मूलभूत उद्योगों, मध्यवर्गी माल उद्योगों, उपभोक्ता माल उद्योगों और सेवा उद्योगों की स्थिति में सुधार हुआ । तथापि, पिछले वर्ष 1989-90 की तुलना में इस वर्ष के दौरान सहायता में वृद्धि होने से उपभोक्ता वस्तुओं (69.5%), मध्यवर्ती माल उद्योगों (44.5%), मूलभूत उद्योगों (41.0%) और सेवा उद्योगों (33.9%) में सुधार परिलक्षित हुआ । लेकिन 1990-91 में पूंजीगत माल उद्योगों में 24.6% की गिरावट आई । वर्ष के दौरान प्रतिशत के हिसाब से वित्तपोषित परियोजनाओं की संख्या में सर्वाधिक वृद्धि मूलभूत उद्योगों (22.2%) में रही, और उसके बाद उपभोक्ता वस्तु उद्योगों (8.7%) में बढ़ोत्तरी देखी गई ।

समग्र सहायता—राज्य-वार

2.38 वर्ष 1990-91 में तथा 31 मार्च, 1991 तक संचयी आधार पर भाऔविनि की सहायता का राज्य-वार ब्यौरा सारणी-7 में दिया गया ।

2.39 वर्ष के दौरान, मात्रा-वार आधार पर भाऔविनि की सहायता में प्रथम पांच स्थान महाराष्ट्र, गुजरात, आन्ध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश राज्यों को प्राप्त हुए । यद्यपि परियोजनाओं की संख्या-वार आधार पर अवरोही क्रम में प्रथम पांच स्थान क्रमशः महाराष्ट्र, तमिलनाडु, आन्ध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश और गुजरात के रहे ।

2.40 पिछले वर्ष सहायता के प्रतिशत भाग की तुलना में वर्ष 1990-91 के दौरान भाऔविनि की सहायता में आन्ध्र प्रदेश, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश के राज्यों ने अपनी स्थिति में सुधार किया।

सारणी 7 : सहायता का राज्य केन्द्र शासित प्रदेश-वार प्रसार

(करोड़ रुपये)

राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश	1990–91 (अप्रैल मार्च)			31 मार्च, 1991 तक संचयी		
	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि रु०	कुल का प्रतिशत	परियोजनाओं की संख्या	मंजूर राशि रु०	कुल का प्रतिशत
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
आन्ध्र प्रदेश	99	310.96	10.5	374	1,105.05	9.7
अरूणाचल प्रदेश	—	—	—	1	0.16	—
असम	8	13.05	0.4	41	101.83	0.9

1	2	3	4	5	6	7
बिहार	11	23.08	0.8	83	187.78	1.6
गोवा	5	10.88	0.4	30	66.94	0.6
गुजरात	85	448.16	15.1	356	1,449.32	12.7
हरियाणा	46	86.24	2.9	178	375.39	3.3
हिमाचल प्रदेश	20	59.18	2.0	53	161.12	1.4
जम्मू-कश्मीर	2	5.00	0.2	21	31.75	0.3
कर्नाटक	50	151.32	5.1	249	541.89	4.8
केरल	13	8.20	0.3	96	154.27	1.4
मध्य प्रदेश	55	224.80	7.6	177	617.63	5.4
महाराष्ट्र	157	626.20	21.1	698	2,216.26	19.4
मणिपुर	—	—	—	1	2.45	—
मेघालय	—	—	—	6	8.13	0.1
नागालैंड	—	—	—	4	2.60	—
उड़ीसा	14	52.09	1.7	77	336.43	3.0
पंजाब	53	144.77	4.9	189	598.60	5.2
राजस्थान	57	155.90	5.2	165	597.91	5.2
सिक्किम	—	—	—	3	2.90	—
तमिलनाडु	114	192.32	6.5	390	794.61	7.0
त्रिपुरा	—	—	—	3	4.41	—
उत्तर प्रदेश	96	291.12	9.8	419	1,346.01	11 8
पश्चिमी बंगाल	33	79.86	2.7	217	400.63	3.5
अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	1	0.45	—	1	1.42	—
चण्डीगढ़	2	7.62	0.3	6	15.34	0.1
दादरा एवं नगर हवेली	4	14.47	0.5	12	25.32	0.2
दमन एवं दीव	2	1.96	0.1	6	7.26	0.1
दिल्ली	23	40.71	1.4	69	206.79	1.8
पाण्डिचेरी	10	16.72	0.5	33	62.76	0.5
जोड़	960	2,965.06	100.0	3,958	11,422.96	100.0

2.41 समग्र रूप से, 31 मार्च, 1991 तक भाऔविनि द्वारा मंजूर की गई कुल संचयी सहायता में प्रथम पांच स्थान महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश, आन्ध्र प्रदेश और तमिलनाडु के राज्यों ने प्राप्त किए । अन्य स्थान क्रमशः मध्य प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, हरियाणा और उड़ीसा के रहे ।

समग्र सहायता—क्षेत्रवार

2.42 अपने चार्टर के अनुसार, भाऔविनि या तो सहकारी या निगमित क्षेत्रों की औद्योगिक परियोजनाओं का वित्तपोषण करने का पात्र है । वर्ष 1990-91 और संचयी आधार पर 31 मार्च, 1991 तक परियोजनाओं को मंजूर, संवितरित वित्तीय सहायता का क्षेत्रवार वर्गीकरण सारणी-8 में दिया गया है ।

सारणी 8 मंजूर एवं संवितरित सहायता का क्षेत्रवार वर्गीकरण

(करोड़ रुपये)

क्षेत्र	1990–91 (अप्रैल-मार्च)			31 मार्च, 1991 तक संचयी		
	परियोजनाओं की संख्या	मंजूरियां (रु०)	संवितरण (रु०)	परियोजनाओं की संख्या	मंजूरियां (रु०)	संवितरण (रु०)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
I. सहकारी	40	108.59 (3.7%)	33.91 (2.2%)	351	645.47 (5.7%)	475.70 (6.8%)
उप जोड़ (I)	40	108.59 (3.7%)	33.91 (2.2%)	351	645.47 (5.7%)	475.70 (6.8%)
II. निगमित						
—निजी	810	2,481.27 (83.7%)	1,295.47 (82.2%)	2,979	8,564.26 (75.0%)	5,125.50 (72.7%)
—सरकारी	45	182.25 (6.1%)	78.57 (5.0%)	323	861.37 (7.5%)	601.24 (8.5%)
—संयुक्त	65	192.95 (6.5%)	166.99 (10.6%)	305	1,351.36 (11.8%)	843.16 (12.0%)
उप जोड़ (II)	920	2,856.47 (96.3%)	1,541.03 (97.8%)	3,607	10,777.49 (94.3%)	6,569.90 (93.2%)
कुल जोड़ (I+II)	960	2,965.06 (100%)	1,574.94 (100%)	3,958	11,422.96 (100%)	7,045.60 (100%)

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े जोड़ के प्रतिशत के द्योतक हैं ।

सहकारी क्षेत्र को सहायता

2.43 1990-91 के दौरान, सहकारी क्षेत्र की 40 परियोजनाओं को 108.59 करोड़ रुपये तक की सहायता मंजूर की गई जो पिछले वर्ष में मंजूर की गई 69.67 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता से 55.9% अधिक थी । वर्ष के दौरान वित्तपोषित औद्योगिक सहकारिताओं की संख्या भी पिछले वर्ष से अधिक रही, जिनमें 29 चीनी सहकारिताएं, 4 वस्त्र सहकारिताएं और उर्वरक, मूलभूत रसायन, कृत्रिम रेशे और प्लास्टिक सामान उद्योगों से सम्बद्ध 7 अन्य सहकारिताएं शामिल थीं ।

2.44 संचयी आधार पर 31 मार्च, 1991 तक भाऔविनि ने 351 औद्योगिक सहकारिताओं को 645.47 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की थी, जिसके अन्तर्गत 475.70 करोड़ रुपये की सहायता संवितरित की जा चुकी थी । यद्यपि महाराष्ट्र का स्थान सर्वोपरि बना रहा, फिर भी भाऔविनि के लिए यह संतोष का विषय है, कि सहकारी क्षेत्र के उद्यमों को दी गई सहायता और प्राथमिकता के कारण लगभग सभी राज्यों के सहकारी आन्दोलन में गतिशीलता आई है । इस समय भाऔविनि की सहायता-पेटी में 351 सहकारिताओं में से जबकि महाराष्ट्र में 130 सहकारिताएं हैं, उत्तर प्रदेश में 44 हैं, कर्नाटक में 30, गुजरात में 25, तमिलनाडु में 24, आन्ध्र प्रदेश में 24, पंजाब में 19, उड़ीसा में 12, हरियाणा में 11, बिहार में 6, और आसाम, केरल और मध्य प्रदेश प्रत्येक में 5, राजस्थान में 4, पश्चिम बंगाल में 3, पांडिचेरी में 2 और गोवा, दादरा और नगर हवेली, प्रत्येक में एक-एक सहकारिता है । चूंकि, लगभग सभी सहकारिताएं या तो कृषि आधारित

हैं या कृषि के लिए निवेश उपलब्ध करवाती हैं, भाऔविनि सहकारिता आन्दोलन को प्रोत्साहित करके, सामान्य रूप से, ग्रामीण क्षेत्रों में, आर्थिक विकास को गति प्रदान करने के अतिरिक्त, कृषि और उद्योग के बीच अच्छा अन्तर्सम्बन्ध बनाने में सफल हुआ है।

2.45 351 औद्योगिक सहकारिताओं में से 230 चीनी सहकारिताएं, 98 वस्त्र सहकारिताएं तथा 23 अन्य सहकारिताएं हैं। चीनी सहकारिताएं बहुत से अनुषंगी और सहायक उद्योगों को प्रवर्तित करने में जैसे औद्योगिक एल्कोहल के उत्पादन के लिए निर्माण शालाओं, कन्फेक्शनरी इकाइयों, खोई आधारित कागज संयंत्रों, मिश्रित और दानेदार उर्वरकों के उत्पादन आदि, में सहायक रही हैं। वस्त्र कताई सहकारिताओं ने ग्रामीण और अर्ध-ग्रामीण क्षेत्रों में हथकरघा क्षेत्र के विकास के लिए अवसर प्रदान किए हैं। पिछले कई वर्षों में जूट, उर्वरक, कृत्रिम रेशे, वनस्पति तेल, कोकोआ अभिसंस्करण, कागज, रसायन और रसायन उत्पाद, आदि, जैसे बहुत से अन्य उद्योगों में सहकारिता आन्दोलन का फैलाव, भाऔविनि तथा अन्य वित्तीय संस्थाओं द्वारा पर्याप्त वित्तीय सहायता से समग्र देश में मध्यम और बड़े आकार की औद्योगिक सहकारिताओं द्वारा प्राप्त की गई सफलता और शक्तियों का अर्थपूर्ण प्रमाण है। रुग्ण परन्तु मूलत: व्यवहार्य औद्योगिक इकाइयों के पुनर्स्थापन में, संस्थानात्मक सहायता से श्रमिकों की सहकारिताएं बनाकर बंद इकाइयों को पुन: आरम्भ करने का प्रयोग भी यथेष्ठ सफल रहा है।

निगमित क्षेत्र को सहायता

2.46 निगमित क्षेत्र में, निजी क्षेत्र को, जो भाऔविनि को सौंपे गए विशेष दायित्व की पूर्ति के फलस्वरूप, भाऔविनि से मिलने वाली वित्तीय सहायता का सबसे बड़ा लाभभोगी रहा है, वर्ष के दौरान 810 परियोजनाओं के लिए 2,481.27 करोड़ रुपए (कुल का 83.7 प्रतिशत) सहायता प्राप्त हुई, जो 1989-90 में निजी क्षेत्र की ऐसी 764 परियोजनाओं को मंजूर की गई 1,808.93 करोड़ रुपए की सहायता के मुकाबले 37.2 प्रतिशत अधिक थी। संचयी रूप से 31 मार्च, 1991 तक भाऔविनि द्वारा निजी क्षेत्र की 2,979 परियोजनाओं को 8,564.26 करोड़ रुपए (कुल का 75 प्रतिशत) की सहायता मंजूर की गई, जो इस क्षेत्र के विकास एवं उत्थान के लिए, अपनी स्थापना के पिछले 43 वर्षों के दौरान, भाऔविनि की सकारात्मक भूमिका निभाने की प्रतीक है।

2.47 1990-91 के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की परियोजनाओं को सरकारी बजट के स्रोतों के अन्तर्गत न आने वाली 182.25 करोड़ रुपए की सहायता प्रदान की गई, जो कुल सहायता का 6.1 प्रतिशत थी। यद्यपि, सार्वजनिक क्षेत्र की परियोजनाओं को गत वर्ष मंजूर की गई 127.58 करोड़ रुपए की सहायता के मुकाबले, समीक्षाधीन वर्ष के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र की परियोजनाओं को प्रदान की गई सहायता 42.9 प्रतिशत अधिक थी, परन्तु वर्ष के दौरान सहायता प्राप्त करने वाली परियोजनाओं की संख्या, कुल मिलाकर, वही रही। संचयी रूप से भाऔविनि ने सार्वजनिक क्षेत्र की 322 परियोजनाओं को 861.87 करोड़ रुपए (कुल मंजूर की गई संचयी सहायता का 7.5 प्रतिशत) की सहायता मंजूर की थी, जिसके अन्तर्गत 601.21 करोड़ रुपए के संवितरण हो चुके थे।

2.48 वर्ष के दौरान, संयुक्त क्षेत्र की परियोजनाओं के सम्बन्ध में, सहायता की मात्रा तथा मंजूर की गई परियोजनाओं, दोनों में ही काफी गिरावट रही। 1989-90 में संयुक्त क्षेत्र की 86 परियोजनाओं को मंजूर की गई 288.72 करोड़ रुपए की सहायता की तुलना में, वर्ष 1990-91 के दौरान संयुक्त क्षेत्र की 65 परियोजनाओं को 192.95 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर हुई। संचयी रूप से, 31 मार्च, 1991 तक संयुक्त क्षेत्र की 305 परियोजनाओं को भाऔविनि की मंजूरी 1,351.36 करोड़ रुपए (कुल का 11.8 प्रतिशत) थी जिसमें से 843.16 करोड़ रुपए के संवितरण हो चुके थे।

2.49 वर्ष के दौरान, निगमित क्षेत्र की 920 परियोजनाओं को जिनमें निजी, सार्वजनिक तथा संयुक्त क्षेत्र की परियोजनाएं आती हैं, कुल मिलाकर 2,856.47 करोड़ रुपए की सहायता मंजूर की गई। संचयी रूप से, 3,607 परियोजनाओं को दी गई सहायता 10,777.49 करोड़ रुपए (कुल का 94.3 प्रतिशत) थी, जिसके अन्तर्गत किए गए संवितरण 6,569.90 करोड़ रुपए के थे।

2.50 31 मार्च, 1991 की स्थिति के अनुसार निगमित क्षेत्र में, भाऔविनि की संचयी सहायता की मात्रा की दृष्टि से महाराष्ट्र का स्थान प्रथम रहा, जिसे 1,969.76 करोड़ रुपए (18.3 प्रतिशत) की सहायता प्राप्त हुई। इसके बाद क्रमश: गुजरात 1,335.53 करोड़ रुपए (12.4 प्रतिशत), उत्तर प्रदेश 1,254.77 करोड़ रुपए (11.7 प्रतिशत), आन्ध्र प्रदेश 1,080.71 करोड़ रुपए (10.0 प्रतिशत), तमिलनाडु 763.06 करोड़ रुपए (7.1 प्रतिशत), मध्य प्रदेश 612.83 करोड़ रुपए (5.7 प्रतिशत), राजस्थान 593.19 करोड़ रुपए (5.5 प्रतिशत) तथा पंजाब 566.25 करोड़ रुपए (5.3 प्रतिशत) का स्थान रहा। संख्या की दृष्टि से निगमित क्षेत्र की वित्तपोषित परियोजनाओं की सर्वाधिक संख्या महाराष्ट्र (568) में थी, उसके बाद उत्तर प्रदेश (375), तमिलनाडु (366), आन्ध्र प्रदेश (350), गुजरात (331), कर्नाटक (210) और पश्चिम बंगाल (214) का स्थान रहा।

पिछड़े क्षेत्रों तथा उद्योग-रहित जिलों को वित्तीय सहायता

2.51 केन्द्र द्वारा अधिसूचित पिछड़े जिलों/क्षेत्रों में स्थापित की जाने वाली परियोजनाओं को रियायती वित्त प्रदान करने वाली वर्तमान योजना का विचाराधीन पुनरावलोकन पूरा होने तक, भाऔविनि सहित वित्तीय संस्थान, केन्द्रीय रूप से अधिसूचित पिछड़े जिलों/क्षेत्रों में आने वाली परियोजनाओं के सम्बन्ध में विद्यमान मापदण्डों एवं मार्ग-निर्देशों का निरन्तर अनुसरण करते रहे, ताकि देश में संतुलित क्षेत्रीय औद्योगिक विकास को मदद मिल सके। सरकारी मार्ग-निर्देशों में इस बात का प्रावधान है कि अभिनिर्धारित विकास क्षेत्रों में स्थापित हो रही परियोजनाएं, वित्तीय संस्थानों से उसी आधार पर रियायती वित्त पाने की पात्र होंगी, जैसी कि श्रेणी "ख" पिछड़े जिलों/क्षेत्रों में स्थापित होने वाली परियोजनाएं हैं,

जब तक कि कोई विकास क्षेत्र पहले से ही श्रेणी "क", अर्थात् उद्योग-रहित/विशेष क्षेत्र/जिले, में वर्गीकृत न किया गया हो ।

2.52 वर्ष के दौरान, भाऔविनि ने केन्द्रीय रूप से अधिसूचित पिछड़े जिलों/क्षेत्रों की 457 परियोजनाओं को मंजूर सहायता 1,406.78 करोड़ रुपए की रही । यह सहायता 1989-90 में अधिसूचित पिछड़े जिलों/क्षेत्रों की 420 परियोजनाओं को मंजूर की गई 1,012.42 करोड़ रुपए की सहायता के मुकाबले 39 प्रतिशत अधिक थी । केन्द्र द्वारा अधिसूचित पिछड़े जिलों/क्षेत्रों में परियोजनाओं को समग्र सहायता 1990-91 के दौरान कुल मंजूर सहायता का 47.4 प्रतिशत रही । पिछले वर्ष यह सहायता कुल की केवल 44.1 प्रतिशत ही थी ।

2.53 श्रेणी "क", "ख" और "ग" के अन्तर्गत पिछड़े जिलों/क्षेत्रों का वर्गीकरण करने की विद्यमान योजना के अनुसार श्रेणी "क" (उद्योग रहित/विशेष क्षेत्र जिले) में स्थित 102 परियोजनाओं को 310.71 करोड़ रुपए, श्रेणी "ख" जिलों/क्षेत्रों में स्थित 191 परियोजनाओं को 594.52 करोड़ रुपए और श्रेणी "ग" जिलों/क्षेत्रों की 164 परियोजनाओं को 501.55 करोड़ रुपए की सहायता प्राप्त हुई । अधिसूचित पिछड़े जिलों की प्रत्येक श्रेणी अर्थात् "क", "ख" और "ग" को, केन्द्रीय रूप से अधिसूचित पिछड़े जिलों/क्षेत्रों की परियोजनाओं को मंजूर की गई कुल सहायता का प्रतिशत के रूप में क्रमशः 22.1 प्रतिशत, 42.3 प्रतिशत और 35.6 प्रतिशत अंश प्राप्त हुआ ।

2.54 31 मार्च, 1991 की स्थिति के अनुसार संचयी रूप से भाऔविनि ने अधिसूचित पिछड़े जिलों/क्षेत्रों में स्थित 1,820 परियोजनाओं को 5,508.60 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की, जो भाऔविनि की समग्र निवल संचयी मंजूरियों का 48.2 प्रतिशत थी । इन मंजूरियों के अन्तर्गत 31 मार्च, 1991 तक 3,493.25 करोड़ रुपए का संवितरण किया जा चुका था ।

नई, विस्तार और विशाखम परियोजनाओं का प्रत्यक्ष आर्थिक योगदान

2.55 1990-91 में भाऔविनि द्वारा वित्तपोषित 293 नई और विस्तार/विशाखम परियोजनाओं के अध्ययन से यह पता चलता है, कि इस अवधि के दौरान भाऔविनि की सहायता विभिन्न उद्योगों में, महत्वपूर्ण क्षमता सृजित करने में समर्थ हो सकेगी । आशा है कि वर्ष के दौरान, वित्तपोषित उपर्युक्त परियोजनाओं से प्रत्यक्ष रोजगार तथा अन्य सामाजिक ढांचे के विकास के अतिरिक्त लगभग 57,072 व्यक्तियों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार मिल सकेगा । इन परियोजनाओं का वार्षिक उत्पादन मूल्य 7,840.69 करोड़ रुपए तक होने का अनुमान है । प्रतीयित सकल मूल्य लगभग 3,231.85 करोड़ रुपए होने की सम्भावना है जो देश के सकल राष्ट्रीय उत्पाद में इन परियोजनाओं का योगदान दर्शा सकेगा है । इससे सम्बन्धित विस्तृत विवरण परिशिष्ट-।। में दिया गया है ।

भाऔविनि द्वारा सहायता प्राप्त औद्योगिक संस्थाओं की वित्तपोषण प्रवृत्ति (1990-91)

2.56 688 परियोजनाओं की वित्तपोषण प्रवृत्ति पर किए गए एक अध्ययन के अनुसार जिसमें (क) अधिष्ठायक वित्त तथा (ख) वित्तीय सेवाओं के मामले (उपस्कर वित्त को छोड़कर) शामिल नहीं है 1990-91 में भाऔविनि के परिचालनों से यह पता चलता है कि भाऔविनि की सहायता 12,119.64 करोड़ रुपए का निवेश जुटाने में समर्थ होगी, जिसका विवरण परिशिष्ट-।।। में दिया गया है ।

जन हित में प्रदान की गई मंजूरियां

2.57 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, ऐसा कोई मामला नहीं था, जिसमें औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 (समय-समय पर यथासंशोधित) की धारा 26 (2) की व्यवस्थाओं के अनुसार निदेशक (ों) के विलबद्ध होने के कारण भाऔविनि को भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (विनिर्दिष्ट औद्योगिक संस्थाओं के साथ कारोबार का संव्यवहार) विनियम, 1982 की शर्तों के अधीन जन-हित में सहायता मंजूर करनी पड़ी हो ।

(ख) परिचालन गतिविधियां

औ वि वि अधिनियम, 1948 के अधीन प्राधिकृत करना

2.58 वर्ष के दौरान, केन्द्रीय सरकार ने, औविनि अधिनियम, 1948 की धारा 2 के खण्ड (ग) के उप खण्ड (16) के अन्तर्गत अपनी प्रदत्त शक्तियों, का प्रयोग करते हुए दिनांक 18 मई, 1990 की अधिसूचना द्वारा, उद्यम पूंजी, जोखिम पूंजी, फैक्टरिंग तथा डिस्काउंटिंग के द्वारा सेवाएं प्रदान करने में लगी हुई अथवा लगने वाली कम्पनियों को भाऔविनि से वित्तीय सहायता प्राप्त करने के उद्देश्य से पात्र औद्योगिक इकाइयों के रूप में निर्दिष्ट कर दिया । चूंकि विकास बैंकिंग क्षेत्र में उद्यम पूंजी, जोखिम पूंजी, फैक्टरिंग तथा डिस्काउंटिंग, सभी अभिनव आविष्कार हैं, अतः इनसे आगामी वर्षों में, भाऔविनि के परिचालनों की परिधि काफी हद तक बढ़ जाने की सम्भावना है ।

निर्यात प्रोत्साहन योजना

2.59 देश में निर्यात को प्रोत्साहित करने की सर्वोपरि आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, वर्ष के दौरान वित्तीय संस्थानों ने वित्तपोषित औद्योगिक इकाइयों के लिए अपनी निर्यात प्रोत्साहन योजना को अगले वर्ष तक के लिए लागू रखने पर सहमति व्यक्त की । यह भी सहमति हुई, कि न्यूनतम निर्यात दायित्व वाली कम्पनियों के मामले में उनकी निर्यात बिक्री अपेक्षाओं को, उनके कुल बिक्री मूल्य के 25% प्राप्त होने या उससे अधिक हो जाने पर, उन्हें संस्थानों को देय ब्याज अदायगी के 1/5वें भाग के बराबर ब्याज रियायत के रूप में प्रोत्साहन देने के प्रयोजन से न्यूनतम निर्यात दायित्व के अतिरिक्त, माना जाएगा । इसके अतिरिक्त योजना के अन्तर्गत प्रोत्साहन की पात्र बनने के लिए, इकाइयों को अपनी क्षमता उपयोग का कम से कम 50 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करना होगा । इन-प्रतिशत निर्यात-उन्मुख इकाइयों को, निर्माण अवधि के दौरान (दो वर्ष से अनधिक) ब्याज में रियायत के रूप में दिए जाने वाले निर्यात प्रोत्साहन को, परियोजनाओं के पूर्ण हो जाने तथा उनके द्वारा वाणिज्यिक उत्पादन आरम्भ करने पर ही, उन्हें उपलब्ध कराया जाने की सहमति हुई ।

ऊर्जा संरक्षण योजना

2.60 विदित हो, कि सातवीं योजना अवधि के दौरान, ऊर्जा संरक्षण उपायों को बढ़ावा देने हेतु वित्तीय संस्थानों ने दो योजनाएं आरंभ की थीं, जिन्हें ऊर्जा जांच उप-सहायता योजना (ईएएस) तथा ऊर्जा संरक्षण हेतु उपस्कर वित्त योजना (ई.एफ.ई.सी.) के नाम से जाना जाता है। वर्ष के दौरान उपर्युक्त योजनाओं का परिचालन आठवीं योजना के अन्त तक, अर्थात्, 31 मार्च, 1995 तक बढ़ा दिया गया। प्रति कम्पनी उपलब्ध सहायता की राशि को भी 4 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये अथवा कम्पनी की स्थिर परिसम्पत्तियों (पुनर्मूल्यांकन को छोड़कर) के सकल मूल्य का 5 प्रतिशत, जो भी कम हो, तक बढ़ा दिया गया। इसके अलावा, योजना के अधीन अनुमत्य रियायत को एक मानक स्तर से जोड़ा गया— यदि पिछले तीन वर्षों की समग्र औसत विशेष ऊर्जा खपत में, 10 प्रतिशत से अधिक बचत कर ली जाए, तो ब्याज-दर में 2 प्रतिशत प्रतिवर्ष की कमी, तथा, यदि बचत 5 से 10 प्रतिशत की बीच हो, तो ब्याज-दर में 1 प्रतिशत की कमी की जा सकती है, बशर्ते कि उक्त बचत अनुमोदित ऊर्जा जांच अभिकरण द्वारा सत्यापित हो। तथापि, उन संस्थाओं को ब्याज की ऐसी रियायतें नहीं दी जानी थीं, जो कि वित्तीय संस्थानों के दायित्वों की पूर्ति करने में पहले से चूक कर रही हों।

विदेशी मुद्रा जोखिम प्रबन्ध योजना

2.61 विदेशी विनिमय जोखिमों से विदेशी मुद्रा के ऋणियों की हित रक्षा करने तथा ऐसी हित रक्षा की लागत को उनमें साम्यिक रूप में विभक्त करने के लिए पहली अप्रैल, 1989 से दो वर्षों के लिए विनिमय जोखिम प्रबन्ध योजना (ईआरएएस) को 31 मार्च, 1994 के अन्त तक तीन और वर्षों के लिए बढ़ा दिया गया। वर्ष के दौरान, मुख्य विदेशी मुद्राओं की तुलना में रुपए की विनिमय में लगातार अवमूल्यन तथा उधार की लागतों में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए, योजना के अधीन संयुक्त लागत बैण्ड की चार बार समीक्षा की गई, तथा बैण्ड के अधीन लागू वार्षिक ब्याज की दर की पहली मई, 1990 से 31 जुलाई, 1990 तक की अवधि हेतु 16% से बढ़ाकर 17%, पहली अगस्त, 1990 से 31 अक्तूबर, 1990 की अवधि हेतु 17.5%, पहली नवम्बर, 1990 से 31 जनवरी, 1991 तक की अवधि हेतु 18.5% तथा पहली फरवरी 1991 से 31 मार्च, 1991 तक की अवधि हेतु 20% कर दिया गया।

परियोजनाओं के मूल्यांकन तथा वित्तपोषण हेतु सामूहिक व्यवस्था

2.62 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, विद्यमान प्रावधानों में एक मुख्य परिवर्तन यह किया गया, कि 20 करोड़ रुपए तक की लागत वाली परियोजनाओं को औपचारिक सामूहिक वित्तपोषण व्यवस्थाओं की परिधि से बाहर कर दिया गया। नई व्यवस्था के अनुसार, जिसे पहली नवम्बर, 1990 से लागू करने की सहमति हुई, 20 करोड़ रुपए तक की लागत वाली परियोजनाओं के मामले में संस्थानों द्वारा या तो स्वयं, या अन्य संस्थानों की भागीदारी में, किसी भी अन्तर-संस्थानात्मक मंच अर्थात् वरिष्ठ कार्यपालकों की बैठक (एस ई एस) अथवा अन्तर संस्थानात्मक बैठक (आई आई एम) को हवाला भेजे बिना, मूल्यांकन तथा वित्तपोषण किया जा सकता है। अब परियोजना वित्तपोषण भागीदारी योजना के अन्तर्गत केवल 20 करोड़ रुपए से अधिक लागत वाली परियोजनाओं पर ही सामूहिक दृष्टिकोण तथा संयुक्त वित्तपोषण आधार पर विचार किया जाना है। यहां भी, उक्त संदर्भ को, एक बार, प्राथमिक अवस्था में, तथा, बाद में, सहायता की भागीदारी तय करते समय सीमित किया गया। पुनर्स्थापन के मामलों के सम्बन्ध में यह सहमति हुई, कि केवल उन्हीं मामलों को ही, जिनमें अन्य भागीदार संस्थानों द्वारा एक करोड़ रुपए से अधिक की अतिरिक्त सहायता प्रदान की जानी हो, अथवा जिनके प्रबन्धक वर्ग में परिवर्तन किया जाना हो, वरिष्ठ कार्यपालकों की बैठक में विचारार्थ लाया जाएगा। उक्त व्यवस्थाओं में, परियोजनाओं के मूल्यांकन तथा वित्तपोषण के सम्बन्ध में पर्याप्त परिचालनात्मक ढील दी गई है, तथा प्रत्येक संस्था इस बात के लिए स्वतंत्र है, कि वह या तो स्वयं, अथवा सामूहिक मंच के बाहर के किसी अन्य संस्थान(नों) के साथ भागीदारी करके, व्यवहार्य परियोजनाओं को समग्र सहायता दे सकती है। अतः विद्यमान सामूहिक व्यवस्था की औपचारिक स्वरूप के स्थान पर इच्छानुसार प्रकृति की व्यवस्था कर दी गई है, और इस विवेकाधिकार का प्रयोग उस संस्थान द्वारा किया जाना है, जिसके पास भावी ऋणी द्वारा वित्तीय सहायता का आवेदन दिया गया हो।

ऋण की शर्तों, आदि, में परिवर्तन

(क) ब्याज दर ढांचा

2.63 2 मार्च, 1981 के बाद, पहली बार परियोजना वित्त तथा वित्तीय सेवाओं, दोनों ही क्षेत्रों के अन्तर्गत, भाऔविनि के ब्याज दर ढांचे में पहली अगस्त, 1990 से परिवर्तन किया गया, ताकि हमें पिछले नौ वर्षों के दौरान, उधार की लागत में हुई वृद्धि के अंशतः समतुल्य लाया जा सके। एक दो-तल्ला (टू-टियर) ब्याज ढांचे को अपनाया गया, प्रथम-तल वाली ब्याज दर को दो वर्षों की प्रारम्भिक अवधि अथवा परियोजना की निर्माण अवधि, जो भी कम हो, के लिए लागू किया गया, तथा द्वितीय-तल वाली ब्याज दर (प्रथम-तल वाली ब्याज दर से सामान्यतः 1% से अधिक) को वित्तपोषित संस्थाओं के लिए यथास्थिति दो वर्षों की प्रारंभिक अवधि की समाप्ति अथवा वाणिज्यिक उत्पादन आरम्भ करने के तत्काल बाद लागू किया गया।

2.64 इसके अतिरिक्त, आधुनिकीकरण सम्बन्धी सभी ऋणों को, चाहे वे उधार ऋण योजना या वस्त्र आधुनिकीकरण निधि या जूट आधुनिकीकरण निधि योजना ('विशेष ऋणों' को छोड़कर) के अंतर्गत हों, पहली अगस्त, 1990 से उक्त द्वितीय-तल वाली सामान्य उधार ब्याज दर ढांचे के प्रावधानों के अधीन किया गया।

2.65 जहां तक विदेशी मुद्रा ऋणों का संबंध है, ऋणियों को विनिमय जोखिम प्रबन्ध योजना (विजोप्रयो) को अपनाने का विकल्प दिया गया, जिसके अनुसार विकल्प को अपना लेने पर निम्नाही आधार पर यथानिर्धारित विजोप्रयो ब्याज दर लागू होगी। यद्यपि जहां उप-ऋणियों ने विनिमय जोखिम को स्वयं वहन करने का विकल्प लिया हो तथा विजोप्रयो को नहीं चुना हो, वहां विदेशी मुद्रा ऋणों का ब्याज दर ढांचा अपरिवर्तित रहा।

2.66 परियोजना वित्त के अधीन ब्याज दर ढांचे में संशोधन होने के फलस्वरूप भाऔविनि की वित्तीय सेवाओं से संबंधित

विभिन्न योजनाओं की ब्याज/लाभ की दरों में भी परिवर्तन किया गया ।

(ख) सीमान्तक शुल्क

2.67 वर्ष के दौरान एक महत्वपूर्ण कार्य, पहली अगस्त, 1990 से सीमान्तक शुल्क लगाने की प्रणाली की शुरूआत करना था, जोकि निवर्तमान ऋणों से अनाहरित ऋण शेषों (रुपया तथा विदेशी मुद्रा) पर लगाए जाने वाले वचनबद्धता प्रभार सम्बन्धी प्रथा के स्थान पर मंजूर की गई सुविधा(ओं) के लिए प्रयुक्त प्रलेखों के निष्पादन के समय वसूल किया जाना है ।

(ग) संपरिवर्तनीयता विकल्प

2.68 संपरिवर्तनीयता मार्गनिर्देशों के सम्बन्ध में विद्यमान मानदण्डों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ । यद्यपि इस बात पर सहमति हुई कि जहां-कहीं कम्पनी द्वारा किसी रुग्ण इकाई को विलयन के जरिए अपने में मिला लेने पर, उसे स्वस्थ कम्पनी मानकर रुपया ऋण को इक्विटी में परिवर्तन करने के अपने विकल्प को संस्थानों द्वारा छोड़ दिया गया हो, तो अधिग्रहण के बाद , वहां कम्पनी के नवीन सहायता प्रदान करते समय 5 करोड़ रुपए की अवसीमा तक (जिस पर संपरिवर्तनीयता खण्ड लागू नहीं होता) पहुंचने के उद्देश्य से संपरिवर्तन विकल्प से मुक्त ऐसे ऋणों को भी ध्यान में रखना होगा ।

2.69 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, मंजूर की गई सहायता के सम्बन्ध में विद्यमान मार्गनिर्देशों के अनुसार 148 मामलों में संपरिवर्तन की शर्त लागू की गई । समीक्षाधीन अवधि में केवल दो मामलों में संपरिवर्तनीयता अधिकार का उपयोग किया गया, और 9 मामलों में इसे छोड़ दिया गया । संचयी रूप से, संपरिवर्तनीयता मार्गनिर्देशों के प्रारम्भ होने से अब तक भाऔविनि में 1,651 मामलों में संपरिवर्तनीयता की शर्त लगाई गई, और 131 मामलों में संपरिवर्तन विकल्प का उपयोग किया गया, तथा 554 मामलों में, सभी सम्बद्ध पहलुओं को ध्यान में रखते हुए, विकल्प के उपयोग से छूट प्रदान की गई ।

परियोजना मूल्यांकन नीति

2.70 निवेश सम्बन्धी निर्णय लेने के उद्देश्य से, अन्तर-संस्थानात्मक स्तर पर कुछ उद्योगों/उत्पादों के 21 बाजार मूल्यांकन अध्ययन किए गए । इस सम्बन्ध में औद्योगिक एल्कोहल, वनस्पति, डुप्लेक्स बोर्ड्स, टिटेनियम डाई-आक्साइड, स्पांज आयरन, सिरेमिक टाइल्स, स्टिरिन, एक्रीलोनिट्राइल, ग्रेनाइट, प्लास्टिक फोम बोर्ड्स/प्रोफाइल्स, ब्लैक एण्ड व्हाइट पिक्चर ट्यूब्स, फलूटिड ट्यूब्स एण्ड वायर्स, पार्टिकल बोर्ड्स, फाइबर बोर्ड्स, मल्टीफिलामेन्ट पोलीप्रोपिलीन फिल्म, स्पेशिलिटी पोलियस्टर फिलामेन्ट यार्न, कंटीन्यूअस कास्टिंग रिफ्रेक्ट्रीज, स्पिनिंग यूनिट्स, कैपरोलेक्टम, डेनिम फैब्रिक्स, कास्टिक सोडा/क्लोरीन, लीड एसिड बैटरीज इत्यादि के सम्बन्ध में आपूर्ति-भांग अध्ययनों का उल्लेख किया जा सकता है । उपर्युक्त अध्ययनों में से कुछ अध्ययन उन संस्थाओं के सम्बन्ध में किए गए जिनमें, भाऔविनि अग्रणी है । इसके अलावा वर्ष के दौरान भाऔविनि द्वारा फूड प्रोसेसिंग, कागज, चीनी, धागा कातने वाली इकाइयां, पैट्रो-कैमिकल्स, बाल-बियरिंग्स, ब्रेक-लाइनिंग्स इत्यादि जैसे विभिन्न उद्योगों की स्थिति पर आन्तरिक अध्ययन भी किए गए ।

2.71 अध्ययनों के अलावा, परियोजनाओं का मूल्यांकन करते समय ऊर्जा संरक्षण उपायों (ऊर्जा के अपारम्परिक स्रोतों के उपयोग सहित, जहां कहीं व्यवहारिक हों, पर्यावरण संरक्षण की व्यवस्था का पर्याप्तता, प्रदूषण-नियंत्रण तथा कामगारों, सामान तथा उपस्कर की सुरक्षा तथा कामगारों, सामान तथा उपस्कर की सुरक्षा पर भी बल दिया गया । संस्थानात्मक वित्त हेतु परियोजनाओं के मूल्यांकन के समय प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रोजगार सृजन, आनुषंगीकरण, आयात-प्रतिस्थापन और/अथवा निर्यात-उन्मुखता, इत्यादि, की सम्भावनाओं को भी उचित महत्व दिया गया ।

अनुवर्तन प्रक्रिया

2.72 जिन परियोजनाओं में आयातित प्रौद्योगिकी का विलयन अथवा चरणबद्ध उत्पादन कार्यक्रम और/अथवा विदेशी सहयोगियों को रायल्टी की अदायगी शामिल हो, उन परियोजनों के मामले में स्थल दौरा करते समय आयातित प्रौद्योगिकी के विलयन की सीमा, उत्पादन-चरण कार्यक्रम के अधीन प्राप्त सफलता, ऐसी परियोजनाओं के मूल्यांकन के समय किये गये प्रक्षेपणों की तुलना में रायल्टी की अदायगी हेतु विदेशी मुद्रा के बहिर्गमन के सम्बन्ध में जानकारी, आदि, एकत्रित करने का प्रयत्न आरम्भ किया गया । इसी प्रकार ऋणी संस्था के वाणिज्यिक उत्पादन आरम्भ करने के तुरन्त बाद एक विस्तृत तकनीकी-आर्थिक पुनः मूल्यांकन करने का निश्चय किया गया, ताकि मूल्यांकन लागत, उसकी लाभप्रदता के पुनः निर्धारण और निधि प्रवाह की तुलना में परियोजना की वास्तविक कार्यान्वयन लागत का वस्तुतः निर्धारण किया जा सके, तथा मूल्यांकन और अन्य विधिक प्रलेखों में पहले की समाहित अन्तिम पुनर्अदायगी अनुसूची की तुलना में संशोधित पुनर्अदायगी अनुसूची (यों) जहां कहीं आवश्यक हो, का पुनर्निधारण किया जा सके ।

2.73 सहायता प्राप्त कम्पनी/इकाई की स्थिति के आधार पर सहायता प्राप्त कम्पनियों के कार्यों के व्यापक अनुवर्तन करने के लिए क्षेत्रीय कार्यपालकों की बैठकों (आर ई एम) तथा नामित निदेशक संस्थान मंचों का निरन्तर उपयोग किया गया ।

नामित निदेशक

2.74 नामित निदेशकों की नियुक्ति के सम्बन्ध में, भाऔविनि द्वारा सरकारी एवं संस्थानात्मक मार्गनिर्देशों का पालन किया जाता रहा, जिनके अनुसार भाऔविनि ने 971 वित्तपोषित संस्थाओं के बोर्डों में 384 नामित निदेशक नियुक्त किए थे, जिनमें से 170 शासकीय और 214 गैर-शासकीय थे । भाऔविनि में स्थापित नामित निदेशक कक्ष की अध्यक्षता सहायक स्तर पर अन्य अधिकारियों सहित कार्यपालक निदेशक द्वारा की जाती रही । इसके अतिरिक्त, प्रधान कार्यालय के तीन वरिष्ठ अधिकारियों तथा क्षेत्रीय/शाखा/अन्य कार्यालयों के अधिकारियों को नामित निदेशक कक्ष के सदस्य के रूप में पदनामित किया गया, ताकि वे कक्ष को सौंपे गए विभिन्न कार्यों को पूरा कर सकें ।

बैंकों और वित्तीय संस्थानों के बीच समन्वय

2.75 स्थायी समन्वय समिति के मंच तथा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी मार्गनिर्देशों के अनुरूप बैंकों और वित्तीय संस्थानों के बीच समन्वय सक्रिय बना रहा । बैंकों और वित्तीय संस्थानों के साझे ग्राहकों के बारे में, पारस्परिक

आधार पर सूचना के आदान-प्रदान की प्रणाली भी और गहन हुई, और सामान्यतः संयुक्त बैठकों में सदैव बैंकों को भागीदारी के लिए आमंत्रित किया गया।

सरकार से पारस्परिक-सम्पर्क

2.76 भाऔविनि ने भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों तथा विभागों के साथ पारस्परिक सम्पर्क तथा विचारों का आदान-प्रदान जारी रखा। इसको भारत सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक या भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा गठित विभिन्न समितियों/कार्यकारी दलों में प्रतिनिधित्व भी दिया गया। भाऔविनि, चीनी विकास निधि तथा जूट आधुनिकीकरण निधि के लिए नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता रहा, तथा विभिन्न उद्योगों, विशेषतः, चीनी, वस्त्र और जूट से सम्बन्धित मामलों में, आधुनिकीकरण तथा नई क्षमताओं के सृजन से सम्बन्धित सभी नीतिगत मामलों में सम्मिलित किया जाता रहा।

(घ) पोर्टफोलियो प्रबन्ध

निवेश पोर्टफोलियो

2.77 भाऔविनि के निवेश पोर्टफोलियो में विसपोषित संस्थाओं में किए गए वे निवेश शामिल हैं, जो (क) हामीदारी दायित्वों के अनुसरण में शेयरों के अधिग्रहण, (ख) जिन मामलों में सहमति हुई है, उनके शेयरों में प्रत्यक्ष अभिदान, (ग) वर्तमान संपरिवर्तनीयता मार्गनिर्देशों के अनुसार मंजूर किए गए ऋणों के सम्बन्ध में संपरिवर्तनीयता विकल्प के प्रयोग, (घ) बोनस शेयर निर्गम, (ङ) आधिकारिक शेयरों में अभिदान, (च) डिबेंचरों के सपरिवर्तनीय भाग के संपरिवर्तन तथा (छ) रुग्ण/संभाव्य रुग्ण मामलों के सम्बन्ध में अतिदेय ब्याज के शेयरों/डिबेंचरों में संपरिवर्तन के कारण होते हैं। भाऔविनि, निवेश संस्थान न होने के कारण, अपने निवेशों को यथासंभव, मुख्यता हेतु एक समय के अन्दर ही भुनाने का प्रयास करता है। जिन मामलों में कम्पनियां स्टाक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध हैं, और जहां सामान्यतः प्रतिभूतियों का व्यापार होता रहता है, उन मामलों में मान्यताप्राप्त स्टाक एक्सचेंजों के स्टाक/शेयर पैनल पर प्रतिष्ठित दलालों के माध्यम से खुले बाजार में छोटे-छोटे टुकड़ों में बिक्री की जाती है। अन्य मामलों में जो कार्य प्रणाली अपनायी जाती है, वह यह है, कि समय-समय पर निवेश पोर्टफोलियों की समीक्षा की जाती है, और करार की भावना, प्रचलित कीमतों शेयरों के मूल्य-निर्धारण, अन्य सम्बद्ध पहलुओं, परिचालनात्मक एवं कानूनी मार्गनिर्देशों को ध्यान में रखते हुए या तो पूर्व-निर्धारित व्यवस्थाओं के अनुसार अथवा करार की प्रसंविदाओं के अनुसार अथवा परस्पर समझौते से शेयरों को बेचने के निर्णय लिए जाते हैं।

2.78 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, भाऔविनि ने 15.87 करोड़ रुपये के मूल्य के शेयर/डिबेंचर लिए, तथा 2.47 करोड़ रुपये के अंकित मूल्य के अपने निवेशों की बिक्री की, जिससे 10.57 करोड़ रुपये का लाभ निवेशों की बिक्री पर हुआ। वर्ष 1990-91 के दौरान, इक्विटी शेयरों से लाभांश के रूप में 5.76 करोड़ रुपये का राजस्व तथा पूंजी लाभ के रूप में 10.57 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। इक्विटी शेयरों (पूंजी लाभ सहित) पर औसत प्रतिलाभ वर्ष के दौरान 12.8 प्रतिशत रहा। मार्च, 1991 के अन्त तक भाऔविनि के निवेशों का प्रमुख भाग संघटकवार इस प्रकार था, इक्विटी शेयरों में 84.6% (130.55 करोड़ रुपए), अधिमान शेयरों में 3.7% (5.70 करोड़ रुपये), तथा डिबेंचरों में 11.7% (17.99 करोड़ रुपये)।

बकाया ऋण पोर्टफोलियो

2.79 31 मार्च, 1991 को स्थिति के अनुसार भाऔविनि की बकाया ऋण सहायता 5,479.64 करोड़ रुपये थी। यह 2,681 वित्तपोषित संस्थाओं के विषय में थी।

2.80 31 मार्च, 1991 की स्थिति के अनुसार बकाया ऋण सहायता में से, सामान्य पुनर्अनुसूचीकरण आदि के बाद, देय राशि (वर्ष के दौरान, 390.71 करोड़ रुपये थी इसमें से 348.84 करोड़ रुपये की वसूली की गई जिसके फलस्वरूप वर्ष में मूलधन राशि का वसूली अनुपात 89.3% रहा। वर्ष के दौरान देय ब्याज की निवल राशि 492.20 करोड़ रुपये रही, जिसमें से 4.55.19 करोड़ रुपये (92.5%) वसूल किये गए।

2.81 कुल अतिदेय राशि 211.41 करोड़ रुपये (मूलधन के रूप में 129.04 करोड़ रुपये और ब्याज के रूप में 82.37 करोड़ रुपये) थी। ये अतिदेय राशियां 31 मार्च, 1991 की स्थिति के अनुसार भाऔविनि के कुल बकाया ऋणों का लगभग 3.9% थीं।

पुनर्स्थापन कार्यक्रम

2.82 रुग्ण इकाइयों के पुनर्स्थापन के लिए भाऔविनि के प्रयास, बीआईएफआर मामलों में अर्थात् रुग्ण औद्योगिक कम्पनी (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के अन्तर्गत आने वाले मामलों में, बीआईएफआर के प्रयासों के अनुरूप थे। 31 मार्च, 1991 की स्थिति के अनुसार, रुग्ण औद्योगिक कम्पनी (विशेष प्रावधान) अधिनियम की धारा 15 में निहित प्रावधानों के अनुरूप, भाऔविनि के अग्रणी दायित्व में रुग्ण संस्थाओं की संख्या जो थी, उनमें से 88 संस्थाएं औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड (बीआईएफआर) में रजिस्टर्ड थीं। इनमें से 87 मामलों में भाऔविनि से व्यवहार्यता अध्ययन करने/परिचालन एजेंसी के रूप में रिपोर्ट प्रस्तुत करने की अपेक्षा की गई थी। 31 मार्च, 1991 तक भाऔविनि 73 मामलों में रिपोर्ट प्रस्तुत कर चुका था, जिनमें से 21 रिपोर्टें वर्ष के दौरान प्रस्तुत की गई थीं। वर्ष की समाप्ति पर, भाऔविनि के पास परिचालन एजेंसी के रूप में विस्तृत जांच के लिए 14 मामले थे। भाऔविनि द्वारा 31 मार्च, 1991 तक प्रस्तुत की जा चुकी रिपोर्टों के 73 मामलों में से 46 मामलों में बीआईएफआर द्वारा अन्तिम निर्णय ले लिया गया था। इनमें से 37 मामलों में पुनर्स्थापन योजनाओं को मंजूरी दे दी गई थी, तथा 9 मामलों में परिसमापन करने की सिफारिश की गई। 31 मार्च, 1991 की स्थिति के अनुसार, बकाया 27 मामलों में बीआईएफआर द्वारा विभिन्न स्तरों पर सुनवाइयां चल रही थीं, और उनका निर्णय अभी किया जाना था। कुल मिलाकर, समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, भाऔविनि के 63 अग्रणी मामलों में बीआईएफआर द्वारा 102 सुनवाइयां की गईं।

2.83 इनके अतिरिक्त, परिचालन एजेंसी के रूप में भाऔविनि 3 गैर-अग्रणी मामलों में भी सम्मिलित था। अग्रणी दायित्व के चार मामलों में भी भाऔविनि द्वारा बीआईएफआर

के तत्वाधान में, सम्भाव्यता अध्ययन/पुनरुद्धार योजनाएं बनाई गई थीं, परन्तु ये परिचालन एजेन्सी के रूप में नहीं थीं। कुछ गैर-वित्तपोषित रुग्ण इकाइयों के पुनर्जीवन के लिए योजनाओं की संवीक्षा करने/नया रूप देने में भी भाऔविनि की सुविज्ञता बीआईएफआर को उपलब्ध करवाई गई।

2.84 औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड की परिधि में न आने वाले मामलों अर्थात् रुग्ण औद्योगिक कम्पनी (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के अन्तर्गत् न आने वाले मामलों में, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा, सम्बन्धित वित्तीय संस्थानों एवं बैंकों के निकट सहयोग से बनाए गए मार्गनिर्देशों की पृष्ठभूमि में पुनर्स्थापन पैकेज निर्मित एवं अभिकल्पित किए गए। पुनर्स्थापन पैकेज के भाग के रूप में प्रबन्ध के परिवर्तन/समामेलन अथवा विलयन आदि के सम्बन्ध में भारतीय प्रतिभूतियां एवं विनिमय बोर्ड (एसईबीआई) द्वारा जारी किए गए मार्गनिर्देश भी वर्ष के दौरान प्राप्त हुए, जिनमें यह अपेक्षा की गई है कि समग्र प्रक्रिया निष्पक्ष एवं स्पष्ट होनी चाहिए। भारतीय प्रतिभूतियां एवं विनिमय बोर्ड के मार्गनिर्देशों का उद्देश्य बीआईएफआर की परिधि में न आने वाली रुग्ण इकाइयों को समस्याओं से मुक्त कराने के लिए न्यायोचित एवं सम्यक आधार पर अधिग्रहण आदि के माध्यम से पुनर्जीवित करना था। अन्य वित्तीय संस्थानों द्वारा उनके अग्रणी दायित्व के मामलों में किए जा रहे पुनर्स्थापन प्रयासों के साथ भी भाऔविनि को सक्रिय रूप से सहयोजित किया जाता रहा।

2.85 रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान, एक वर्जन से भी अधिक वित्तपोषित इकाइयां, जो भाऔविनि के पुनर्स्थापन कार्यक्रमों के अन्तर्गत थीं, स्वास्थ्य लाभ करती हुई/प्रगति के पथ पर अग्रसर होती देखी गईं। इनके अतिरिक्त पुनर्स्थापन कार्यक्रम के एक भाग के रूप में समामेलन/अधिग्रहण के लगभग एक वर्जन प्रस्तावों पर भी भाऔविनि द्वारा अनुवर्तन किया जा रहा था। इतनी ही संख्या में, भाऔविनि की अग्रणी दायित्व के मामलों में समाधाता के द्वारा निपटान की प्रक्रिया जारी थी।

कमजोर औद्योगिक इकाइयों को उत्पाद राहत औद्योगिक

2.86 पिछले वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट में भारत सरकार द्वारा 17 अक्तूबर, 1989 से कमजोर औद्योगिक इकाइयों को उत्पाद राहत योजना लागू करने के बारे में उल्लेख किया गया था। वर्ष के दौरान, सरकार ने बीआईएफआर मामलों के सम्बन्ध में कुछ छूट प्रदान की, जिसके अनुसार पुनर्स्थापन पैकेज के अनुमोदन की तारीख से पांच वर्षों (अन्य मामलों में, तीन वर्षों) तक अदा किए गए उत्पाद शुल्क के 50% से अधिक उत्पाद-शुल्क ऋण, कुल राशि के पैकेज के 33% (अन्य मामलों में पुनर्स्थापन पैकेज की लागत के 25%) से अधिक न होने की शर्त के अधीन प्रदान किया जा सकता है, बशर्ते कि, (क) बीआईएफआर पुनर्स्थापन पैकेज के भाग के रूप में राहत की सिफारिश करे, (ख) सम्बन्धित रुग्ण इकाई में 1,000 अथवा अधिक कर्मचारी काम में लगे हों, और (ग) राज्य सरकार और वित्तीय संस्थान ऐसे अनुमोदित पैकेज हेतु पर्याप्त त्याग कर रहे हों। योजना के अन्तर्गत केन्द्र सरकार, उपयुक्त मामलों में प्रत्येक के गुणावगुण आधार पर, 10 वर्ष की अवधि तक उत्पाद-शुल्क की बकाया देयराशियों की वसूली स्थगित करने और/अथवा पात्र मामलों में उत्पाद-शुल्क की बकाया देयराशियों पर ब्याज छोड़ने पर भी सहमत हो गई।

(घ) संसाधन एवं वित्तीय प्रबन्ध

रुपया संसाधन जुटाना

2.87 31 मार्च, 1991 को समाप्त वर्ष के दौरान भाऔविनि द्वारा 1,564.24 करोड़ रुपए (34.21 करोड़ रुपए के प्रारंभिक रुपया शेष-शेष को छोड़कर) के रुपया संसाधन जुटाए गए। संसाधन जुटाने की दृष्टि से 1990-91 का वर्ष कुल मिलाकर कठिनाई का वर्ष रहा; संसाधन जुटाने की कठिन स्थिति में आशा की किरण भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय जीवन बीमा निगम, भारतीय साधारण बीमा निगम, भारतीय यूनिट ट्रस्ट, जैसे सहयोगी संस्थानों तथा सेना सामूहिक बीमा निधि, आदि, जैसे संस्थानों द्वारा उपलब्ध करवाई गई रुपया निधि सहायता थी। भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दी गई समग्र सहायता भी मददगार एवं उत्साहजनक थी।

2.88 समीक्षाधीन अवधि के दौरान, देश के भीतर जुटाए गए रुपया संसाधनों की प्रमुख विशेषताएं निम्नलिखित रहीं:—

— 35 करोड़ रुपये की अतिरिक्त शेयर पूंजी का जुटाया जाना (12.50 करोड़ रुपये 31 मई, 1990 को जुटाए गए और 22.50 करोड़ रुपए 26 मार्च, 1991 को जुटाए गए)।

— आरक्षित निधियों में 60.15 करोड़ रुपये की वृद्धि।

— (क) ऋणियों द्वारा ऋणों की पुनर्अदायगी और (ख) निवेशों की बिक्री/विमोचन के द्वारा कुल 370.04 करोड़ रुपये की बढ़ी हुई प्राप्ति।

— तीन सार्वजनिक बांड निर्गमों (26 जून, 1990, 24 सितम्बर, 1990 और 26 दिसम्बर, 1990 को जारी की गई क्रमशः 56वीं, 57वीं और 58वीं सीरीज) द्वारा कुल 400 करोड़ रुपये के रुपया संसाधन में वृद्धि।

— 677.90 करोड़ रुपए के उधार, जो भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (200 करोड़ रुपये), भारतीय जीवन बीमा निगम (200 करोड़ रुपये), भारतीय यूनिट ट्रस्ट (175 करोड़ रुपये), भारतीय साधारण बीमा निगम तथा इसकी सहयोगी कम्पनियां (50 करोड़ रुपये), सेना सामूहिक बीमा निधि (50 करोड़ रुपये), राष्ट्रीय ग्रामीण विकास निधि (1.90 करोड़ रुपए) और बायोटेक कंसोर्टियम लि. (एक करोड़ रुपए) से लिये गये। ऐसे उधारों पर ब्याज की दर 13% से 14.5% के बीच रही।

— भारतीय रिजर्व बैंक से कार्यशील निधियों का संभव सीमा तक लाभ उठाना; 31 मार्च, 1991 की स्थिति के अनुसार जिसके खाते में बकाया राशि 44 करोड़ रुपये थी।

— भारत सरकार से ब्याज अन्तरजन्य निधियों में से 9.25 करोड़ रुपए की बढ़ी हुई राशि की प्राप्ति।

रुपया संसाधनों का उपयोग

2.89 रुपया संसाधनों का उपयोग, मंजूर सहायता के 1,274.87 करोड़ रुपए का नकद संवितरण करने, भारतीय वित्तीय संस्थानों तथा अन्य संस्थाओं को 139.40 करोड़ रुपए के ऋणों की पुनर्अदायगी करने, केन्द्रीय सरकार को 10.91 करोड़ रुपये के ऋण पुनर्अदा करने, 17.73 करोड़ रुपए के लाभांश की अदायगी, 24.25 करोड़ रुपए की कर देयता के भुगतान की व्यवस्था के लिए, तथा 83.67 करोड़ रुपये अन्य कार्यों के लिए, किया गया। वर्ष के अन्त में नकद शेष 57.62 करोड़ रुपए था।

मांग मुद्रा बाजार में भागीदारी

2.90 वर्ष की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि यह थी, कि भाआवित्रनि को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 20 अक्तूबर 1990 से केवल ऋणदाता के रूप में मांग मुद्रा बाजार में (रात्र-पर्यंत मांग मुद्रा तथा 14 दिनों तक की अवधि के लिए अल्पावधि नोटिस मुद्रा) भागीदारी की अनुमति प्रदान की गई। भाआवित्रनि के उधार-कार्य केवल इसको अल्पावधि अधिशेष निधियों के नियोजन तक ही सीमित रहने की अपेक्षा थी, बशर्ते कि, भाआवित्रनि के पास भारतीय रिजर्व बैंक से उपलब्ध कोई अल्पावधि उधार बकाया न हो।

विदेशी मुद्रा संसाधन और उनका उपयोग

2.91 समीक्षाधीन वर्ष के अधीन, भाआवित्रनि ने विदेशी बैंकों के सहयोग से 100 मिलियन अमरीकी डालर के ऋण का अनुबन्ध किया, जिसमें सनवा बैंक लि., हांगकांग ने एजेंट के रूप में और बी.टी. एशिया लि., एल.टी.सी.बी. एशिया लि., सनवा इंटरनेशनल फाइनेंस लि. ने व्यवस्थापक के रूप में कार्य किया।

2.92 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, भाआवित्रनि ने आवास विकास वित्त निगम लि., (एच.डी.एफ.सी.) तथा इंफ्रास्ट्रक्चर लीजिंग एण्ड फाइनेंशियल सर्विसेज लि., (आई. एल. एण्ड एफ. एस.) से क्रमशः 40 मिलियन अमरीकी डालर और 15 मिलियन अमरीकी डालर का प्रतिरूप रुपया निधियों में विनिमय भी किया। एच.डी.एफ.सी. तथा आई.एल. एंड एफ.एस., दोनों ने उपर्युक्त डालर निधियां इंटरनेशनल फाइनेंस कार्पोरेशन, वाशिंगटन (आई.एफ.सी. डब्ल्यू.) से जुटाए थे।

2.93 समग्रतः 31 मार्च, 1991 को समाप्त वर्ष के अन्त में भाआवित्रनि के विद्यमान विदेशी मुद्रा संसाधनों में निम्नलिखित शामिल थे :—

— जर्मन मार्क में 25 ऋण व्यवस्थाओं के अधीन जर्मन संघीय गणराज्य के क्रेदितांस्तल्त-फर-वाइडरफबउ से कुल 408 मिलियन जर्मन मार्क का उधार,

— अन्तर्राष्ट्रीय पूंजी बाजार से विदेशी मुद्राओं में जुटाए गए 808,610 मिलियन अमरीकी डालर के समकक्ष संसाधन,

— इंडस्ट्रियल डेवेलपमेंट कॉआपरेशन लि., फिनलैंड की फिनिश निधि से 30 मिलियन फिन मारका ऋण की व्यवस्था,

— एशियाई विकास बैंक (एडीबी) से 150 मिलियन अमरीकी डालर के ऋण की व्यवस्था।

2.94 उपर्युक्त विदेशी मुद्रा संसाधनों के प्रति भाआवित्रनि 31 मार्च, 1991 तक 2,086.24 करोड़ रुपये के समकक्ष विदेशी मुद्राओं के उप-ऋणों के लिए वचनबद्ध था। 31 मार्च, 1991 तक विदेशी मुद्रा उप-ऋणों का वास्तविक संवितरण 1,064.25 करोड़ रुपए के बराबर था, जिसमें से 250.04 करोड़ रुपए का संवितरण वर्ष 1990-91 के दौरान ही किया गया था।

2.95 वर्ष के दौरान, विदेशी मुद्रा में लिए गए वास्तविक उधार कुल उधार कुल 380.04 करोड़ रुपये के समकक्ष थे, और विदेशी मुद्रा ऋणों की पुनर्अदायगी 199.05 करोड़ रुपये के समकक्ष थी। 31 मार्च, 1991 की स्थिति के अनुसार निवल बकाया विदेशी मुद्रा ऋण 1,720.46 करोड़ रुपए के थे, जबकि 31 मार्च, 1990 (किन्तु 31 मार्च, 1991 को लागू दर से पुनर्मूल्यांकित आधार पर) को 1,539.47 करोड़ रुपए के थे।

निधियों के स्रोत और उपयोग (संक्षेप)

2.96 भाआवित्रनि के आरम्भ से लेकर और 31 मार्च, 1991 तक इसके कुल संसाधन 8,897.85 करोड़ रुपये के थे, जिनमें शेयर पूंजी 135 करोड़ रुपए, आन्तरिक जनन 2,298.52 करोड़ रुपए, बाह्य वाणिज्यिक उधार 1,546.32 करोड़ रुपये, विदेशी ऋण 299.20 करोड़ रुपये, सरकार एवं अन्य संस्थानों से उधार 1,323.82 करोड़ रुपये और बाजार से उधार 3,294.99 करोड़ रुपये सम्मिलित हैं। इनका उपयोग 5,688.93 करोड़ रुपए के रुपया संवितरणों, 1,064.25 करोड़ रुपए के विदेशी मुद्रा संवितरणों, 165.09 करोड़ रुपए के निवेश, 395.44 करोड़ रुपए के बांडों के विमोचन, सरकार तथा भारतीय वित्तीय संस्थानों/संस्थाओं को 345.04 करोड़ रुपये की पुनर्अदायगी, 438.21 करोड़ रुपये के विदेशी मुद्रा ऋणों की पुनर्अदायगी, 72.48 करोड़ रुपये के लाभांश की अदायगी के प्रावधान के लिए, 192.05 करोड़ रुपये कर के लिए, 469.99 करोड़ रुपये अन्य उपयोगों के लिए किया गया, तथा अन्त में नकद शेष 66.37 करोड़ रुपए का था।

राष्ट्रीय राजकोष में अंशदान

2.97 भाआवित्रनि अधिनियम, 1948 की धारा 40 के अनुसरण में, भाआवित्रनि को गैर-सरकारी निगमित क्षेत्र की किसी भी अन्य कम्पनी के समान ही अपनी आय, लाभ और अर्जनों पर आयकर, (अधिकर, यदि कोई हो) देना पड़ता है। आयकर अधिनियम, 1961 भी करयोग्य आय की गणना करने के प्रयोजन से, भाआवित्रनि और अन्य किसी कम्पनी में सिवाय इसके कोई अन्तर नहीं करता कि आयकर अधिनियम, 1961 के अधीन कुल आय में निम्नलिखित के सम्बन्ध में कटौतियां अनुमेय हैं :—

— जब तक विशेष आरक्षित निधि में जमा की गई राशि प्रदत्त शेयर पूंजी (आरक्षित निधि की जितनी राशि को पूंजीगत स्वरूप दिया गया है, उसे छोड़कर) के दुगने से अधिक नहीं होती। धारा 36 (1) (8) के अधीन कुल आय की 40% सीमा तक विशेष आरक्षित निधि, और

— अधिनियम की धारा 80ड की व्यवस्थाओं के अनुसार अन्य देशीय कम्पनियों से लाभांशों के रूप में प्राप्त आय के केवल 60% की सीमा तक अन्तर कम्पनी लाभांश।

2.98 भाऔविनि अपने अस्तित्व के 43 वर्षों के दौरान 192.05 करोड़ रुपये की राशि तो कर के रूप में ही राष्ट्रीय राजकोष में अदा कर चुका है, जो इसकी 135 करोड़ रुपये की प्रदत्त शेयर पूंजी की डेढ़ गुना के निकट है।

(ड) लेखे और लेखा-परीक्षण

लेखा-विवरण

2.99 भाऔविनि का लेखा-विवरण अन्त में दिया गया है, जिसमें 31 मार्च, 1991 की स्थिति का तुलन-पत्र, 31 मार्च, 1991 को समाप्त वर्ष के लाभ-हानि के साथ-साथ पिछले वर्ष के आंकड़े भी प्रस्तुत किए गए हैं। तथापि, भाऔविनि के कार्य-परिणामों और वित्तीय स्थिति की प्रमुख विशेषताओं का ब्यौरा निम्नानुसार है।

कार्य परिणाम

2.100 भाऔविनि के 31 मार्च, 1991 को समाप्त वर्ष के कार्य परिणामों में 102.33 करोड़ रुपये का कर-पूर्व लाभ दिखाया गया है, जबकि 31 मार्च, 1990 को समाप्त वर्ष के दौरान यह 90.14 करोड़ रुपये था। इस प्रकार इसमें 13.5% की वृद्धि परिलक्षित होती है। वर्ष के दौरान, कराधान के लिए 24.25 करोड़ रुपये का प्रावधान करने के पश्चात, निवल लाभ 78.08 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वर्ष निवल लाभ 67.44 करोड़ रुपये था। इस प्रकार इसमें 15.8% की वृद्धि हुई।

विनियोजन

2.101 भाऔविनि के निदेशक बोर्ड द्वारा निवल लाभ में से किए गए विनियोजन का विवरण सारणी-9 में दिया गया है।

2.102 31 मार्च, 1991 को समाप्त वर्ष के दौरान, भाऔविनि ने अपनी आरक्षित राशि में 60.15 करोड़ रुपये की राशि अन्तरित की, जिसमें सामान्य आरक्षित निधि, हितकारी आरक्षित निधि तथा विशेष आरक्षित निधि शामिल है। यह पिछले वर्ष की आरक्षित राशि में अन्तरित राशि से 9.8% अधिक थी।

सारणी 9: निवल लाभ का विनियोजन

(करोड़ रुपये)

		इस वर्ष 1990-91	पिछला वर्ष 1989-90
	(1)	(2)	(3)
		रू०	रु०
निवल लाभ		78.08	67.44
विनियोजन निम्नलिखित को आन्तरित			
(क) सामान्य आरक्षित निधि	17.19		22.30
(ख) हितकारी आरक्षित निधि	1.50		2.50
(ग) विशेष रिजर्व [आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 36 (1) (viii) के अधीन]	40.74	60.15	30.00
कर्मचारी कल्याण निधि का आबंटन		0.20	0.50
लाभांश की अदायगी		17.73 (16%)	12.14 (14%)
जोड़		78.08	67.44

लाभांश

2.103 संतोषजनक कार्य-परिणामों को ध्यान में रखते हुए भाऔविनि के निदेशक बोर्ड ने शेयरों पर पिछले वर्ष घोषित 14% की तुलना में वर्ष 1990-91 के लिये 16% लाभांश अदा करने का अनुमोदन किया है।

कार्य-परिणामों की प्रवृत्ति

2.104 भाऔविनि के कार्य-परिणामों की प्रवृत्ति का समग्र मूल्यांकन सारणी-10 में दिए गए पांच वर्षों के संक्षिप्त आंकड़ों के आधार पर किया जा सकता है।

सारणी 10 : पांच वर्षों के दौरान भा औ वि नि के कार्य परिणाम

(करोड़ रुपये)

विवरण	30 जून को समाप्त वर्ष			31 मार्च को समाप्त वर्ष	
	1987	1988	1989*	1990	1991
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
दिये गये उधारों पर ब्याज	225.48	285.30	277.77	462.95	591.48
घटाएं : लिये गये उधारों की लागत	160.78	212.10	213.62	357.95	475.47
निवल ब्याज राजस्व	64.70	73.20	64.15	105.00	116.01
अन्य आय	8.00	9.36	11.26	12.93	22.44
निखिल आय	72.70	82.56	75.41	11.93	138.45
व्यय :...					
—कार्मिक व्यय	6.55	6.12	5.02	8.55	12.41
—निदेशों पर हानि	0.18	0.02	0.31	0.18	0.18
—निदेशकों तथा समिति सदस्यों के शुल्क तथा व्यय	0.03	0.03	0.02	0.03	0.04
—अन्य व्यय व अनुदान	3.14	4.51	3.70	10.23	9.48
—मूल्यह्रास	1.18	3.00	5.81	8.80	14.01
कर-पूर्व लाभ	61.62	68.88	60.55	90.14	102.33
कराधान	18.14	16.22	10.02	22.70	24.25
निवल लाभ	43.48	52.66	50.53	67.44	78.08
लाभांश (दर)	11.0%	12.0%	13.0%	14.0%	16.0%

(*) 1989 के आंकड़े 9 माह (जुलाई-मार्च) के हैं।

2.105 उपर्युक्त से यह देखा जा सकता है कि पिछले वर्ष की तुलना में :—

— ऋण परिचालनों से ब्याज आय में 27.8% की वृद्धि हुई ।

— उधार लागत की मद के अन्तर्गत 32.8% की वृद्धि हुई ।

— निवल आय, कर-पूर्व लाभ और निवल लाभ में क्रमश: 17.4%, 13.5% तथा 15.8% की वृद्धि हुई ।

— अन्य आय में वृद्धि 73.5 प्रतिशत रही ।

— उधार लागत, जो 1989-90 में ऋणों पर प्राप्त ब्याज आय का 77.3% थी, 1990-91 में 80.4% रही ।

— 1990-91 में कर-पूर्व लाभ निवल आय के प्रतिशत के रूप में 73.9% रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 76.4% था ।

— सकल आय के प्रतिशत के रूप में निवल लाभ 1990-91 में 12.7% रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 14.1% था ।

— 1990-91 में निवल आय के प्रतिशत के रूप में निवल लाभ 56.4% रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 57.2% था।

— सकल परिसम्पत्तियों के प्रतिशत के रूप में कार्मिक व्यय 0.19% रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 0.17% था।

वित्तीय स्थिति

2.106 31 मार्च, 1991 की स्थिति के अनुसार भाऔविनि की परिसम्पत्तियों और देयताओं की स्थिति सहित पिछले पांच वर्षों की वित्तीय स्थिति, जैसा कि भाऔविनि के तुलन-पत्र से स्पष्ट है, संक्षेप में सारणी-11 में दी गई है।

सारणी 11 : पांच वर्षों के दौरान भाऔविनि की परिसम्पत्तियों तथा देयताओं की स्थिति

(करोड़ रुपये)

विवरण	30 जून को समाप्त वर्ष		31 मार्च को समाप्त वर्ष		
	1987	1988	1989	1990	1991
(1)	(2)	(3)	(4)*	(5)	(6)
परिसम्पत्तियां					
नकद व बैंक शेष	137.00	193.38	140.93	46.80	66.37
निवेश					
—सहायता प्राप्त संस्थाओं में	72.83	96.53	111.75	141.99	159.23
—अन्य संस्थाओं में	2.81	6.50	20.10	27.00	31.91
सहायता प्राप्त संस्थाओं को ऋण	2,117.10	2,733.21	3,373.53	4,179.04	5,362.21
स्थिर तथा अन्य परिसम्पत्तियां	132.73	221.45	309.61	510 84	777.77
स्वीकृतियों के लिए ग्राहक देयताएं	21.93	22.92	32.51	39.84	93.56
	2,484.40	3,273.99	3,987.43	4,945.51	6,491.05
देयतायें और शेयरधारी निधि					
शेयर पूंजी	57.50	70.00	82.50	100.00	135.00
रिजर्व तथा आरक्षित निधि	182.17	225.62	270.94	327.42	389.45
उधार					
(क) बांड	1,729.40	2,083.80	2,314.70	2,851.39	3,105.23
(ख) सरकार तथा भा औ वि बैंक से	79.30	70.73	67.85	60.09	270.04
(ग) जीवन बीमा निगम, साधारण बीमा निगम व इसकी आनुषंगिक इकाइयों से	—	—	—	100.00	350.00
(घ) विदेशों मुद्राओं से	285.78	611.75	988.60	1,005.95	1,497.27
अन्य चालू देयतायें और प्रावधान	20.29	179.87	2[illegible]6.88	439.11	619.[illegible]
निर्धारित निधियां	8.03	9.90	13.45	21.71	30.87
स्वीकृतियों पर देयता	2 .93	22.92	32.51	39.84	93.56
	2,484.40	3,273.99	3,987.43	4,945.51	6,491.05
ऋण इक्विटी	8.7:1	9.3:1	9.5:1	9.4:1	9.9:1
निवल मूल्य : निवल लाभ	5.5:1	5.6:1	7.0:1	6.3:1	6.7:1

(*) 1989 के आंकड़े 9 माह (जुलाई मार्च) के हैं।

2.107 भाऔविनि के वर्ष 1990-91 के तुलन-पत्र के आधार पर इसकी कुछ उल्लेखनीय वित्तीय उपलब्धियां संक्षेप में इस प्रकार हैं :—

* वर्ष के दौरान, भाऔविनि के निवेश पोर्टफोलियो में 12.1% की वृद्धि ।

* वर्ष के दौरान, भाऔविनि के ऋण पोर्टफोलियो (बकाया राशियां) में 28.3% वृद्धि ।

* स्थिर तथा अन्य परिसम्पत्तियों में वृद्धि 52.2% रही ।

* आरक्षित राशि और आरक्षित निधियां प्रदत्त शेयर पूंजी की 2.8 गुना थीं ।

* वर्ष के दौरान, भाऔविनि की शेयर पूंजी, आरक्षित राशि और आरक्षित निधि के निवल मूल्य में 22.7% की वृद्धि ।

* मार्च, 1991 के अन्त में सकल निवल परिसम्पत्ति व निवल मूल्य का अनुपात 12.1 : 1 था ।

* वर्ष के दौरान, कुल लिये गये उधारों में 30% की वृद्धि ।

* मार्च, 1991 के अन्त में भाऔविनि का ऋण-इक्विटी अनुपात 9.9 : 1 था ।

* मार्च, 1991 के अन्त में भाऔविनि का निवल मूल्य वर्ष के दौरान इसके निवल लाभ का 6.7 गुणा था।

लेखांकन नीतियां

2.108 भाऔविनि द्वारा अपनाई गई महत्वपूर्ण लेखांकन नितियां तथा लेखे का रूप ग्रहण करने वाली टिप्पणियां अनुसूची 17 में दी गई हैं तथा यह 31 मार्च, 1991 की स्थिति के तुलन-पत्र का भाग है । उल्लेखनीय है कि अब तक भाऔविनि द्वारा अपनाई गई लेखांकन नीतियां सर्वदा सुसंगत रही है ।

लेखा-परीक्षण

2.109 लेखा-परीक्षकों के दो समूहों द्वारा भाऔविनि के लेखों की सांविधिक लेखा-परीक्षा के अतिरिक्त भाऔविनि ने आन्तरिक नियंत्रण और आन्तरिक लेखा-परीक्षा हेतु स्वयं की एक एक व्यापक प्रणाली गठित कर रखी है। विभिन्न कार्यालयों (अर्थात् क्षेत्रीय और शाखा कार्यालय) और भाऔविनि के निगमित कार्यालय प्रमुख विभागों के कार्य-निष्पादन बजट हेतु भी एक प्रणाली प्रचलन में है, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक कार्यालय और संबंधित प्रभाग/विभाग को कार्य-निष्पादन के लिए आबंटित बजट तथा निष्पादन कार्यों के संबंध में मूल्यांकन किया जाता है । लागोबार विकास मंजूरियों, संवितरणों, वसूलियों, चूकों, आन्तर-शाखा एवं अन्तर-प्रधान कार्यालय से संबंधित लेखांकन प्रविष्टियों और अन्य प्रशासनिक, कार्मिक, प्रशिक्षण तथा सम्पदा मामलों के विषयों पर क्षेत्रीय शाखा एवं अन्य कार्यालयों से सूचना प्राप्त करने की भी एक नियमित व्यवस्था है ।

आन्तरिक लेखा-परीक्षा

2.110 आन्तरिक लेखा-परीक्षा एवं निरीक्षण विभाग, जिसे कार्यपालक निदेशक के माध्यम से अध्यक्ष को रिपोर्ट करने का दायित्व सौंपा गया है, भाऔविनि की आय का पूर्ण और सही लेखांकन, संसाधनों का अधिकतम उपयोग तथा प्रणालियों एवं कार्यविधियों की प्रभावोत्पादकता के बारे में प्रबन्धक-वर्ग को जानकारी देना सुनिश्चित करता है । वर्ष के दौरान आन्तरिक लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण विभाग, ऋणों और अग्रिमों तथा वित्तीय सेवाओं से प्राप्त आय का 100% सत्यापन करने के अतिरिक्त, संवितरणों, वसूलियों, संवितरण-पश्चात अनुवर्तन, बीमा और विधिक प्रलेखन आदि जैसे परिचालनात्मक क्षेत्रों में भी कार्यरत रहा । कार्य-प्रणालियों और कार्यविधियों की आन्तरिक लेखा-परीक्षा में, संगठन की उत्पादकता और कुशलता पर प्रकाश डाला गया । लेखा-परीक्षा प्रेक्षणों के अनुपालन और लेखा-परीक्षा के निष्कर्षों के आधार पर शुरू किए गए सुधारात्मक उपायों पर आन्तरिक लेखा-परीक्षा एवं निरीक्षण विभाग द्वारा वर्ष भर बारीकी से नजर रखी जाती रही ।

सांविधिक लेखा-परीक्षा

2.111 वर्ष 1990-91 के लिए सांविधिक लेखा-परीक्षक मैसर्स लोढ़ा एण्ड कं., सनदी लेखापाल, 14, गवर्नमेंट प्लेस ईस्ट, कलकत्ता और मैसर्स सुमेर बंसल एण्ड कं., सनदी लेखापाल, 36, नेताजी सुभाष मार्ग, दिल्ली थे । मैसर्स लोढ़ा एण्ड कं., सनदी लेखापाल को 29 जून, 1990 को हुई भाऔविनि के शेयरधारियों की वार्षिक महासभा में भाऔविनि के शेयरधारियों (भारतीय औद्योगिक विकास बैंक से भिन्न) द्वारा औविनि अधिनियम, 1948 की धारा 34 के अधीन लेखा-परीक्षकों के रूप में चुना गया । मैसर्स सुमेर बंसल एण्ड कं., सनदी लेखापाल को औविनि अधिनियम, 1948 की धारा 34 (1) के अधीन भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा भाऔविनि के लेखा-परीक्षकों के रूप में नियुक्त किया गया ।

लेखा-परीक्षा रिपोर्ट

2.112 औविनि अधिनियम, 1948 की धारा 34 (3) की व्यवस्थाओं के अनुसार 31 मार्च, 1991 को समाप्त वर्ष के लिए सांविधिक लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट, इस रिपोर्ट में वर्ष के लेखा-विवरणों से पहले दी गई है ।

कर-लेखा परीक्षा

2.113 इसके अतिरिक्त, कर लेखा-परीक्षा के प्रयोजन के लिए आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 44 क ख की व्यवस्थाओं के अनुसार, मैसर्स अवतार एण्ड कं., सनदी लेखापाल, ई-89, आनन्द निकेतन, नई दिल्ली वर्ष 1990-91 के लिए भाऔविनि के कर लेखा-परीक्षक थे ।

प्रवर्तन सेवाएं—

एक सिंहावलोकन

3.01 भाऔविनि द्वारा प्रदत्त प्रवर्तन सेवाएं मूलतः सहायक उपायों के रूप में हैं, और इनमें, विशेष रूप से संरचित प्रवर्तन योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण और लघु उद्योग क्षेत्र को सहायता, सलाहकारी सेवाओं, उद्यमीयता विकास, प्रबन्ध विकास, जोखिम पूंजी एवं प्रौद्योगिकी वित्त, पर्यटन और पर्यटन

सम्बन्धी कार्यों, विज्ञान पार्कों, अनुसंधान एवं विकास तथा सम्बद्ध अनुसंधानोन्मुख कार्यों की व्यवस्था शामिल है। वर्ष के दौरान, न केवल विद्यमान विभिन्न प्रवर्तन सेवाओं के लिए सहायता के प्रवाह को गतिशील बनाया गया, अपितु (क) राष्ट्रीय ग्रामीण विकास निधि (राग्राविनि), (ख) बायोटेक कन्सोर्शियम इंडिया लि., (बीसीआईएल) (ग) भारतीय निवेश सूचना एवं साख निर्धारण अभिकरण लि., (आईआईसीआरए) और (ग) ओटीसी एक्सचेंज आफ इंडिया लि., (ओटीसीईआई) की स्थापना में सहायता तथा भागीदारी करके इस दिशा में नए आयाम भी जोड़े गए।

3.02 वर्ष 1990-91 के दौरान विभिन्न प्रवर्तन कार्यों पर भाऔविनि द्वारा उपयोग की गई कुल राशि 721.09 लाख रु. रही। संचयी रूप से 31 मार्च, 1991 तक भाऔविनि ने अपनी विभिन्न प्रवर्तन योजनाओं के लिए 4,621.37 लाख रुपये का उपयोग किया। सारणी 12 और 13 में भाऔविनि द्वारा इसकी प्रवर्तन सेवाओं के लिए उपयोग की गई राशि और इसके निधिकरण का ब्यौरा दिया गया है।

सारणी 12 : प्रवर्तन सेवाओं पर भा औ वि नि द्वारा उपयोग की गई राशि

(लाख रुपये)

भाऔविनि द्वारा सहायता प्रदान की गई सेवाओं का स्वरूप	1990–91 (अप्रैल मार्च) राशि/रुपये		31 मार्च, 1991 तक संचयी राशि/रूपये	
(1)	(2)		(3)	
(i) प्रवर्तन योजनाएं				
उप सहायता	75.14		429.76	
—ऋण सहायता	—		23.50	
—उद्यमी विकास कार्यक्रम योजना	1.65	76.79	2.56	455.82
(ii) औद्योगिक क्षमता सर्वेक्षण		—		9.63
(iii) तकनीकी सलाहकारी संगठनों के लिये सहायता				
—तकनीकी सलाहकारी संगठन	1.26		77.99	
—औद्योगिक परामर्श दाताओं को निर्देशिका	—	1.26	0.43	78.42
(iv) उद्यमीयता विकास के लिये सहायता				
—उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों को लागत में हिस्सेदारी	21.90		89.35	
—भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान को सहायता	—		93.00	
—उद्यमीयता विकास संस्थानों को सहायता	—	21.90	20.25	202.60
(v) प्रबन्ध विकास संस्थान की प्रबन्ध विकास गतिविधियों के लिये मदद		74.76		1,114.78
(vi) जोखिम पूंजी एवं प्रौद्योगिकी वित्त निगम के माध्यम से जोखिम पूंजी सहायता के लिये मदद		160.00		1,963.23
(vii) भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड के लिये सहायता		—		250.00
(viii) ओ० टी० सी० एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि० के लिये सहायता		40.00		40.00
(ix) राष्ट्रीय ग्रामीण विकास निधि के लिये सहायता		205.00		205.00

1	2		3	
(x) बाईटेक कंसोर्टियम इण्डिया लि० के लिये सहायता		100.00		100.00
(xi) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उद्यमी पार्कों को सहायता		15.87		34.28
(xii) अनुसंधान आदि का प्रवर्तन				
—भा औ वि नि पीठें	5.21		37.46	
—विशेष अनुसंधान अध्ययन रिपोर्टें आदि	—		10.63	
—इण्डियन इकनामिक जर्नल को सहायता	—		0.15	
—भा औ वि नि० अनुसंधान फैलोशिप	—	5.21	0.20	48.44
(xiii) अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों और सेमिनारों के लिये सहायता				
—ग्रामीण विकास पर अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिपादन	—		1.00	
—गुटनिरपेक्ष और अन्य विकासशील राष्ट्रों के लिये अनुसंधान और सूचना व्यवस्था	—		11.00	
—विश्व आर्थिक कांग्रेस	—		4.00	
—इण्डियन इकोनोमैट्रिक सोसायटी	—		0.50	
—लघु और मध्यम उद्योग विश्व सम्मेलन	—		1.00	
—भारतीय आर्थिक संगठन	0.20		0.20	
—अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक सम्बन्धों पर अनुसंधान के लिये भारतीय परिषद	5.00	5.20	5.00	22.70
(xiv) विशेष संगठनों को सहायता				
—गहरा कुआं परियोजना के लिये मुनिगुडा, उड़ीसा के 'नई आशा ग्रामीण कुष्ठ रोग न्यास'	—		0.21	
—धारवाड़ (कर्नाटक) के बहु आयामी विकास अनुसंधान केन्द्र	—		14.00	
—नई दिल्ली का पालिसी ग्रुप (गैर लाभ अर्जक अनुसंधान संगठन)	2.50		5.50	
—राष्ट्रीय पब्लिक वित्त तथा नीति संस्थान को सहायता	—		0.50	
—विकास कार्यों के लिये व्यवसायिक सहायता	10.00		10.00	
—शारीरिक औषधियां व पुनर्स्थापन का भारतीय संगठन	0.10		0.10	
—औद्योगिक विकास में अध्ययनों का संस्थान	2.50	15.10	2.50	32.81
(xv) पुनश्चर्या कार्यक्रम और राज्य स्तरीय संस्थानों को सहायता		—		4.30
(xvi) अन्य (परियोजना के प्रत्यक्ष वित्त के लिये प्रयुक्त)		—		59.36
जोड़		721.09		4,621.37

सारणी 13 : भाऔविनि की प्रवर्तन सेवाओं के लिये वित्तीय स्रोत

(लाख रुपये)

निधि	1990-91 (अप्रैल-मार्च) राशि रु०	31 मार्च 1991 तक संचयी राशि रु०
(1)	(2)	(3)
हितकारी आरक्षित निधि : (औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम, 1948 की धारा 32ख के अधीन भाऔविनि के लाभों से बनाई गई)	49.47	1,110.39
ब्याज, अन्तर-जन्य निधियां : (भाऔविनि, क्रिदितांस्तल्त फर वाइडर फबऊ, भारत सरकार और जर्मन संघीय गणराज्य की सरकार के बीच हुए करारों की शर्तों के अधीन के० एफ० डब्ल्यू० ऋणों के लिये भाऔवि नि द्वारा अदा किये गये ब्याज में से भारत सरकार से प्राप्त धन की द्योतक हैं)	671.62	3;510.98
जोड़	721.09	4,621.37

प्रवर्तन योजनाएं

3.03 विनिर्दिष्ट क्षेत्रों में, भाऔविनि अपने ही सामर्थ्य के आधार पर, 14 प्रवर्तन योजनाएं चला रहा है, जिनमें से आठ सलाहकारी उप-सहायता योजनाएं हैं, चार ब्याज उप-सहायता योजनाएं, और दो उद्यमीयता विकास योजनाएं हैं । उपर्युक्त सभी योजनाओं ने वर्ष के दौरान सक्रिय रूप से गतिशीलता अर्जित की, और इन योजनाओं के अन्तर्गत सहायता की राशि के उपयोग में पिछले वर्ष की तुलना में 57% की वृद्धि हुई । भाऔविनि द्वारा अपनी विभिन्न प्रवर्तन योजनाओं के अधीन वर्ष 1990-91 के दौरान और संचयी रूप से मार्च, 1991 के अंत तक किए गए समग्र उप-सहायता संवितरणों का ब्यौरा सारणी 14 में दिया गया है ।

सारणी 14. भाऔविनि द्वारा इसकी विभिन्न प्रवर्तन योजनाओं के अधीन संवितरित उप-सहायता

(लाख रुपये)

प्रवर्तन योजनाओं के नाम	1990-91 (अप्रैल-मार्च राशि	31 मार्च 1991 तक संचयी राशि रु०
(1)	(2)	(3)
—व्यवहार्यता, अध्ययन, आदि की लागत को पूरा करने के लिये ग्रामीण, कुटीर, अति लघु और लघु क्षेत्र, छोटे उद्यमियों को उप-सहायता योजना	41.85	281.53
—पशु पालन, डेरी उद्योग, मुर्गी पालन, मछली पकड़ने से सम्बद्ध उद्योगों को सलाहकारी उप-सहायता योजना	10.74	16.81
—कृषि, बागवानी, रेशम उत्पादन तथा मत्स्य पालन में लगे हुए या इस से सम्बद्ध उद्योगों को सलाह्-कारी उप-सहायता योजना	10.86	16.43
—सहायक और लघु क्षेत्र के उद्योगों के प्रवर्तन के लिये उप-सहायता योजना	1.55	18.65
—बाजार अनुसंधान,/सर्वेक्षण की लागत को पूरा करने के लिये नये उद्यमियों को उप-सहायता योजना	1.88	16.19
—ग्रामीण एवं लघु उद्योग क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण के लिये उप-सहायता योजना	—	0.35
—लघु क्षेत्र की इकाइयों को बाजार सहायता उपलब्ध करवाने के लिये उप-सहायता योजना	0.41	1.50
—अति लघु और लघु क्षेत्र की रुग्ण इकाइयों के पुनरुद्धार के लिये उप-सहायता योजना	0.21	13.80
—अति लघु, लघु और सहायक इकाइयों के आधुनिकीकरण कार्य-क्रम के कार्यान्वियन के लिये उप-सहायता योजना	—	4.75

(1)	(2)	(3)
—ऊर्जा के गैर-परम्परागत स्रोतों तथा ऊर्जा संरक्षण उपायों के उपयोग हेतु सलाहकारी उप-सहायता योजना	—	0.92
—बेरोजगार युवा व्यक्तियों के स्व-विकास और स्व-नियोजन के लिये ब्याज उप-सहायता योजना	1.18	2.20
—महिला उद्यमियों के लिये ब्याज उप-सहायता योजना	6.46	11.19
—देशी तकनीक को ग्रहण करने के लिये प्रोत्साहित करने के लिये ब्याज उप-सहायता योजना	—	45.35
—लघु क्षेत्र में गुणवत्ता नियंत्रण उपायों को प्रोत्साहित करने के लिये ब्याज उप-सहायता योजना	—	0.09
—इन-हाउस अनुसंधान एवं विकास प्रयासों के द्वारा प्रौद्योगिकी विकास के लिये सहायता योजना	—	23.50
—पर्यटन तथा पर्यटन सम्बन्धी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिये उद्यमी विकास सहायता योजना	—	1.40
—रुग्ण इकाइयों में विनियोजना एवं छटनी के फलस्वरूप बेरोजगार लोगों में स्व-नियोजन प्रोत्साहित करने हेतु सहायता योजना	0.39	1.16
जोड़	76.79	455.82

3.04 इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए, कि भारतीय अर्थ-व्यवस्था में ग्रामीण और लघु उद्योग क्षेत्र की विशेष भूमिका है, तथा यह रोजगार-उन्मुख औद्योगिक विकास के लिए हमारी राष्ट्रीय कार्य नीति का एक अनिवार्य अंग बन चुका है, भारतीवित्त की प्रवर्तन योजनाएं, विगत कुछ वर्षों के दौरान इस महत्वपूर्ण क्षेत्र के लिए विद्यमान सहायक सेवाओं के सुविदित अंतरालों को पाटने में सफल रही हैं।

सलाहकारी सेवाओं के लिए सहायता

(क) तकनीकी सलाहकारी संगठन

3.05 अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों, राज्य-स्तरीय संस्थानों और बैंकों द्वारा स्थापित तकनीकी सलाहकारी संगठन विविध प्रकार की सेवाएं प्रदान करते रहे, उदाहरणार्थ, व्यवहार्यता अध्ययन रिपोर्टें तथा परियोजना रिपोर्टें तैयार करना, बाजार सर्वेक्षण औद्योगिक संभाव्यता सर्वेक्षण परिचालन-उपरान्त सलाहकारी सेवाएं, विभिन्न लक्ष्य समूहों से उद्यमियों की पहचान और प्रशिक्षण, आदि। 18 तकनीकी सलाहकारी संगठनों ने (कर्नाटक सरकार द्वारा स्थापित एक संगठन सहित), जिन्होंने अपनी सलाहकारी सेवाओं के नेटवर्क द्वारा पूरे देश को समाहित किया हुआ है, वर्ष के दौरान विभिन्न प्रकार के 4,412 दत्तकार्य पूरे किए। यह तकनीकी सलाहकारी संगठन 75% या उससे अधिक कारोबार केवल ग्रामीण-विकास, अति लघु और लघु क्षेत्र के (अनुषंगी सहित) औद्योगिक क्षेत्रों पर केन्द्रित करते रहे। उपर्युक्त तकनीकी सलाहकारी संगठन मार्च, 1991 के अंत तक संचयी रूप से 39,387 दत्तकार्य पूरे कर चुके थे, जिनका ब्यौरा सारणी-15 में दिया गया है।

सारणी 15 : सभी तकनीकी सलाहकारी संगठनों की प्रगति का सार

दत्तकार्यों की प्रकृति	पूरे किये गये दत्तकार्यों की संख्या	
	1990–91 (अप्रैल-मार्च)	प्रत्येक तकनीकी सलाहकारी संगठन के आरम्भ से 31 मार्च 1991 तक
(1)	(2)	(3)
I. विवेश-पूर्व सलाहकारी दत्तकार्य		
—व्यवहार्यता, व्यवहार्यता पूर्व अध्ययन/परियोजना रिपोर्ट आदि	2,672	19,417
—औद्योगिक संभावना/क्षेत्र विकास सर्वेक्षण	106	616
—बाजार सर्वेक्षण	53	801
—परियोजना रूपरेखा	797	10,277
—प्रारम्भिक तथ्य निरूपण अध्ययन	3	132
—मूल्यांकन	41	1,106
—अन्य	277	2,666
उप-जोड़ (I)	3,949	35,015
II. निवेश-पश्चात् सलाहकारी दत्तकार्य :		
—निदानात्मक अध्ययन	109	1,158
—रुग्ण इकाइयों का पुनर्स्थापन	28	559
—अन्य	119	1,257
उप-जोड़ (II)	256	2,974
III. टर्नकी दत्तकार्य/कार्यात्मक औद्योगिक काम्पलेक्स आदि	12	81
IV. उद्यमीयता विकास कार्यक्रम	195	1,317
कुल जोड़ (I+ + +IV)	4,412	39,387

3.06 31 मार्च, 1991 तक सभी तकनीकी सलाहकारी संगठनों (कर्नाटक सरकार द्वारा स्थापित एक संगठन को छोड़कर) की शेयर पूंजी में भाऔविनि की भागीदारी 61.42 लाख रुपये थी। किन्तु हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश पंजाब (चंडीगढ़ सहित) तथा हरियाणा (दिल्ली सहित) के तकनीकी सलाहकारी संगठनों के लिए भाऔविनि का दायित्व अग्रणी संस्था के रूप में भी था।

3.07 **हिमाचल सलाहकारी संगठन लि. (हिमकान) ने,** वर्ष के दौरान, 360 दत्तकार्य पूरे किए, जिनमें अन्य कार्यों के साथ-साथ 2 निवेश-पश्चात् अध्ययन तथा हिमाचल प्रदेश सरकार के उद्योग निदेशालय के अनुरोध पर तैयार की गई स्थानीय संसाधनों पर आधारित 50 परियोजना रूपरेखाएं भी शामिल थीं। हिमकान ने मण्डी, नगरोता बागवान, बद्दी, बरोटीवाला और परवाणू क्षेत्रों का लागत-लाभ-अध्ययन भी किया। 'पीटर हाफ बिल्डिंग', जिसे पहले 'गवर्नर्स रेजिडेंस' के नाम से जाना जाता था, को पांच सितारा होटल में बदलने के लिए हिमकान द्वारा विस्तृत तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता अध्ययन भी किया गया। इसने सोलन तथा कांगड़ा जिलों में भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा मेनसैट योजना के अधीन सौंपे गए प्रशिक्षण कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा किया।

3.08 **राजस्थान सलाहकारी संगठन लि. (राजकान) ने,** 332 दत्तकार्य पूरे किए जिनमें, अन्य कार्यों के साथ-साथ, 318 तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता रिपोर्टें, 6 निदानात्मक अध्ययन तथा भाऔविनि के निमित्त राजस्थान में गंगापुर-किशनगढ़ में स्थित एक वस्त्र इकाई के कार्यों का अनुवर्तन भी शामिल था। इसके अतिरिक्त, राजकान ने समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के मेनसैट कार्यक्रम के अंतर्गत 4 विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरे किए। राजकान द्वारा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (भाऔविबैंक) द्वारा प्रायोजित कौशल एवं प्रौद्योगिकी उन्नयन के तीन कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जो अलवर स्थित तेल निष्कासन इकाइयों, नागौर स्थित फोर्जिंग इकाइयों तथा किशनगढ़ स्थित स्टोन-कटिंग और पालिशिंग इकाइयों के लिए थे।

3.09 **मध्य प्रदेश सलाहकारी संगठन लि. (एमपीकान) ने,** 577 निवेश-पूर्व सलाहकारी कार्य तथा 11 निवेश-पश्चात् अध्ययनों के अतिरिक्त मध्य प्रदेश में मिश्र-धातु तलाई उद्योग का औद्योगिक संभाव्यता सर्वेक्षण, भोपाल दुग्ध महासंघ की ओर से इन्दौर, उज्जैन, रायपुर, जबलपुर, ग्वालियर तथा भोपाल के दुग्ध-संघों के कार्य का लागत-विश्लेषण-अध्ययन तथा बालाघाट, सिवनी, दमोह और रायसेन जिलों में एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के संबंध में मध्य प्रदेश सरकार के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सौंपे गए मूल्यांकन अध्ययन के कार्य को भी पूरा किया। एमपीकान ने मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम लि., के अनुरोध पर राज्य के छत्र जिलों, अर्थात् रायपुर, बिलासपुर, बालाघाट, दुर्ग, राजनन्दगांव और सरगुजा के विशेष संदर्भ में मध्य प्रदेश राज्य में चावल की भूसी की उपलब्धता के बारे में भी सर्वेक्षण किया। इसके अतिरिक्त, एमपीकान ने हिन्दी में "उद्यमवीर" नामक पुस्तिका भी प्रकाशित की जिसमें मध्य प्रदेश राज्य के 10 महिला और 28 पुरुष उद्यमियों की सफलता की गौरव गाथा का वर्णन है।

3.10 **उत्तर भारत तकनीकी सलाहकारी संगठन लि. (निटकान) ने,** 306 निवेश-पूर्व अध्ययनों तथा 62 निवेश-पश्चात् अध्ययनों के अतिरिक्त 15 से 20 प्रतिशत तक सकल ऊर्जा संरक्षण संभाव्यता से संबंधित छह ऊर्जा-संरक्षण-अध्ययन पूरे किए। इसने राज्य में मध्यम और बड़े आकार की अनेक औद्योगिक इकाइयों की ऊर्जा लेखा-परीक्षा करने में भी विशेषज्ञता प्राप्त की। पंजाब राज्य में चावल की भूसी की उपलब्धता का पता लगाने के लिए भी एक सर्वेक्षण किया गया। निटकान ने, भारत सरकार, उद्योग मंत्रालय, लघु उद्योगों के विकास आयुक्त के कार्यालय द्वारा प्रायोजित जिला उद्योग केन्द्रों के पदाधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का भी सफल आयोजन भी किया।

3.11 **हरियाणा-दिल्ली औद्योगिक सलाहकार लि. (हरविकान) ने,** 193 निवेश-पूर्व सलाहकारी कार्य तथा 18 निवेश-पश्चात् अध्ययन किए, तथा हरियाणा सरकार ने अपने राज्य में विकास केन्द्रों को विकसित करने के उद्देश्य से स्थलों का चुनाव करने के लिए हरविकान की सेवाएं प्राप्त कीं। इसके अतिरिक्त, हरविकान ने भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (आईआरईडीए) द्वारा आयोजित उद्यमीयता विकास कार्यक्रम के मूल्यांकन का कार्य, हरियाणा वित्तीय निगम की ओर से मोटे धागे, स्टोन क्रशिंग इकाइयों, रोलर फ्लोर मिलों, सालवेन्ट एक्सट्रेक्शन संयंत्रों तथा कोल्ड स्टोरेजों के लिए बाजार अध्ययन कार्य भी पूरे किए।

3.12 वर्ष के दौरान, भाऔविनि का जोर इसके अग्रणी दायित्व के अधीन तकनीकी सलाहकारी संगठनों की सेवाओं के गुणवत्ता से संबंधित विभिन्न पहलुओं को सुधारने, उनकी परिचालनों को कम्प्यूटरीकृत करने और उनके द्वारा आयोजित उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों में प्रशिक्षण और कार्य-नियोजन के बीच आपसी संबंध स्थापित करने पर रहा। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, भाऔविनि के अग्रणी दायित्व के अधीन कार्यरत सभी पांचों तकनीकी सलाहकारी संगठनों की वित्तीय स्थिति संतोषजनक रही।

3.13 वित्तीय संस्थानों द्वारा आयोजित सभी तकनीकी सलाहकारी संगठनों को जीवन्त और प्रभावी सलाहकारी संगठनों के रूप में विकसित करने के लिए, सभी अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों के बीच इस बात पर सहमति हुई है, कि उनके कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से संस्थागत प्रतिनिधियों, कुछ चुने हुए तकनीकी सलाहकारी संगठनों के अध्यक्षों/प्रबंध निदेशकों तथा बाहरी विशेषज्ञों का एक कार्यकारी दल बनाया जाए, ताकि इन संगठनों के कार्यों की समीक्षा की जा सके, तथा ऐसे तरीके सुझाए जा सकें जिनसे उनके कार्य-निष्पादन एवं संगठनात्मक संरचना में उल्लेखनीय सुधार किया जा सके।

(ख) औद्योगिक परामर्शदाताओं की निर्देशिका

3.14 भाऔविबैंक द्वारा अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों की ओर से तैयार की गई औद्योगिक परामर्शदाताओं की निर्देशिका में वर्ष के दौरान 52 नए परामर्शदाताओं के नाम शामिल किए गए। इस प्रकार 31 मार्च, 1991 तक निर्देशिका में सम्मिलित किए गए परामर्शदाताओं की कुल संख्या 1,400 हो गई। औद्योगिक परामर्शदाताओं की निर्देशिका देश में उपलब्ध तकनीकी, औद्योगिक एवं प्रबंध परामर्श सेवाओं के बारे में, एक सुयोग्य मार्गदर्शक की भूमिका निभाती रही।

उद्यमीयता विकास के लिए सहायता

3.15 अपनी भूमिका के अनुरूप, भाऔविबैं शीर्ष तथा राज्य दोनों स्तरों पर (क) उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों के लिए निधियां उपलब्ध कराकर, और (ख) इस क्षेत्र में संस्थानात्मक आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने में सहायता प्रदान करके देश में उद्यमीयता विकास आन्दोलन को सहायता प्रदान करता रहा। मार्च, 1991 तक भाऔविबैं ने स्वयं अपनी ओर से तथा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक एवं भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम लि., के साथ मिलकर 49,670 भावी उद्यमी लाभान्वित करने वाले 1,725 उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई अथवा वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए सहमति दी। 31 मार्च, 1991 तक उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों की लागत में हिस्सेदारी के लिए भाऔविबैं द्वारा उपलब्ध कराई गई निधि सहायता की कुल राशि 89.35 लाख रुपए थी, जिसमें से 21.90 लाख रुपये की राशि समीक्षाधीन वर्ष, अर्थात् 1990-91, में प्रदान की गई।

3.16 उद्यमीयता विकास के लिए संस्थानात्मक अवस्थापना के क्षेत्र में देश में अब शीर्ष स्तर पर भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान (ईडीआईआई) और राष्ट्रीय उद्यमीयता एवं लघु कारोबार विकास संस्थान (एनआईईएसबीयूडी) और राज्य स्तर पर गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बिहार, उड़ीसा और मध्य प्रदेश में उद्यमीयता विकास संस्थान/केन्द्र (आईईडी/सीईडी) हैं। गोवा, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा राज्यों में भाऔविबैंक द्वारा कुछ प्रशिक्षण-एवं-विकास केन्द्र भी चलाए जा रहे हैं।

3.17 शीर्ष स्तर पर, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम लि., तथा भारतीय स्टेट बैंक द्वारा प्रायोजित **भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान** ने 31 मार्च, 1991 को अपने सफल परिचालनों के 8 वर्ष पूरे कर लिए। 8 वर्ष की अवधि के दौरान, भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान ने 11 प्रदर्शन उद्यमीयता विकास कार्यक्रम, 10 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उद्यमीयता विकास कार्यक्रम, 2 विशेष उद्यमीयता विकास कार्यक्रम और 13 सामान्य उद्यमीयता विकास कार्यक्रम आयोजित किए। भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान ने देश में अधिकतर शिक्षकों के लिए कई पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों और विशेष कार्यक्रमों के आयोजन सहित प्रशिक्षकों के लिए 10 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए। भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान द्वारा वर्ष 1990-91 के दौरान आयोजित की गई, महत्वपूर्ण कार्यशालाओं/संगोष्ठियों में भारतीय उद्यमी प्रशिक्षक सोसाइटी का वार्षिक सम्मेलन, प्रबंध संस्थानों में उद्यमीयता शिक्षा शुरू करने के बारे में कार्यशाला, उद्यमीय कार्यों में विकास प्रक्रिया पर कार्यशाला, भारतीय विश्वविद्यालयों में लघु कारोबार केन्द्रों के संबंध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की कार्यशाला, असम में पोलिटेकनीकों और इंजीनियरिंग कालेजों के प्राचार्यों के लिए संगोष्ठी, 10 कार्य-निष्पादन उन्नयन कार्यक्रम, तथा देश के विभिन्न भागों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदत्त एक दर्जन कार्य सम्मिलित हैं। भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान ने वर्ष 1990-91 के दौरान, उद्यमियों और प्रशिक्षकों के उपयोग के लिए परियोजना तैयारी के संबंध में एक नियम-पुस्तिका प्रतिपादित की, तथा (क) समस्याओं का समाधान, (ख) नकदी संकट और (ग) प्रत्यायोजन पर तीन श्रव्य-दृश्य फिल्मों का निर्माण किया। भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान की जो अनुसंधान परियोजनाएं चल रही हैं, उनमें उद्यमीयता विकास कार्यक्रम (ईडीपी) का मूल्यांकन अध्ययन तथा अवसरों की खोज की प्रक्रिया संबंधी अध्ययन भी शामिल हैं।

3.18 उद्यमीयता विकास के लिए राज्य स्तरीय संस्थान/केन्द्र प्रारम्भिक स्तर पर उद्यमीयता विकास कार्यक्रम आयोजित करते रहे और उद्यमीयता विकास कार्यक्रम में लगे हुए विभिन्न राज्य और जिला स्तर के संगठनों को मानव संसाधन संबंधी सहायता उपलब्ध करवाते रहे। राज्य स्तर पर कार्यरत लगभग सभी उद्यमीयता विकास संस्थान/केन्द्र, अल्पावधि में ही उद्यमीयता विकास संबंधी क्रियाकलापों को उल्लेखनीय रूप से, सक्रिय बनाने में सफल रहे हैं। संबंधित राज्यों में उद्यमीयता विकास से संबद्ध सभी मामलों में उन्हें 'नोडल एजेंसी' भी बनाया गया है। इन संस्थानों/केन्द्रों के नियंत्रक-निकायों में अपने नामितियों के माध्यम से भाऔविबैं का यह प्रयास रहा है, कि उनकी संगठनात्मक समस्याओं पर विचार-विमर्श करने के अतिरिक्त, उन्हें सार्थक दिशानिर्देश एवं प्रतिबोध प्रदान किया जाए। राज्य स्तरीय संस्थानों/केन्द्रों के कार्य-निष्पादन की समीक्षा करने के लिए तथा संबंधित राज्यों में इन संस्थानों एवं केन्द्रों को व्यवहार्य एवं जीवंत संगठन बनाने के लिए भारतीय उद्यमीयता विकास संस्थान (ईडीआईआई) की सेवाओं का उपयोग भी किया जा रहा है।

प्रबंध विकास के लिए सहायता

3.19 प्रबंध विकास के क्षेत्र में भाऔविबैं का योगदान मुख्यत: इसके द्वारा 1973 में प्रायोजित **प्रबंध विकास संस्थान (एमडीआई)** के माध्यम से जारी रहा। इस संस्थान का उद्देश्य, उद्योग और बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत प्रबंधकों की प्रबंधकीय योग्यताओं और दक्षताओं को विकसित और सुदृढ़ करना है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, प्रबंध विकास संस्थान ने विभिन्न क्षेत्रों में 63 प्रबंध विकास कार्यक्रम आयोजित किए, जिनमें 21 कार्यपालक शिक्षा कार्यक्रम, 26 आन्तरिक (इन-कम्पनी) प्रशिक्षण कार्यक्रम, एक प्रायोजित कार्यक्रम तथा 17 विकास बैंकिंग-उन्मुख कार्यक्रम शामिल थे। इन कार्यक्रमों से लाभान्वित होने वाले भागीदारों की संख्या 1,197 रही। अंतर-राष्ट्रीय व्यापार केन्द्र के तत्वाधान में प्रबंध विकास संस्थान द्वारा आयोजित निर्यात प्रक्रिया एवं प्रलेखन पर कार्यशाला में बंगलादेश, चीन, मलयेशिया, म्यनामार (भूतपूर्व बर्मा), नेपाल, श्रीलंका, वियतनाम, न्यू गिनी, फिलिपीन्स, पश्चिमी समोआ, आदि, अनेक देशों से सरकारी तथा निजी क्षेत्र के भागीदारों ने भाग लिया। 31 मार्च, 1991 तक समग्र रूप से प्रबंध विकास संस्थान ने 1,081 प्रबंध विकास कार्यक्रम आयोजित किए थे, जिनमें 24,969 भागीदारों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया, और इनमें से 542 अन्य विकासशील देशों के थे।

3.20 प्रबंध विकास संस्थान द्वारा 1988 में शुरू किए गए 15 माह के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रबंध कार्यक्रम का, प्रबंध विकास संस्थान के कार्यों में महत्वपूर्ण स्थान बना रहा। यह कार्यक्रम, चार भारतीय प्रबंध संस्थानों तथा जेवियर श्रमिक संबंध संस्थान (एक्स.एल.आर.आई.), जमशेदपुर के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। भारत सरकार के कार्मिक विभाग की निरन्तर सहायता से कार्यरत राष्ट्रीय प्रबंध कार्यक्रम का मूल उद्देश्य अधिकारियों की प्रतिभा एवं कार्यक्षमता को तराशना है, ताकि वे परिवर्तन के सूत्रधार की भूमिका निभा सकें और विकास की प्रक्रिया के प्रति मनोवृत्ति, दृष्टिकोण एवं प्रतिबद्धता के लिए समान विचार वाले प्रबंधकों को एक केन्द्रक के रूप में सज्ज कर सकें। वर्ष के दौरान, प्रबंध विकास संस्थान ने द्वितीय राष्ट्रीय प्रबंध कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया, तथा तृतीय राष्ट्रीय प्रबंध कार्यक्रम आरम्भ किया।

3.21 अनुसंधान के क्षेत्र में प्रबंध विकास संस्थान ने 'एप्पल' अनुसंधान परियोजना नामक अनुसंधान परियोजना का प्रथम चरण पूरा किया। राज्य औद्योगिक विकास निगमों तथा राज्य औद्योगिक निवेश निगमों की भूमिका सहित संयुक्त क्षेत्र की परियोजनाओं का अध्ययन भी पूरा किया गया। वर्ष के अंत में, प्रबंध विकास संस्थान जिन क्षेत्रों में अध्ययन कर रहा था, वे थे (क) जन संसाधन विकास पद्धतियां, (ख) प्रबंध-शिक्षा, (ग) भारतीय प्रबंधन की शैलियां, (घ) वृत्तिक समितियों की समस्या, प्रणाली और सामाजिक सहायता, तथा (ङ) अचल परिसम्पत्तियों के पुनर्मूल्यन की प्रथा एवं उसके वित्तीय पहलू। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान प्रबंधकीय सलाहकारी सेवाओं के क्षेत्र में तथा अर्ध-चालित (सेमी कंडक्टर) इकाइयों के संगठनात्मक स्वरूप के अध्ययन में प्रबंध विकास संस्थान द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति भी अच्छी रही।

3.22 वर्ष 1990-91 के दौरान प्रबंध विकास संस्थान को भाऔविबैं की सामान्य निधियों से 5 लाख रुपए के वार्षिक अंशदान के अतिरिक्त, भाऔविबैं ने 74.76 लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की। 31 मार्च, 1991 तक समग्र रूप से भाऔविबैं द्वारा हितकारी आरक्षित निधि और ब्याज-अंतरण निधियों से 1.114.78 लाख रुपए और अपनी सामान्य निधियों से 90 लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रबंध विकास संस्थान को उपलब्ध कराई जा चुकी थी।

ग्रामीण विकास और उससे संबंधित क्रियाकलापों के लिए सहायता

3.23 भाऔविबैं ग्रामीण विकास के लिए पहले भी विभिन्न ग्रामीण विकासात्मक कार्यकलापों में अपने अंशदान के द्वारा अल्प वित्तीय सहायता प्रदान करता रहा है। परन्तु संस्थानात्मक वित्त के क्षेत्र में मुख्यतः स्वैच्छिक अभिकरणों और गैर-सरकारी संगठनों को सहायता प्रदान करने हेतु समीक्षाधीन वर्ष के दौरान सर्वप्रथम भाऔविबैं द्वारा किया गया महत्वपूर्ण एवं पूर्णतः नवीन प्रयास **राष्ट्रीय ग्रामीण विकास निधि (राग्राविनि)** की स्थापना था, जिसकी निकाय निधि में भाऔविबैं ने 2 करोड़ रुपए और इसके प्रारम्भिक और स्थापना खर्चों के लिए 5 लाख रुपए अंशदान के रूप में दिए। अभी तक भारतीय स्वैच्छिक अभिकरणों को अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों अथवा स्थानीय धर्मार्थ न्यासों से ही सहायता प्राप्त होती थी। विगत काल में कभी-कभी कुछ सुस्थापित स्वैच्छिक अभिकरणों को वित्तीय संस्थानों और अन्य संगठनों से भी कुछ अनुदान प्राप्त करने में सफलता मिलती रही थी, परन्तु सही परिप्रेक्ष्य में दीर्घकालीन आधार पर उनकी वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने वाला कोई अभिकरण नहीं था। भाऔविबैं द्वारा स्थापित राष्ट्रीय ग्रामीण विकास निधि स्वैच्छिक कार्य के प्रोत्साहन के लिए संस्थानात्मक क्षेत्र में एक नया कदम है। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास निधि सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अधीन गवाहाटी में दिनांक 21 अप्रैल, 1990 को समिति के रूप में पंजीकृत एक राष्ट्रीय स्तर का संगठन है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण और शहरी निर्धनों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान में कार्यरत स्वैच्छिक संगठनों की स्थापना, उनका उन्नयन, उन्हें सहायता प्रदान करना और उनका विकास करना है। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास निधि का मुख्य कार्य उपर्युक्त कार्यकलापों के लिए स्वैच्छिक अभिकरणों को वित्तीय, तकनीकी और प्रबंधकीय सहायता प्रदान करना, ग्रामीण, आर्थिक और सामाजिक रूप से अशक्त समूहों के लोगों को आत्म-निर्भर बनाने के लिए लोगों द्वारा किए जा रहे कार्यों को प्रोत्साहित करना एवं सहायता क्षेत्रों का अभिनिर्धारण तथा निर्धनों के सामाजिक और आर्थिक उत्थान में लगे स्वैच्छिक अभिकरणों और गैर-सरकार संगठनों को सहायता देना है।

3.24 राष्ट्रीय ग्रामीण विकास निधि का प्रबंध एक गवर्निंग बोर्ड द्वारा किया जा रहा है, जिसके सदस्य सामाजिक कार्य के लिए समर्पित प्रमुख व्यक्ति हैं, और जिसके अध्यक्ष भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के भूतपूर्व कार्यपालक निदेशक श्री एस. एस. पाटिल हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास निधि की कार्य योजना अपने प्रारम्भिक चरण में अभी उत्तर-पूर्वी क्षेत्र तथा सिक्किम तक ही सीमित है। अपने प्रथम परिचालन वर्ष के दौरान ही राष्ट्रीय ग्रामीण विकास निधि ने उत्तर पूर्वी क्षेत्र की 25 स्वैच्छिक एजेंसियों को लगभग 44.44 लाख रुपए के वसूलनीय और गैर-वसूलनीय अनुदान मंजूर किए, जिनमें से 31 मार्च, 1991 तक लगभग 12 लाख रुपए का संवितरण किया जा चुका था। राष्ट्रीय ग्रामीण विकास निधि की भूमिका का महत्व देखते हुए समीक्षाधीन वर्ष के दौरान भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने भी इसके कार्यकलापों को बढ़ावा देने के लिए 4 करोड़ रुपए का अनुदान दिया। आशा है कि आगामी वर्षों में राष्ट्रीय ग्रामीण विकास निधि देशभर में ग्रामीण विकास और सामाजिक उत्थान कार्यों में लगी हुई स्वैच्छिक एजेंसियों को वित्तीय प्रबंधकीय और तकनीकी सहायता प्रदान करने वाले एक राष्ट्रीय संस्थान/अभिकरण की भूमिका में उभर कर आएगी।

जोखिम पूंजी, उद्यम पूंजी और प्रौद्योगिकी वित्त के लिए सहायता

(क) जोखिम पूंजी एवं प्रौद्योगिकी वित्त निगम लिमिटेड

3.25 भाऔविबैं द्वारा जोखिम पूंजी और प्रौद्योगिकी वित्त के लिए सहायता प्रदान करने का माध्यम, वर्ष 1976 में भाऔविबैं द्वारा प्रवर्तित पूर्ववर्ती जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान के उत्तराधिकारी के रूप में **जोखिम पूंजी और प्रौद्योगिकी वित्त निगम लिमिटेड (जोपूप्रौविनि)** बना रहा।

3.26 जोखिम पूंजी के क्षेत्र में जोखिम पूंजी एवं प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि., ने 1990-91 के दौरान, 27 मध्यम आकार की परियोजनाओं के प्रथम पीढ़ी के 37 उद्यमियों को 319 लाख रुपये की सहायता मंजूर की। इनमें से अधिकांश परियोजनाएं या तो नई प्रौद्योगिकी पर अथवा नए उत्पादों या नए उपयोगों पर आधारित थीं। 1976 में जोखिम पूंजी प्रतिष्ठान के प्रारम्भ होने से 31 मार्च, 1991 तक जोखिम पूंजी एवं प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि., प्रथम पीढ़ी के 360 उद्यमियों को उनकी 219 मध्यम और बड़े आकार की औद्योगिक परियोजनाओं के लिए संचयी रूप से 2,821.73 लाख रुपये की सहायता मंजूर कर चुका था। इन मंजूरियों में से 2,439.73 लाख रुपए के संवितरण किए जा चुके थे, जिनमें से वर्ष 1990-91 में किए गए संवितरण 264.50 लाख रुपये के थे।

3.27 अपनी प्रौद्योगिकी वित्त एवं विकास योजना के अन्तर्गत जोखिम पूंजी एवं प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि., ने, वर्ष के दौरान, उच्च जोखिम प्रौद्योगिकी-उन्मुख 14 परियोजनाओं को ऋणों और उद्यम पूंजी के रूप में कुल मिलाकर 935.25 लाख रुपये की सहायता मंजूर की। संचयी रूप से जोखिम पूंजी एवं प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि., 31 मार्च, 1991 तक अपनी प्रौद्योगिकी विकास योजना के अंतर्गत 25 प्रौद्योगिकी उन्मुख परियोजनाओं को 1,535.10 लाख रुपये की सहायता

मंजूर कर चुका था । इन मंजूरियों में से 535.65 लाख रुपये का संवितरण किया जा चुका था, जिसमें से 464.05 लाख रुपए का संवितरण वर्ष 1990-91 में ही किया गया । परिणामस्वरूप वर्ष के दौरान संवितरणों के स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि दृष्टिगोचर हुई ।

3.28 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में, जोखिम पूंजी एवं प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि., के परिचालनों में एक जोखिम पूंजी निधि स्थापित करने के प्रस्ताव का उल्लेख किया गया था। वर्ष के दौरान, प्रस्तावित 30 करोड़ रुपये की उद्यम पूंजी निधि की औपचारिकताओं को अन्तिम रूप देने के प्रयास किये गये । प्रस्तावित जोखिम पूंजी निधि, जिसका प्रबन्ध जोखिम पूंजी एवं प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि., द्वारा किया जाएगा, भारतीय यूनिट ट्रस्ट की योजना के रूप में चलाया जाएगा । इसका मुख्य उद्देश्य अत्यधिक लाभप्रद उद्यमों को उद्यम पूंजी प्रदान करना होगा, जिनमें नए उत्पाद/प्रौद्योगिकी/सेवाएं शामिल हों, अथवा जिनका लक्ष्य शानी या नए बाजार बनाना हो । निधि में से निवेश उन्हीं उद्यमों के लिए किए जाएंगे, जिनमें अर्थव्यवस्था में औसत से अधिक मूल्यों का योगदान करने की संभाव्यता एवं क्षमता हो। योजना के अन्तर्गत विचार किए जाने वाले प्रस्तावों में ऐसी प्रौद्योगिकीय नवीनताएं शामिल होनी चाहिए, जिनमें गुणवत्ता उन्नयन, ऊर्जा खपत में कमी, लागत में कमी, प्रतिस्पर्धा में वृद्धि, विद्यमान उत्पादों/प्रक्रियाओं के निर्यात में वृद्धि तथा आयातित प्रौद्योगिकी/प्रक्रियाओं/उत्पादों को भारतीय परिस्थितियों के अनुकूल और/अथवा देशी स्रोतों से बनाने के लिए उन्हें ग्रहण करने/आशोधन करने आदि की बात सम्मिलित हो । सिद्धान्त रूप में सहमति हो गयी है, कि निधि के लिए भारतीय यूनिट ट्रस्ट तथा भाऔविनि द्वारा अंशदान किए जाएंगे। जोखिम पूंजी निधि के परिचालन जुलाई, 1991 में शुरू किए जाने की संभावना है ।

3.29 अब तक, जोपूंप्रौविनि को समग्र वित्तीय सहायता भाऔविनि द्वारा उपलब्ध करवाई गई है । 31 मार्च, 1991 तक भाऔविनि. जोपूंप्रौविनि को ब्याज सहित ऋणों की व्यवस्था के अतिरिक्त अपनी हितकारी आरक्षित निधि तथा ब्याज अन्तरजन्य निधियों में से 1,963.23 लाख रुपये की राशि संवितरित कर चुका था । अपनी सामान्य निधि में से भी, भाऔविनि ने जोपूंप्रौविनि को इसकी शेयर पूंजी के लिये भी 500 लाख रुपये का अभिदान किया था ।

(ख) इंडस-वेंचर मैनेजमेंट कम्पनी लि.

3.30 वर्ष के दौरान, भाऔविनि ने इंडस जोखिम पूंजी निधि की शेयर पूंजी में 100 लाख रुपये की सीमा तक हिस्सेदारी के लिए भी सहमति प्रदान की, जिसका संचालन इंडस-वेंचर मैनेजमेंट कं. लि., द्वारा किया जा रहा है । इंडस-वेंचर मैनेजमेंट क. लि., एक संरक्षक कम्पनी है जो हिन्दुस्तान लीवर लि., के भतपूर्व अध्यक्ष (1973–1980) श्री टी. थामस, तथा, मफतलाल द्वारा प्रवर्तित की गयी है । जोखिम पूंजी निधि में भागीदारी के लिए सहमत अन्य भागीदार हैं—भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय यूनिट ट्रस्ट, भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम, जीवन बीमा निगम, साधारण बीमा निगम, औद्योगिक निवेश ट्रस्ट, आई.एफ.सी. वाशिंगटन, एशियाई विकास बैंक, डच बैंक, बैंक आफ टोक्यो, एफ. एम. ओ., हालैण्ड और आगा खां निधि । प्रस्तावित इंडस जोखिम पूंजी निधि का उद्देश्य भारत में लघु/मध्यम आकार के नए उद्यमों में उद्यमियों को इक्विटी पूंजी सहायता उपलब्ध करवाना तथा सक्रिय भागीदारी द्वारा प्रबन्धन सहायता एवं वाणिज्यिक रूप से आकर्षक प्रतिलाभ, विशेष रूप से दीर्घावधि पूंजी लाभ, उपलब्ध कराना है ।

पर्यटन, पर्यटन सम्बन्धी कार्यों, सुविधाओं और सेवाओं के लिए सहायता

3.31 पर्यटन वित्त के लिए भाऔविनि की सहायता (क) पर्यटन सम्बन्धी परियोजनाओं में भाऔविनि के प्रत्यक्षतः सम्मिलित होने, तथा (ख) 1989 में अन्य अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों एवं कुछ बैंकों के साथ मिलकर भाऔविनि द्वारा प्रायोजित **भारतीय पर्यटन वित्त निगम लि.**, को प्रदत्त सहायता के रूप में जारी रही ।

3.32 भारतीय पर्यटन वित्त निगम लि., ने अपने परिचालन के दूसरे वर्ष में 55 परियोजनाओं को 84.98 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता मंजूर की, जिनमें होटल और रेस्तरां परियोजनाओं के अतिरिक्त, मनोरंजन पार्कों, किराये पर उपलब्ध कराने के लिए कार एजेंसियों, अन्तर्देशीय जल परिवहन के लिए नौकाओं, सफारी पार्कों, रज्जु मार्गों, सांस्कृतिक केन्द्रों, पर्यटक इम्पोरियमों, आदि, से संबंधित परियोजनाएं भी शामिल हैं । समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, भारतीय पर्यटन वित्त निगम लि., ने 39.22 करोड़ रुपये के संवितरण किए, जो पिछले वर्ष के संवितरणों से 207.4% की वृद्धि दर्शाते हैं ।

3.33 भारतीय पर्यटन वित्त निगम लि., के परिचालनों की एक मुख्य बात यह है कि 31 मार्च, 1991 तक इसके द्वारा वित्तपोषित 94 परियोजनाओं में से 37 परियोजनाएं ऐसी थीं, जो पर्यटन के क्षेत्र में पहली बार कदम रखने वाले नए उद्यमियों द्वारा स्थापित की गई । भारतीय पर्यटन वित्त निगम लि., द्वारा 31 मार्च, 1991 तक वित्तपोषित परियोजनाओं के लिए 531.43 करोड़ रुपये के कुल निवेश संसाधन जुटाये जाने की संभावना है, और उम्मीद है, कि इन से 11,433 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा ।

पूंजी बाजार के विकास से सम्बन्धित एजेंसियों के लिए सहायता

(क) निवेश सूचना एवं साख निर्धारण एजेंसी

3.34 भारतीय मुद्रा बाजार के पर्याप्त उदार होने तथा निगमित क्षेत्र द्वारा संसाधन जुटाने के लिए परम्परागत अवसरों का सहारा लेने के बजाय अधिकाधिक पूंजी बाजार में प्रवेश करने की प्रवृत्ति के फलस्वरूप अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की, एक अन्य ऐसी व्यावसायिक एजेंसी की आवश्यकता महसूस की गई, जो औद्योगिक संस्थाओं तथा समग्रतः ऋणियों/पूंजी जुटाने वालों के उधार दायित्वों के साख मूल्यांकन को निर्धारित कर सके । समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, भाऔविनि को वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, द्वारा एक और निवेश सूचना एवं साख निर्धारण एजेंसी स्थापित करने की अनुमति प्रदान की गई । प्रथम एजेंसी के रूप में भारतीय साख निर्धारण सूचना सेवा लि., पहले ही से है । तदनुसार, एक पब्लिक लिमिटेड कम्पनी के रूप में **भारतीय निवेश सूचना एवं साख निर्धारण एजेंसी लि., (इकरा)** नामक एक कम्पनी 16 जनवरी, 1991 को संस्थापित की गई जिसकी अधिकृत शेयर पूंजी 10 करोड़ रुपये है । भारतीय निवेश सूचना एवं साख निर्धारण एजेंसी लि., की प्रारम्भिक प्रदत्त शेयर पूंजी 3.50 करोड़ रुपये होगी, जिसके लिए भाऔविनि, भायूट्र, जीबीनि, साबिनि, गृविनिनि इनफ्रास्टरकचरल

जंग एण्ड फाइनेन्शियल सर्विसेज, भारतीय स्टेट बैंक तथा अन्य बैंकों ने, जिसमें कुछ विदेशी बैंक भी शामिल हैं, प्रदान करने के लिए सहमति प्रदान कर दी है। इकरा को ; मार्च, 1991 को कारोबार शुरू करने का प्रमाण-पत्र प्राप्त चुका है, तथा आशा है, कि जुलाई 1991 से यह पूर्णतः स्चालनरत हो जायेगी।

) ओटीसी एक्सचेंज आफ इण्डिया

3.35 वर्ष के दौरान एक महत्वपूर्ण उपलब्धि, कम्पनी अधि-यम, 1956 की धारा 25 के अन्तर्गत कम्पनी के रूप में 25 तम्बर, 1990 को प्रथम ओटीसी एक्सचेंज आफ इण्डिया ल., (ओटीसीइआई) की संस्थापना की थी। भारतीय यूनिट स्ट तथा भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम ल., द्वारा अन्य संस्थानों, पारस्परिक निधियों और बैंकों के साथ मिलकर प्रवर्तित किए गए ओटीसीइआई का उद्देश्य भारत में आवर-दि-काउटर बाजार का सृजन करना है, ताकि लघु एवं मध्यम आकार की कम्पनियों को बाजार से पूंजी जुटाने एवं उनके साधनों को तरलता प्रदान करने के लिए सहायता दी जा सके। ओटीसीइआई को 15 वर्ष की अवधि के लिए मान्यता प्राप्त स्टाक एक्सचेंज के रूप में कार्य करने के लिए भारत सरकार का अनुमोदन प्राप्त हो गया है। ओटीसीइआई भारत की लिमिटेड कम्पनियों द्वारा निर्गमित किसी प्रकार की प्रति-भूतियों के व्यापार का, जन हित में मान्यता प्राप्त स्टाक एक्सचेंजों में व्यापार की जा रही प्रतिभूतियों को छोड़कर, संवर्धन सहा-यता, विनियम तथा नियंत्रण कर सकती है। इससे यह भी आशा की जाती है कि यह प्रतिभूतियों को खरीद-फरोख्त करने वाले निवे-शकों के संरक्षण के लिए निधि का सृजन, देख-रेख तथा प्रबन्ध भी करेगी। ओटीसीइआई की प्रारम्भिक प्रदत्त पूंजी 5 करोड़ रुपये है, जिसके लिए भायूट्र, भाऔसानिनि, भाऔविबैंक, भास्टेबैंक, पूंजी बाजार, भाऔविनि, जीबीनि, साबीनि तथा कैनबैंक ने अंशदान किया है। मार्च, 1991 के अन्त में ओटीसीइआई अपनी उप-विधियों को अंतिम रूप प्रदान करने तथा अपने क्रियाकलापों के लिए औपचारिकताओं का नियमन करने में लगी थी।

आवास विकास एवं वित्त के लिए सहायता

3.36 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में, भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा प्रायोजित जीवन बीमा निगम आवास वित्त लि., तथा भारतीय साधारण बीमा निगम द्वारा स्थापित साधारण बीमा निगम गृह वित्त लि., में भाऔविनि की भागीदारी का उल्लेख किया गया था। वर्ष के दौरान, भाऔविनि ने आन्ध्र बैंक द्वारा स्थापित की जाने वाली प्रस्तावित आवास वित्त सहायक कम्पनी की प्रारम्भिक पूंजी में, कम्पनी की 10 करोड़ रुपये की प्रस्तावित प्रदत्त पूंजी के 5% की सीमा तक, अंशदान करने के लिए सिद्धांत रूप में अपनी सहमति व्यक्त की। आन्ध्र बैंक की प्रस्तावित आवास वित्त सहायक कम्पनी मुख्यतः आन्ध्र प्रदेश की तथा पड़ोसी राज्यों, यथा, उड़ीसा एवं मध्य प्रदेश की भी आवास ऋण आवश्यकताओं को पूरा करेगी।

बायो-टैक्नोलाजी के विकास के लिए सहायता

3.37 बायो-टैक्नोलाजी, वैज्ञानिक अनुसंधान तथा अनुप्रयोग का वह अग्रिम क्षेत्र है, जिसे (1) स्वास्थ्य और पशु-पालन देख-भाल अर्थात् वेक्सीन, इन्जाइम और प्रतिरक्षक-निदान का सम्-प्रयोग और (2) कृषि/ग्रामीण अनुप्रयोगों अर्थात् टिशू कल्चर, बायो-कीटनाशकों, बायो-उर्वरकों आदि के मामलों में पर्याप्त महत्व प्राप्त हो चुका है। बायो-टैक्नोलाजी के क्षेत्र में समाज द्वारा प्रयोज्य उत्पादों, प्रक्रियाओं तथा सेवाओं के विकास के लिए सुवि-धाओं के प्रवर्तन की आवश्यकता को स्वीकार करते हुए वित्तीय संस्थानों ने भारत सरकार के अनुमोदन से 14 सितम्बर, 1990 को **बायोटैक कन्सोर्शियम (इण्डिया) लि.**, नामक कम्पनी की, संस्थापना की, जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में है। जोखिम पूंजी कम्पनी के रूप में कार्य करने वाली इस नई कम्पनी के उद्देश्य हैं: वित्तीय संस्थानों के साथ-साथ उद्योगों, उद्यमियों तथा अनुसंधान एवं विकास संस्थानों के साथ परस्पर सम्बन्ध विक-सित करना, उत्पाद और प्रक्रिया विकास के लिए राष्ट्रीय सुवि-धाओं की लिंकिंग तथा उन्हें लागू करना, और, बायो-टैक्नोलाजी पर आधारित व्यवहार्य परियोजनाओं के सम्बन्ध में व्यवहार्यतापूर्व रिपोर्ट एवं परियोजना रिपोर्ट तैयार करना, तथा इस प्रयोजन के लिए आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करना। कम्पनी की वर्तमान 5 करोड़ रुपये की शेयर पूंजी में भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भाऔविनि, भारतीय औद्योगिक साख एवं निवेश निगम, भारतीय यूनिट ट्रस्ट और जोखिम पूंजी एवं प्रौद्योगिकी वित्त निगम लि., द्वारा अभिदान किया गया है, जिसमें भाऔविनि का अभिदान एक करोड़ रुपये का रहा है।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमी पार्कों को सहायता

3.38 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में, रांची (बिहार), बम्बई (महाराष्ट्र), तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु), कानपुर (उत्तर प्रदेश), मैसूर (कर्नाटक), लुधियाना (पंजाब) तथा भोपाल (मध्य प्रदेश) में सात विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमी पार्कों (स्टेप) के लिए निधियां जुटाने में भाऔविनि की भागीदारी का उल्लेख किया गया था। वर्ष के दौरान, भाऔविनि ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़कपुर, विज्ञान और प्रौद्योगिकी उद्यमी पार्क आई. आई. टी. (के)-स्टेप को 25 लाख रुपये तक की निधि सहायता उपलब्ध कराने के लिए सहमति व्यक्त की। आई.आई.टी. (के)-स्टेप विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उद्यमियों को उनके स्वयं के औद्योगिक उद्यम स्थापित करने में सहायता देने तथा उद्योग एवं आई.आई.टी. को लाभदायक सम्पर्क हेतु परस्पर मिलाने के लिए प्रेरक के रूप में कार्य करेगा। यह प्रायोगिक संयत्रों/बेंच स्केल पर नई एवं प्रमाणित प्रौद्योगिकी से नवीन विचार प्राप्त करने के लिए मूल अवस्थापना सुविधाएं भी उपलब्ध कराएगा। आई.आई.टी. (के) सक्रिय रूप में सम्मिलित होने से यह आशा की जाती है, कि वह आई.आई.टी. (के)-स्टेप, आस-पास की औद्योगिक इकाइयों तथा प्रायोजित उद्यमियों के प्रयोग के लिए परिष्कृत मशीन औजारों, विश्लेषक और परीक्षण उपकरण, कंप्यूटरों और अर्ध-औद्योगिक संसाधकों का एक पूल बनाने में समर्थ होगा। आई.आई.टी. (के)-स्टेप के मुख्य क्षेत्र इलैक्ट्रानिक्स, कंप्यूटर विज्ञान, रसायन, इंजी-नियरिंग और परिणामोत्तर प्रौद्योगिकी होंगे।

3.39 यद्यपि, बिड़ला इंस्टीट्यूट आफ टैक्नोलाजी-स्टेप (बी.आई.टी.-स्टेप), रांची (बिहार) के सिवाय, वित्तपोषित स्टेप्स की परियोजनाएं वर्ष के दौरान क्रियान्वयन की विभिन्न अवस्थाओं में थीं, सभी स्टेप विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र में किए गए अनुसंधान कार्य तथा उद्यमीयता विकास कार्यक्रम में सक्रिय रूप से सम्बद्ध रहे। 31 मार्च, 1991 तक अनुदान के रूप में स्टेप्स को भाऔविनि द्वारा उपलब्ध कराई गई निधि सहायता 34.28 लाख रुपये रही, जिसमें से 15.87 लाख रुपये वर्ष 1990-91 में प्रदान किए गए।

अनुसंधान तथा अनुसंधान-उन्मुख गतिविधियों के लिए सहायता

(क) भाऔविबैंक पीठें

3.40 औद्योगिक प्रबन्ध, वित्तीय प्रबन्ध, औद्योगिक वित्त, क्षेत्रीय अर्थ-व्यवस्था और विकास बैंकिंग के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए भाऔविबैंक ने छः पीठों की स्थापना की है, जो हैं—भारतीय प्रबन्ध संस्थान, अहमदाबाद, और दिल्ली, बम्बई, कलकत्ता, गुवाहाटी तथा मद्रास विश्वविद्यालयों में एक-एक ।

3.41 वर्ष के दौरान, 18 दिसम्बर, 1990 को गुवाहाटी विश्वविद्यालय में प्रा. पी. सी. गास्थामी द्वारा "राज्य क्षेत्र में वित्तीय संसाधन एवं आर्थिक विकास : असम में एक अध्ययन" विषय पर भाऔविबैंक सार्वजनिक व्याख्यान दिया गया। यद्यपि कलकत्ता और दिल्ली विश्वविद्यालयों तथा भारतीय प्रबन्ध संस्थान, अहमदाबाद को पीठें वर्ष भर रिक्तावस्था में रहीं, तथापि, बम्बई, मद्रास और गुवाहाटी विश्वविद्यालयों में भाऔविबैंक पीठों के अधीन विकास एवं क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान कार्य जारी रहा।

3.42 अहमदाबाद और दिल्ली की पीठों को भाऔविबैंक की सहायता-वृत्ति अनुदान के रूप में तथा बम्बई, कलकत्ता, मद्रास और गुवाहाटी की पीठों को वार्षिक अनुदान के रूप में दी जाती रही है। वर्ष के दौरान भाऔविबैंक द्वारा संवितरित अनुदान की राशि 5.21 लाख रुपये थी । मार्च, 1991 के अन्त तक इन पीठों को सहायता-वृत्ति तथा अनुदान के रूप में 37.46 लाख रुपए की कुल निधि-सहायता दी जा चुकी थी।

(ख) भाऔविबैंक अनुसंधान छात्रवृत्तियां

3.43 वर्ष के दौरान, भाऔविबैंक ने अनुसंधान छात्रवृत्तियों की अपनी योजना को भाऔविबैंक पीठों से अलग करके उन्हें नया रूप प्रदान किया। नई योजना के अन्तर्गत, विकास बैंकिंग, उद्यमीयता विकास, उद्यमों का प्रबन्ध, श्रम-प्रबन्ध, पर्यटन एवं सम्बन्धी क्रियाकलापों का प्रबन्ध, वित्तीय सेवाओं का प्रबन्ध, निवेश विश्लेषण, पोर्टफोलियो प्रबन्ध, परिसम्पत्तियों और देयताओं का प्रबन्ध, आदि, से सम्बन्धित क्षेत्रों में डाक्टरेट डिग्री के लिए अनुसंधान के लिए भारत में किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान में रजिस्टर्ड पात्र प्रत्याशियों को चार छात्रवृत्तियां प्रदान की जानी हैं । इन छात्रवृत्तियों की अवधि तीन वर्ष है, जिनके लिए 5,000/- रुपए के प्रासंगिक अनुदान सहित तीन वर्ष तक का अनुसंधान कार्य जल्दी पूरा होने पर कम समय के लिए अनुसंधान फैलो को 2,400/- रुपए प्रति माह की अदायगी किये जाने का प्रावधान है। जुलाई, 1991 से आरम्भ होने वाले नए शैक्षणिक सत्र से नवीन योजना के चालू होने की संभावना है।

(ग) अन्य अनुसंधान-उन्मुख संगठनों को सहायता

3.44 वर्ष के दौरान, इण्डियन इकानामिक एसोसिएशन, पालिसी ग्रुप, इंस्टीट्यूट फार स्टडीज इन इंडस्ट्रियल डवलपमेंट, इण्डियन काउन्सिल फार रिसर्च आन इंटरनेशनल इकानामिक रिलेशन्स तथा प्रोफेशनल एसिस्टेन्ट फार डवलपमेन्ट एक्शन (प्रदान) को सहायता प्रदान की गई, ताकि ये संगठन अपने अनुसंधान-उन्मुख कार्यकलापों को बढ़ा सकें। वर्ष के दौरान, इन संस्थाओं को दी गई सहायता 20.20 लाख रुपए रही। पालिसी ग्रुप ने, वर्ष के दौरान, भारतीय अर्थव्यवस्था के वृहत-अर्थमिति माडल के निर्माण के लिए पहले कदम के रूप में, "कम्प्रहेन्सिव डाटा बेस आफ दि इण्डियन इकोनामी" नामक एक पुस्तक दो खण्डों में प्रकाशित की।

प्रभाव

3.45 भाऔविबैंक की प्रवर्तन सेवाओं का प्रभाव, विशेष रूप से, ग्रामीण और लघु उद्योग क्षेत्र, स्व-नियोजन उपायों तथा उद्यमीयता विकास के सम्बन्ध में उल्लेखनीय रहा है। उद्यमीयता विकास कार्यक्रमों को भाऔविबैंक जैसे संस्थानों की सहायता ने इस परिकल्पना का खण्डन कर दिया है, कि उद्यमी जन्म-जात होते हैं, बनाए नहीं जा सकते। आज सैकड़ों योग्य युवा, उद्यमीयता और उद्यम निर्माण कार्यक्रमों के माध्यम से 'रोजगार पाने वालों' से 'रोजगार प्रदान करने वाले' की स्थिति में आ गए हैं। उद्योग में प्रबन्ध-व्यवसायीकरण भी धीरे-धीरे जड़ पकड़ रहा है। उद्यमीयता आधार विस्तृत हो रहा है। प्रौद्योगिक आधार में उन्नयन प्रारम्भ हो गया है। लघुतम औद्योगिक इकाई स्तर तक परामर्श-संस्कार पहुंच चुके हैं। विद्यमान औद्योगिक इकाइयों का आधुनिकीकरण तथा प्रौद्योगिकीय उन्नयन की गति में वृद्धि हो गयी है। विकास बैंकिंग की सुविधा अब केवल दीर्घावधि ऋण-प्रदाता के रूप तक ही सीमित नहीं रह गई है। जोखिम पूंजी, प्रौद्योगिकी वित्त, पर्यटन वित्त, आवास वित्त, स्वैच्छिक एजेंसियों तथा विज्ञान पार्कों आदि को वित्तीय सहायता, संभाव्यता तथा विश्वास दोनों ही को परिलक्षित कर रहे हैं। औद्योगिक क्षेत्र में इन सभी तथा अनेक अन्य गुणात्मक उपलब्धियों से देश के विकास-वित्तीय संस्थानों द्वारा, जिनमें से भाऔविबैंक एक है, और सब में सबसे पहले का है, किए जा रहे उत्प्रेरक परिचालनों एवं प्रवर्तनात्मक कार्यों का प्रतिबोध उल्लेखनीय सीमा तक प्रतिबिम्बित होता है।

4. आन्तरिक मामले

निदेशक बोर्ड

4.01 वर्ष के दौरान, निदेशक बोर्ड की बारह बैठकें हुईं, जिनमें से ग्यारह नई दिल्ली में तथा एक हैदराबाद में हुई।

4.2 कुछ परिवर्तन निर्वाचित तथा नामित निदेशकों में भी, वर्ष के दौरान, भाऔविबैंक के बोर्ड पर हुए। 29 जून, 1990 को हुई 42वीं वार्षिक महासभा में श्री वी. अटल तथा श्री जे. एस. वाष्णेय के स्थान पर क्रमशः श्री एम. एन. गोइपी, अध्यक्ष, भारतीय स्टेट बैंक, तथा श्री राशिद जिलानी, अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, पंजाब नेशनल बैंक को अनुसूचित बैंकों की श्रेणियों में आने वाले शेयरधारियों का प्रतिनिधित्व करने के लिए भाऔविबैंक के निदेशक के रूप में निर्वाचित किया गया। श्री बी. डी. शाह तथा श्री एस. एस. कदम को भी (क) बीमा कम्पनियों, निवेश न्यासों तथा इसी प्रकार के अन्य वित्तीय संस्थानों, और (ख) सहकारी बैंकों की श्रेणियों में आने वाले शेयरधारियों का प्रतिनिधित्व करने के लिए भाऔविबैंक के निदेशक के रूप में पुनर्निर्वाचित किया गया। बाद में, 4 जनवरी, 1991 को हुई एक विशेष महासभा में भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबन्ध निदेशक, श्री के. पी. नरसिम्हन को उनके पूर्ववर्ती निदेशक, अर्थात्, श्री एम. जी. दीवान, जिन्होंने भारतीय जीवन बीमा निगम के अध्यक्ष के रूप में पदोन्नत होने के फलस्वरूप भाऔविबैंक के निदेशक बोर्ड से त्यागपत्र दे दिया था, की अवधि के असमाप्त भाग (अर्थात् 29 सितम्बर, 1991 तक) के लिए बीमा कम्पनियों, निवेश न्यासों तथा इसी

प्रकार के अन्य वित्तीय संस्थानों का प्रतिनिधित्व करने के लिए भाआवित्रि के निदेशक के रूप में निर्वाचित किया गया।

4.03 नामित निदेशकों की श्रेणी में केन्द्र सरकार ने 17 जुलाई, 1990 से वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग, बैंकिंग प्रभाग में संयुक्त सचिव डा. पी. जे. नायक को श्री एम. सी. सत्यवादी के स्थान पर भाआवित्रि के निदेशक बोर्ड में निदेशक के रूप में नामित किया।

4.04 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम का निदेशक बोर्ड श्री वी. अटल, श्री जे. एस. वार्ष्णेय, श्री एम. जी. दीवान और श्री एम. सी. सत्यवादी को निदेशक के रूप में भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के साथ सम्बद्ध रहने के दौरान उनके द्वारा की गई उपयोगी और बहुमूल्य सेवाओं के प्रति अपनी परम आदर भावना व्यक्त करता है।

4.05 बोर्ड ने डा. बी. के. मदान के 4 अक्तूबर 1990 को हुए निधन पर भी शोक प्रस्ताव पारित किया। श्री मदान दिसम्बर, 1959 से जून, 1964 तक भाआवित्रि के निदेशक तथा भाआवित्रि द्वारा प्रवर्तित दो संगठनों, अर्थात् प्रबन्ध विकास संस्थान तथा मध्य प्रदेश सलाहकारी संगठन लिमिटेड के प्रथम अध्यक्ष भी रहे थे।

4.06 भाआवित्रि परिवार ने श्री एन. डी. नांगिया के, जो मार्च, 1967 से मई, 1970 की अवधि में भाआवित्रि के अध्यक्ष थे, दिनांक 10 दिसम्बर, 1990 को हुए दुःखद निधन पर गहरा शोक प्रकट किया।

सलाहकारों के तदर्थ समूह

4.07 वर्ष के दौरान, अस्पतालों, इलेक्ट्रानिक्स तथा फूड प्रोसेसिंग उद्योगों के प्रस्तावों पर विशेषज्ञों की सलाह प्राप्त करने के लिए भाआवित्रि के सलाहकारों के तदर्थ समूह की चार बैठकें हुईं।

अन्तर-संस्थानात्मक तथा राज्य-स्तरीय समन्वय

4.08 अन्तर-संस्थानात्मक बैठकों (अ. सं. बै.), वरिष्ठ विधिक कार्यपालक बैठकों (व. का. बै.), वरिष्ठ विधिक कार्यपालक बैठकों (व. वि. का. बै.) तथा क्षेत्रीय कार्यपालक बैठकों (क्षे. का. बै.) के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर के वित्तीय संस्थानों के बीच अन्तर-संस्थानात्मक समन्वय बनाए रखा गया। 31 मार्च, 1991 को समाप्त वर्ष के दौरान 11 अन्तर-संस्थानात्मक बैठकें, 24 वरिष्ठ कार्यपालक बैठकें, 6 वरिष्ठ आयोजित की गईं। इनके अतिरिक्त प्रवर्तन क्रियाकलापों विधिक कार्यपालक बैठकें तथा 21 क्षेत्रीय कार्यपालक बैठकें के क्षेत्र में भी अन्तर-संस्थानात्मक समन्वय स्थिर रखने के उद्देश्य से वरिष्ठ कार्यपालक की दो बैठकें आयोजित की गईं।

4.09 राज्य स्तर पर भाआवित्रि के क्षेत्रीय/शाखा/अन्य कार्यालयों के प्रधानों ने राज्य स्तरीय समन्वय समितियों तथा राज्य स्तरीय अन्य मंचों की विभिन्न बैठकों में भाग लिया, तथा समन्वय बनाए रखा। वर्ष के दौरान भाआवित्रि की राज्य सलाहकारी समितियों की भी दो बैठकें—एक आन्ध्र प्रदेश में तथा एक हरियाणा में आयोजित की गईं।

विदेशी एजेंसियों से विचार विनिमय

4.10 भाआवित्रि ने विदेशों के अनेक विकास वित्तीय संस्थानों (वि.वस) तथा विश्व बाजार में कार्यरत अन्तरराष्ट्रीय बैंकों के साथ निरन्तर घनिष्ठ सम्पर्क बनाए रखा। उनके अनेक उच्चाधिकारियों ने भाआवित्रि का दौरा किया, और भारतीय वित्तीय पद्धति, भारत में निवेश के अवसर एवं पारस्परिक हित से सम्बन्धित अन्य मामलों के बारे में विचार-विमर्श किया। भाआवित्रि ने क्रेदितांस्तल्त-फर-वांइडरफबउ (के. एफ. डब्ल्यू.), एशियाई विकास बैंक (ए वि. बैंक) तथा इंटरनेशनल बैंक फार रिकन्सट्रक्शन एण्ड डवलपमेंट (अर्थात् विश्व बैंक) के दलों से अत्यन्त लाभदायक विचार-विमर्श किए।

4.11 भाआवित्रि के अध्यक्ष श्री डी. एन. डावर ने 6 से 12 मई, 1990 तक एशिया एवं प्रशान्त के विकास वित्तीय संस्थानों के संघ के 13 वें वार्षिक सम्मेलन में भाग लेने के लिए मलयेशिया की यात्रा की, तथा उन्होंने सिंगापुर में पारस्परिक हितों के विषयों पर वहां के बैंकों तथा विदेशी संस्थानों के कार्यपालकों के साथ विचार-विमर्श किया। श्री एस. के. जैन, महाप्रबन्धक, 100 मिलियन अमरीकी डालर की ऋण सुविधा के लिए, एजेंट, मन्दा बैंक लिमिटेड से एक ऋण करार पर हस्ताक्षर करने के लिए दिनांक 15 जुलाई, 1990 से 18 जुलाई, 1990 तक हांगकांग की यात्रा पर गए। श्री दीन दयाल, उप महाप्रबन्धक ने भी राष्ट्रमंडल सचिवालय, लंदन द्वारा प्रायोजित यूनाइटेड किंगडम में उद्यम पूंजी संगठन विषयक अध्ययन पाठ्यक्रम में दिनांक 1 मई, 1990 से 12 मई, 1990 तक भाग लिया।

13वां भाआवित्रि रजत जयन्ती स्मारक व्याख्यान

4.12 "विकास की अग्रणी भूमिका में एशिया का संपोषण: 1990 के दशक में चुनौतियां तथा अवसर" विषय पर एशियाई विकास बैंक के अध्यक्ष श्री किमीमासा तारुमिजु ने दिनांक 5 मई, 1990 को भाआवित्रि का तेरहवां रजत जयन्ती स्मारक व्याख्यान दिया। इस व्याख्यान में काफी बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे, और इसकी अध्यक्षता हाउसिंग डवलपमेंट फाइनेंस कारपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष श्री एच. टी. पारिख ने की।

संगठनात्मक गतिविधियां

4.13 भाआवित्रि क्रमिक रूप से कार्य के विकेन्द्रीकरण और अपने कार्यालयों तथा विभिन्न विभागों के प्रधानों को प्राधिकारों के प्रत्यायोजन की अपनी नीति पर अमल करता रहा।

4.14 प्रशिक्षण, प्रबन्ध सूचना पद्धति, अभिलेखों की माइक्रो-फिल्मिंग सहित अभिलेखों के रख-रखाव, जड़-सम्पत्ति का अर्जन एवं विक्रय, कंप्यूटरीकरण, अशक्तता लाभ, स्टाफ कल्याण, पुस्तकालय आदि से सम्बद्ध विषयों की योजना बनाने, उन्हें क्रियान्वित करने और उनकी देखरेख के लिए गठित भाआवित्रि के कार्मिकों की विभिन्न समितियां भाआवित्रि के क्रियाकलापों से संबंधित क्षेत्रों में पहले की ही भांति संतोषजनक ढंग से कार्य करती रहीं। सामरिक-नीति निर्धारित करने के साथ-साथ कार्यान्वयन योजनाओं और कार्यक्रमों को तैयार करने के उद्देश्य से जुलाई, 1990 में भाआवित्रि के वरिष्ठ कार्यपालकों का एक सम्मेलन भी आयोजित किया गया।

कार्मिक

4.15 मार्च, 1991 के अंत तक भाऔविनि में कार्मिकों (क्षेत्रीय, शाखा और अन्य कार्यालयों के स्टाफ सहित) की कुल संख्या 1,160 थी। मार्च, 1991 के अंत तक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, भूतपूर्व सैनिक और शारीरिक रूप से विकलांग कर्मचारियों की संख्या क्रमशः 183, 36 और 16 थी। उक्त तारीख तक महिला कर्मचारियों की संख्या 185 थी।

4.16 वर्ष के दौरान, भारत सरकार के अनुमोदन से भाऔविनि के अधिकारियों के वेतनमानों और भत्तों में संशोधन किया गया। इसी प्रकार कर्मकार स्टाफ के वेतनमानों और भत्तों में संशोधन के सम्बन्ध में भाऔविनि और अखिल भारतीय औद्योगिक वित्त निगम कर्मचारी संघ के बीच एक समझौता ज्ञापन पर दिनांक 5 सितम्बर, 1990 को हस्ताक्षर किए गए। वेतनमानों में उक्त संशोधन पूर्व-प्रभावी रूप में दिनांक पहली नवम्बर, 1987 से लागू किये गये, जिससे समस्त अधिकारी एवं कर्मकार स्टाफ लाभान्वित हुए।

मानव संसाधन विकास

4.17 मानव संसाधन विकास पर, संचालन समिति (प्रशिक्षण) द्वारा, जिसके अध्यक्ष महोदय स्वयं प्रधान हैं, समग्र दिशा-निर्देश और पथ-प्रदर्शन सहित, पहले की ही भांति अधिकाधीक ध्यान दिया जाता रहा। आन्तरिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान संगठन में उत्पादकता बढ़ाने के समय लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए कार्य-दक्षता में वृद्धि के अतिरिक्त अभिवृत्ति में परिवर्तन लाने तथा उपयोगी कार्य-संस्कृति को बढ़ावा देने पर अधिकाधिक बल दिया गया। भाऔविनि में मुख्य क्रियाकलापों के कंप्यूटरीकरण के साथ-साथ पर्सनल कम्प्यूटरों के, जिनमें इलैक्ट्रानिक डाटा प्रोसेसिंग विभाग द्वारा विकसित साफ्टवेयर एप्लिकेशनों का उपयोग किया जा रहा है, प्रयोग के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्रों पर विशेष बल दिया गया आंतरिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में, अन्यमहत्व पूर्ण क्षेत्रों, जैसे विदेशी मुद्रा परिचालनों, वित्तीय सेवाओं के विपणन, आर्थिक एवं वित्तीय विश्लेषण, सम्पत्तियों और देयताओं के प्रबन्ध आदि को भी शामिल किया गया।

4.18 वर्ष के दौरान, विभिन्न अवधि के 79 आन्तरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें से 32 कार्यक्रम प्रधान कार्यालय में तथा 24 कार्यक्रम पटना प्रशिक्षण केन्द्र में, 19 कार्यक्रम बम्बई प्रशिक्षण केन्द्र में और 4 कार्यक्रम अन्य क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों में आयोजित किए गए। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन में कुल मिलाकर 197 दिन प्रयोग में लाए गए। आन्तरिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में विभिन्न स्तरों के कुल मिलाकर 1,192 भागीदारों को (कई कर्मचारियों ने एक से अधिक कार्यक्रम में भाग लिया) प्रशिक्षण प्रदान किया गया। आन्तरिक प्रशिक्षण के अनुषंगी कार्यक्रम के रूप में और अन्य संस्थानों के विद्वानों एवं शिक्षाविदों के साथ विचार-विनिमय के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से प्रबन्ध विकास के लिए भाऔविनि द्वारा प्रायोजित संगठन—प्रबन्ध विकास संस्थान सहित देश के अन्य संस्थानों द्वारा आयोजित बाह्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों में स्टाफ के 69 सदस्यों ने भाग लिया।

4.19 भाऔविनि में नौकरी के लिए आवेदन देने वाले अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों के भर्ती-पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में भी भाऔविनि सरकार के मार्ग-निर्देशों पर निरन्तर अमल करता रहा।

4.20 रुग्ण इकाइयों के पुनर्स्थापन के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की वाणिज्यिक बैंकों और वित्तीय संस्थानों के बीच समन्वय की योजना के अधीन भाऔविनि ने वर्ष के दौरान वाणिज्यिक बैंकों के पांच अधिकारियों को अपने पुनर्स्थापन वित्त विभाग में कार्य एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण की सुविधाएं उपलब्ध कराईं।

इलैक्ट्रानिक डाटा प्रोसेसिंग तथा संप्रेषण प्रणाली

4.21 पिछले वर्ष की वार्षिक रिपोर्ट में भाऔविनि द्वारा प्रधान कार्यालय में यूनिक्स वातावरण में काम करने वाले आईबीएम आईएम-6040 मेनफ्रेम, ईएसपीएल मिनी सिस्टम, डाट मैट्रिक्स प्रिंटर्स और नेटवर्क-।। सहित पर्सनल कम्प्यूटर तथा भाऔविनि के सभी क्षेत्रीय एवं शाखा कार्यालयों में ईएसपीएल द्वारा सप्लाई किए गए पर्सनल कंप्यूटरों, डम्ब टर्मिनल्स, आदि, सहित मिनी सिस्टम्स स्थापित करने का उल्लेख किया गया था। वर्ष के दौरान, अधिकारियों को डेस्क स्तर पर कम्प्यूटिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु, निगम के प्रधान कार्यालय तथा क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों में डाट मैट्रिक्स प्रिंटर्स सहित 29 पर्सनल कम्प्यूटर लगाए गए अचानक बिजली चले जाने के कारण इस प्रणाली के डिस्क में उत्पन्न होने वाले अवरोध से बचने के लिए बीस मिनट की बैटरी पैकेज वाली यूपीएस प्रणाली भी समस्त स्थानों पर लगाई गई।

4.22 वर्ष के दौरान, यूनिक्स वातावरण में रुपया ऋण लेखांकन, सामान्य वित्तीय लेखांकन, विदेशी मुद्रा ऋण लेखांकन, परियोजना सूचना पद्धति के क्षेत्रों में विकसित एप्लिकेशन साफ्टवेयरों को प्रयोग करने वालों के लिए प्रणालियों को अधिक सरल एवं प्रभावी बनाने हेतु विभिन्न संकेत देकर उन्हें संशोधित किया गया, ताकि सम्बन्धित व्यक्ति अपेक्षाकृत और अधिक कारगर ढंग से इन पैकेजों का उपयोग कर सकें। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षण कार्यों, अवकाश का हिसाब रखने, भर्ती आदि सहित व्यक्तिगत सूचना प्रणाली के पैकेजों का कार्यान्वयन, बैंक समाशोधन, चिकित्सा बिलों, यात्रा भत्ता बिलों, वित्तीय सेवाओं के लिए लेखांकन पद्धतियों तथा विदेशी मुद्रा संसाधनों तथा परिचालन विभाग के कार्यों के स्वचालन के लिए नए पैकेजों का विकास किया गया।

4.23 इस वर्ष की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि यह रही, कि निगम के विभिन्न कार्यालयों में स्थापित कंप्यूटर पद्धतियों के नेटवर्क के बारे में एक व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करने के लिए सीएमसी लिमिटेड को ठेका दिया गया। इसके अतिरिक्त प्रधान कार्यालय में यूनिक्स वातावरण में मल्टीयूजर्स मोड में काम करने वाली कंप्यूटरीकृत टेलेक्स पद्धति भी लगाई गई, जिसके माध्यम से इसके विभिन्न विभागों में स्थापित पर्सनल कंप्यूटर टर्मिनलों पर विभिन्न डेस्क अधिकारियों को सीधे ही टेलेक्स संदेश भेजने की सुविधा उपलब्ध करायी गयी। इसके अतिरिक्त भाऔविनि के प्रधान कार्यालय तथा बंगलौर शाखा कार्यालय में कन्वेंशनल फैक्स मशीनों के अलावा पर्सनल कम्प्यूटर पर आधारित नवीनतम फैक्स सिस्टम भी स्थापित किए गए।

स्टाफ के लिए कल्याण कार्य

4.24 भाऔविनि के स्टाफ कल्याण क्षेत्रों में सामाजिक सुरक्षा, आवास एवं चिकित्सा सुविधाएं अनिवार्य संघटक बने रहे। स्टाफ कल्याण निधि, जिसमें वर्ष के दौरान वृद्धि की

गई, स्टाफ कल्याण की गतिविधियों का मूल आधार बनी रही। वर्ष के दौरान, स्टाफ कल्याण निधि के अंतर्गत प्रशासित निवर्तमान कल्याण योजनायें पुन: अतिरूपित की गई, और उनमें अनेक सुधार किए गए। यह 1 जनवरी 1991 से लागू कर दिए गए।

खेल-कूद और जन-कल्याण कार्यों हेतु अंशदान

4.25 वर्ष के दौरान, भाऔविनि ने मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्तियों के लिए मद्रास में आयोजित राष्ट्रीय विशेष ओलिम्पिक खेल-कूद, 1991 की आयोजक समिति को 2 लाख रुपए का अंशदान दिया। स्वास्थ्य, स्वच्छता और अन्य सामुदायिक कल्याण कार्यों के लिए अदेही पब्लिक चैरिटेबल (एजुकेशनल) ट्रस्ट, बम्बई को 75,000/- रुपए का अंशदान दिया गया। इसी वर्ष अखिल भारतीय बधिर स्पोर्ट्स कौंसिल, नई दिल्ली, तथा इण्डियन एसोसिएशन आफ फिजीकल मेडिसिन एण्ड रिहेबिलिटेशन, नई दिल्ली, को भी अपने-अपने क्षेत्रों में कार्य करने हेतु अंशदान दिया गया।

अम्बेडकर जन्म शताब्दी समारोह

4.26 भारत रत्न, बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर जन्म शताब्दी के अवसर पर, 1990-91 के वर्ष को देश भर में 'सामाजिक न्याय वर्ष' के रूप में मनाया गया। कृतज्ञ राष्ट्र ने भारतीय संविधान के शिल्पी, दलितों के मसीहा तथा समता एवं स्वतंत्रता के उन्नायक, डा. भीमराव अम्बेडकर जन्म शताब्दी समारोह उपयुक्त रूप से मनाने का निर्णय लिया।

4.27 भाऔविनि ने वर्ष के दौरान डा. अम्बेडकर जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर प्रधान कार्यालय सहित अपने विभिन्न क्षेत्रीय एवं शाखा कार्यालयों में हिन्दी तथा अंग्रेजी निबन्ध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। सामाजिक न्याय वर्ष के अवसर पर इस आशुनिबन्ध प्रतियोगिता का विषय था—''भारत के सामाजिक सुधार में डा. भीमराव अम्बेडकर का योगदान'', जिसकी घोषणा प्रतियोगिता के समय ही की गई। इन प्रतियोगिताओं में कुल मिलाकर स्टाफ के चवालिस सदस्यों ने (अधिकारियों सहित) भाग लिया, जिनमें से हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को अम्बेडकर शताब्दी समारोह के समापन उत्सवों के अवसर पर पुरस्कृत किया गया।

परिसर

4.28 वर्ष के दौरान, भाऔविनि के हैदराबाद और गुवाहाटी क्षेत्रीय कार्यालय अपने-अपने परिसर में स्थानान्तरित हो गए। इस प्रकार अब भाऔविनि के 20 कार्यालयों में से 11 कार्यालय अपने-अपने भवनों में स्थित हैं।

4.29 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में, भाऔविनि द्वारा दिल्ली विकास प्राधिकरण से नेहरू प्लेस, नई दिल्ली में एक भूखण्ड लिये जाने का उल्लेख किया गया था। ताकि इसके निगमित कार्यालय को, जो इस समय चार अलग-अलग स्थानों पर है, एक ही स्थान पर रखा जा सके। फरवरी, 1990 में जमीन के उक्त प्लाट के अधिग्रहण करने के पश्चात् एक 21-मंजिला कार्यालय परिसर हेतु नक्शे बनाने का काम आरम्भ किया गया और उसे पूरा किया गया। कार्यस्थल पर मिट्टी की खुदाई का काम आरम्भ हो चुका था।

हिन्दी का प्रगामी प्रयोग

4.30 शासकीय कामकाज में हिन्दी के प्रयोग में प्रगामी अभिवृद्धि के लिए, भारत सरकार की नीति के अनुरूप, भाऔविनि ने हिन्दी के प्रयोग को अधिकतम सीमा तक बढ़ाने के लिए विभिन्न उपायों को सुदृढ़ किया। इसके लिये वर्ष 1990-91 में एक कार्य योजना बनाई गई, और इसे कार्यान्वित किया गया। आशुलिपिकों को हिन्दी आशुलिपिक में प्रशिक्षित करने का लक्ष्य प्राप्त करने के उद्देश्य से इस वर्ष हिन्दी आशुलिपि का विभागीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरम्भ किया गया। जो अधिकारी और कर्मचारी हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान नहीं रखते थे, उनके लिए भारत सरकार की हिन्दी शिक्षण योजना के अधीन प्रदत्त सुविधाएं उपलब्ध कराने के अतिरिक्त, सेवाकालीन हिन्दी प्रशिक्षण कक्षाएं आयोजित करने की विशेष व्यवस्था की गई। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान पहली बार भाऔविनि के कलकत्ता कार्यालय में हिन्दी की विशेष कक्षाएं आरम्भ की गई। भाऔविनि के अधिकारियों और स्टाफ को हिन्दी में प्रशिक्षण देने के लिए दिल्ली और बम्बई में हिन्दी कार्यशालाएं आयोजित की गई, जिनमें हिन्दी में उपयुक्त टिप्पण तथा प्रारूपण पर विशेष ध्यान दिया गया।

4.31 प्रधान कार्यालय सहित भाऔविनि के प्रत्येक क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों में गठित राजभाषा कार्यान्वयन समितियां हिन्दी के प्रयोग पर निरन्तर निगरानी रखती रहीं, और सम्बद्ध कार्यालयों में हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने के लिए सुझाव देती रहीं। प्रधान कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की सिफारिशों पर हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने हेतु प्रधान कार्यालय के विभिन्न विभागों/प्रभागों में 'नोडल प्वाइंट' गठित किए गए। भाऔविनि के क्षेत्रीय/शाखा कार्यालय भारत के विभिन्न नगरों में गठित नगर-स्तरीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों में सक्रिय रूप से हिस्सा लेते रहे।

4.32 पहले की भांति, समीक्षाधीन वर्ष के दौरान सभी प्रशासन परिपत्र, परिचालन परिपत्र, कार्यालय आदेश, अधिसूचना, विज्ञापन तथा सामान्य आदेश द्विभाषिक रूप में जारी किए गए। हिन्दी के प्रयोग को बढ़ाने के लिए भाऔविनि के विभिन्न कार्यालयों में द्विभाषिक टेलेक्स, टाइपराइटर तथा पर्सनल कंप्यूटर लगाए गए।

4.33 भाऔविनि के प्रधान कार्यालय तथा विभिन्न क्षेत्रीय/शाखा कार्यालयों में हिन्दी दिवस मनाने हेतु विशेष समारोह आयोजित किए गए। इनमें सरकारी काम हिन्दी के प्रयोग पर संगोष्ठी, निबन्ध-प्रतियोगिताएं तथा हिन्दी में वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, तथा इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को उपयुक्त रूप से पुरस्कार प्रदान किए गए।

4.34 भाऔविनि ने सितम्बर, 1990 में आयोजित द्वितीय अखिल भारतीय बैंक राजभाषा सम्मेलन में भाग लिया। इस अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी में भाऔविनि को उसके द्वारा प्रदर्शित उत्कृष्ट हिन्दी प्रकाशनों के लिए प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। भाऔविनि ने केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद् द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया, तथा इसके दस कर्मचारियों को प्रशंसा-पत्र एवं सर्वोत्तम प्रविष्टि हेतु एक को नकद पुरस्कार प्राप्त हुआ। भाऔविनि के उत्तर-पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय, गुवाहाटी को राजभाषा अधिनियम के प्रावधानों के कार्यान्वयन तथा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग में इसके योगदान के लिए प्रसिद्ध असमी साहित्यकार विद्वान

एवं साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डा. बीरेन्द्र कुमार भट्टाचार्य के कर-कमलों से भारत सरकार की राजभाषा ट्राफी प्रदान की गई।

आभार

4.35 निदेशक बोर्ड भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, निदेशालयों, विभागों, भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक तथा अन्य अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों, वाणिज्यिक बैंकों, भाऔविनि के शेयरधारियों, बांड-धारकों तथा जमाकर्ताओं, सहयोगी पूंजीगत-वित्त तथा मर्चेंट बैंकिंग संगठनों, विभिन्न राज्य सरकारों, राज्य स्तर की विभिन्न वित्तीय एवं प्रवर्तन अभिकरणों, आदि, से प्राप्त सहायता, सहयोग और समर्थन के लिए उनके प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करता है।

4.36 निदेशक बोर्ड भाऔविनि द्वारा विदेशों में स्थित विभिन्न वित्तीय संस्थानों, विशेष रूप से विश्व बैंक, आर्थिक विकास संस्थान, एशियाई विकास बैंक, एशिया एवं प्रशान्त के विकास वित्तीय संस्थानों के संघ, जर्मन गणराज्य के क्रीदितांस्तल्त-फर-वाइडरफबउ और अनेकों विदेशी समवर्ती बैंकों तथा अन्य अन्तर्राष्ट्रीय बैंकिंग समुदाय के सदस्यों से प्राप्त निरन्तर सहयोग के लिए भी और अधिक आभारोक्ति प्रकट करता है।

4.37 निदेशक बोर्ड, निगम के सभी स्तर पर स्टाफ के समस्त सदस्यों द्वारा समीक्षाधीन वर्ष के दौरान निष्ठा एवं समर्पण भाव से की गई सेवाओं के लिए भी, उनकी सराहना अंकित करते हुए, प्रसन्नता व्यक्त करता है।

डी. एन. डावर
अध्यक्ष

परिशिष्ट-I

1990–91 के दौरान चुने हुए उद्योगों की विस्थापित क्षमता, उत्पादन और क्षमता उपयोग का विवरण

(कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े इकाइयों की संख्या के द्योतक हैं)

क्रम सं०	उत्पाद	माप इकाई	1990–91 में स्थापित क्षमता और उत्पादन					
			सम्पूर्ण देश के सम्बन्ध में			निगम की वित्तपोषित संस्थाओं के सम्बन्ध में		
			विस्थापित क्षमता और इकाइयों की संख्या	1990–91 में अनुमानित उत्पादन	प्रतिशत क्षमता उपयोग	विस्थापित क्षमता और इकाइयों की संख्या	1990–91 में अनुमानित उत्पादन	प्रतिशत क्षमता उपयोग
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1.	चीनी	लाख टन	96.84 (401)	102.49*	105.83	14.4 (60)	12.14	84.31 —
2.	सूती धागा (मिल क्षेत्र)		7.70 मिलियन तकुए (770)	1459.07 मिलियन कि. ग्राम	—	6.00 मिलियन तकुए (160)	431.10 मिलियन कि. ग्राम	—
3.	सूती वस्त्र (मिल क्षेत्र)		2.81 लाख खड्डियां (281)	2594.24 मिलियन मीटर	—	0.48 लाख खड्डियां (58)	1211.4 मिलियन मीटर	—
4.	पटसन वस्त्र	लाख टन	17.00 (73)	14.25	83.82	0.52 (2)	0.36	69.23
5.	कागज और गत्ता	लाख टन	29.48 (305)	23.00	78.02	8.75 (29)	5.72	65.37

*[illegible] 22 अप्रैल, 1991 तक की अवधि का है।
अन्य उत्पादों के लिए उत्पादन आंकड़े अप्रैल 1990 से मार्च, 1991 के हैं।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
6.	रेयन पल्प	लाख टन	1.96 (5)	2.15	109.69	0.33 (1)	0.41	124.24
7.	अखबारी कागज	लाख टन	3.00 (5)	2.86	95.33	0.75 (1)	0.79	105.33
8.	प्लाईवुड	मिलियन वर्ग मी०	199.04 (61)	77.58	65.17	53.80 (5)	18.06	33.57
9.	सीमेंट	मिलियन टन	62.00 N.A.	48.70	78.55	46.34 (76)	39.72	83.56
10.	नाइट्रोजन उर्वरक	लाख टन	81.48 (47)	70.60	86.65	11.14 (4)	6.11	54.85
11.	फॉस्फेटिक उर्वरक	लाख टन	28.44 (20)	22.36	78.62	6.60 (10)	7.73	117.12
12.	कास्टिक सोडा	लाख टन	11.27 (40)	9.65	85.63	2.37 (8)	2.36	99.58
13.	सोडा एश	लाख टन	14.59 (7)	13.90	95.27	5.60 (4)	4.57	81.61
14.	कैल्शियम कार्बाइड	लाख टन	2.15 (7)	0.91	42.33	0.78 (3)	0.33	42.31
15.	एसिटिक एनहाइड्राइड	हजार टन	36.13 (13)	24.62	68.14	0.12 (1)	0.11	91.67
16.	एसिटिक एसिड	लाख टन	1.05 (21)	0.77	73.33	0.08 (2)	0.06	75.00
17.	कार्बन ब्लैक	लाख टन	1.80 (8)	1.17	65.00	1.07 (4)	0.58	54.21
18.	तरल क्लोरीन	लाख टन	5.85 (29)	3.39	57.95	1.52 (7)	0.98	64.47
19.	नायलोन फिलामेंट धागा	हजार टन	97.60 (13)	36.75	37.65	0.14 (5)	0.11	78.57
20.	नायलोन टायर कार्ड	हजार टन	30.13 .A.	40.56	134.6	0.12 (3)	0.13	108.33
21.	पालिएस्टर फिलामेंट धागा	हजार टन	173.52 (19)	167.71	96.65	2.21 (10)	1.98	89.59
22.	पालिएस्टर स्टेपल फाइबर	हजार टन	230.06 (10)	125.85	54.70	0.25 (3)	0.19	76.00
23.	विस्कोस स्टेपल फाइबर	हजार टन	178.30 (4)	145.69	81.71	2.97 (3)	2.52	84.85
24.	ऑटो टायर	लाख संख्या	288.28 (24)	220.80	76.59	60.39 (8)	42.83	70.92
25.	ऑटो ट्यूबें	लाख संख्या	200.73 (26)	192.00	95.65	32.64 (4)	21.81	66.82

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
26.	रबर गर्मीनिरोधक	मिलियन संख्या	1193.00 (5)	1039.00	87.1	808.00 (2)	720.00	89.11
27.	पुनर्प्रयोग की गई रबर	हजार टन	50.00 (14)	51.43	102.8	0.13 (2)	0.07	55.72
28.	खालों से तैयार चमड़ा	लाख संख्या	106.68 (42)	65.48	61.38	6.20 (4)	4.41	71.13
29.	त्वचा से तैयार चमड़ा	लाख संख्या	644.76 (65)	314.11	48.7	20.90 (3)	13.24	63.35
30.	कांच की शीटें	मिलियन वर्ग मी०	45.79 (9)	43.00	93.91	12.67 (4)	10.12	79.88
31.	फाइबर ग्लास	हजार टन	6.34 (5)	5.81	91.64	0.51 (2)	0.35	69.01
32.	कांच की बोतलें और विविध कांच का सामान	लाख टन	6.51 (27)	6.87	105.5	0.77 (2)	0.51	66.23
33.	कृत्रिम डिटर्जेंट	हजार टन	414.52 (23)	243.84	58.8	0.07 (1)	0.01	14.29
34.	साबुन	हजार टन	427.24 (53)	417.33	97.7	0.26 (1)	0.07	26.92
35.	फैटी एसिड	हजार टन	210.65 (25)	152.46	72.4	0.10 (1)	0.05	50.00
36.	ग्लिसरीन	हजार टन	40.58 (23)	20.14	49.69	0.18 (1)	0.01	16.11
37.	रिफ्रेक्ट्रीज	लाख संख्या	16.00 (71)	11.20	70.00	2.29 (8)	1.62	70.74
38.	सिरेमिक टाइल्स	लाख टन	3.65 (23)	3.52	96.44	1.34 (4)	0.84	62.69
39.	विस्फोटक	हजार टन	230.00 (22)	128.36	55.81	0.26 (3)	0.14	53.85
40.	आक्सीजन	एससीएम	226.03 (190)	169.42	74.95	149.87 (5)	99.84	66.62
41.	घड़ियां	मिलियन संख्या	183.80 (16)	128.97	70.17	8.88 (2)	16.36	184.23
42.	बिक्री योग्य स्टील	लाख टन	116.70 (6)	120.40	103.17	22.39 (3)	20.36	90.93
43.	स्टील इंगोट्स/बिल्लेट्स	लाख टन	56.31 (173)	48.54	86.20	21.46 (24)	14.58	67.94
44.	स्टील गढ़ाई	लाख टन	4.21 (85)	1.99	47.27	1.05 (8)	0.88	95.24

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
45.	स्टील ढलाई	लाख टन	3.13 (90)	2.48	79.2	0.64 (7)	0.51	79.69
46.	शीत कृत इस्पात पत्तियां	लाख टन	15.00 (57)	5.70	38.00	2.67 (11)	1.68	62.92
47.	स्पौन्ज आयरन	लाख टन	6.00 (5)	4.20	70.00	3.30 (2)	2.47	74.85
48.	दुपहिये	लाख संख्या	32.00 (24)	16.87	52.72	29.50 (4)	27.76	94.10
49.	वाणिज्यिक वाहन	लाख संख्या	2.64 (13)	1.76	66.67	1.90 (4)	0.54	28.42
50.	कारें	लाख संख्या	2.16 (5)	2.12	98.15	0.60 (1)	0.30	50.00
51.	वी० बेल्ट्स	लाख संख्या	185.00 (20)	146.90	79.4	12.00 (1)	11.92	99.30
52.	कन्वेयर बेल्ट्स	हजार टन	9.00 (9)	16.47	183.0	2.38 (1)	2.68	112.60
53.	जी०एल०एस० लेम्प्स	मिलियन संख्या	343.00 (20)	305.63	89.11	61.76 (9)	51.31	83.08
54.	फ्लोरेसेन्ट ट्यूबें	मिलियन संख्या	777.00 (18)	683.92	88.02	5.00 (1)	4.88	97.60
55.	पॉवर एवं वितरण ट्रांसफार्मर्स	मिलियन किलोवाट्स	44.28 (32)	40.20	90.79	10.10 (3)	6.09	60.30
56.	इलैक्ट्रिकल पंख	लाख संख्या	76.00 (17)	49.26	64.82	3.00 (1)	1.23	41.00
57.	डीजल इंजिन	हजार संख्या	336.00 (34)	269.38	80.17	50.56 (7)	24.06	47.59
58.	ट्रैक्टर	हजार संख्या	126.10 (20)	134.83	106.92	0.71 (2)	0.76	107.04
59.	पावर टिलर्स	हजार संख्या	16.00 (5)	5.50	34.37	0.05 (1)	0.03	60.00
60.	होटल	लाख संख्या@	160.00 (694)	107.43	67.14	10.97 (20)	7.96	72.56

@ कालम 4 और 7 तथा 5 और 8 में क्रमशः किराये के लिए खाली कमरों तथा भरे हुए कमरों की संख्या दी गई है ।

परिशिष्ट-II

1990-91 (अप्रैल-मार्च) के दौरान भाऔविनि द्वारा वित्तपोषित नई, विस्तार एवं विशाखन परियोजनाओं का प्रत्यक्ष आर्थिक योगदान

(करोड़ रुपये)

उद्योग	परियोजनाएं	कुल पूंजी लागत	संभावित प्रत्यक्ष रोजगार	उत्पाद मूल्य	सकल मूल्य वृद्धि	क्षमता प्रतिवर्ष
	सं०	रु०	सं०	रु०	रु०	
1	2	3	4	5	6	7
चीनी	22	605.59	12,317	575.88	163.64	9.74 लाख टन चीनी
खाद्य पदार्थों की प्रोसेसिंग	14	172.87	2,266	353.03	109.79	45,000 टन सोयाबीन की प्रोसेसिंग, 15,000 टन पशु चारे की प्रोसेसिंग, 99.6 मिलियन शीतल पेय बोतलों की बोतलबंदी, 6,000 टन नूडल्स, 19,800 टन वनस्पति, 9,000 टन आम का रस, 24,000 टन अपरिष्कृत खाद्य तेल का परिशोधन, 3,370 टन आलू के चिप्स, 5,616 टन गेंहूं की भूसी से निर्मित उत्पाद, 2000 टन शीतल पेय रस, 7,380 टन टमाटर पेस्ट, 2,880 टन फल सब्जी उत्पाद, 800 टन मशरूम की प्रोसेसिंग, 26 लाख कबाब तैयार करना एवं उनकी प्रोसेसिंग करना, 72,200 टन फलों तथा 4,000 टन एकवा (मछली) खाद्य की प्रोसेसिंग
वस्त्र	29	368.97	5,611	402.36	136.38	1.94 लाख तकुए, 1,128 रोटर्स, 172 करघे, 79.42 लाख मीटर कपड़ा, 5,136 टन फिलामेंट यार्न की टेक्सचराईजिंग तथा 404.9 लाख मीटर कपड़े की प्रोसेसिंग ।
कागज एवं कागज उत्पाद	7	103.53	1,236	86.05	32.41	18,975 टन लिखाई एवं छपाई कागज, 20,130 टन क्राफ्ट पेपर, 8,250 टन कोटिड कागज, 6,000 टन डुप्लेक्स/ ट्रिप्लेक्स बोर्ड, 4,950 टन इलैक्ट्रिकल ग्रेड इंसुलेशन स्पेशेलिटी कागज तथा 240 लाख लेमिनेटिड कम्पोजिट कंटेनर्स ।
उर्वरक	1	12.95	24	20.49	7.47	66,000 टन सिंगल सुपर फास्फेट ।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
रसायन एवं रसायन उत्पाद	44	956.41	4,857	791.12	309.99	38,000 टन सल्फ्यूरिक एसिड, 6,000 टन फूड ग्रेड फास्फोरिक एसिड, 1,000 टन एंटीमनी ट्राईआक्साइड, 4,200 टन एसीटिक एंहाईड्राइड, 3,960 टन आक्सलिक एसिड, 5,300 टन एलिफेटिक-अमाइंस, 6,000 टन एसीटिक एसिड, 3,900 टन वेटानेपेथोनॉल, 720 टन एमिनो एसिड, 6,000 टन एसीटलडिहाइड, 3,100 टन इथाइल एसिटेट 5,500 टन साइंट्रिक एसिड मोनोहाइड्रेड, 58.55 लाख घन मीटर आक्सीजन गैस, 99 लाख लिटर औद्योगिक अल्कोहल, 66,000 टन चावल भूसी/सोयाबीन, आदि की प्रोसेसिंग, 53,000 टन एथिलीन आक्साइड मोनोथिलीन ग्लाइकोल, 1,000 टन निकल केटेलिस्ट, 3,300 टन पोटेशियम क्लोरेट, 3,400 टन ओर्थो नाईट्रोक्लोरोबेंजीन, 5,250 टन पेरा नाइट्रोक्लोरोबेंजिन, 2,355 टन डिस्पर्स डाइयां, 1,000 टन एमुलशन विस्फोटक, 300 टन अल्फा फिनाइल ग्लाईसीन आधारित नमक, 604 टन दवाइयां, 350 टन वैट डाइयां, 24,000 टन फेथेलिक एन्हाइड्राइड, 1,845 टन रियेक्टिव डाइयां, 195 टन 6 एपीए एवं 7 एडीसीए, 250 टन इलैक्ट्रोप्लेटिंग रसायन, 9,000 टन कंडक्टिव ग्रेड ब्लैक कार्बन, 1,800 टन बेंजॉइक एसिड, 1,800 टन सोडियम बेंजोनेट, 1,000 टन कैम्फर, 36,000 टन लिग्नोसल्फोनेट, 1,000 टन एक्रीलिक बाइंडर्स, 10,000 टन सिन्थेटिक रूटाइल, 132 लाख बोतलें इंट्रावीनस, फ्लुइड, ओरल पोलियों की दवाई की 100 मिलियन खुराकें, पोलट्री टीके की 274.5 मिलियन खुराकें तथा 30,000 टन डिटर्जेंट बार तथा पाउडर।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
कृत्रिम रेशे	6	684.80	2,152	538.95	301.34	10,200 टन पोलिएस्टर चिप्स, 18,150 टन पी० ओ० वाई०, 25,000 टन विशिष्ट पोलिएस्टर फिलामेंट धागा, 9,524 टन पोलिएस्टर/पोलीप्रोपीलीन फिलामेंट धागा ।
